# पेंटिंग बनाकर किया जागरूक



संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट ने सेक्टर-55 के बरातघर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया

■ एनबीटी न्यूज, नोएडा

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को विभिन्न संगठनों ने शहर में कई कार्यक्रम किए। इनमें पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के लिए जागरूकता पर बल दिया गया। साथ ही लोगों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए वन, झील, नदी और वन्य जीवों की रक्षा करने की शपथ ली। सेक्टर-6 के इंदिरा गांधी कला केंद्र में वन रिपब्लिक लिस्ट फाउंडेशन के कार्यक्रम में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, पौधरोपण, वृक्षों को कटने से रोकने, कागज संरक्षण, ध्वनि प्रदूषण नियन्त्रण और वैकल्पिक ऊर्जा को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. योगेंद्र नारायण ने की। इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक पंकज सिंह और विशिष्ट अतिथि सीईओ आलोक टंडन ने शिरकत की। विधायक पंकज सिंह ने गिरते भू गर्भ जल स्तर कहा कि पानी को बचाने को हम लोगों को प्रयास करने होंगे। क्योंकि यह जीवन का अनमोल रत्न है और जल संरक्षण मनुष्य की जरूरत के साथ साथ कर्तव्य भी है। सीईओ आलोक टंडन ने कहा कि प्रदूषण से हो रहे नुकसान से बचाने के लिए लोगों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझना होगा। हम सभी को पर्यावरण को बचाने के लिए आगे आना होगा और अपनी भागीदारी निभानी होगी।

वहीं सेक्टर-35 के मोरना रोडवेज डिपो में एआरएम सतेंद्र कुमार वर्मा ने विभिन्न प्रजातियां नीम, गुडहल, गुलमोहर, फाईकस, चांदनी के पौधे लगाए। इस दौरान ड्राइवरों ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। एआरएम सतेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि हमारे शास्त्रों में भी प्रकृति को बचाने का उपदेश दिया गया है। अथर्ववेद में स्पष्ट लिखा है कि जो प्रकृति का नुकसान करता है वह अपराधी है और जो प्रकृति की रक्षा करता है, वह स्वर्ग पाने का अधिकारी है।

उत्तर प्रदेश केसरी
13 अप्रैल, 2018, शुक्रवार

# बच्चों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

नोएडा,(पंजाब केसरी): सेक्टर-6 स्थित एनईए सभागार में गुरुवार को संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट ने अपना स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उमदा कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया गया। साथ ही, बच्चों ने विभिन्न तरह की प्रस्तुतियां देकर पर्यावरण संरक्षण से लेकर पढ़ाई पर विशेष जोर देने के प्रति लोगों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान ट्रस्ट की प्रमुख रेखा शर्मा ने बताया कि करीब सात साल के सफर में उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन संघर्ष के बावजूद उनके अंदर समाज के लिए कुछ करने की लालसा हमेशा बनी रही। यही वजह है कि उन्होंने पर्यावरण संरक्षण से लेकर समाज के गरीब तबके के बच्चों में शिक्षा की अलख जगाने के प्रति काम किया, जो आज एक मुकाम तक पहुंचा है। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉक्टर बीएस चौहान ने भी ट्रस्ट के कार्यों की जमकर सराहना की। इस दौरान पूर्व विधायक विमला बाथम भी उपस्थित रहीं। उन्होंने भी ट्रस्ट से इसी तरह कार्य करते रहने का आह्वान किया। इस दौरान पत्रकारिता क्षेत्र से जुड़े कई लोगों को अचीवर्स अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।



सेक्टर-6 स्थित एनईए सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते बच्चे।

अमर उजाला
नई दिल्ली
शुक्रवार, 13 अप्रैल 2018

# संकल्प संस्था ने मनाया स्थापना दिवस



नोएडा। भारत में 130 करोड़ की जनसंख्या पार हो गई है, लेकिन सरकारों ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया। जबकि सबसे पहले कदम उठाना चाहिए। जो भी विकास की योजनाएं बनाती हैं वो जनसंख्या के कारण कम पड़ जाते हैं। देश का अगर वास्तव में तेजी से विकास करना है तो जनसंख्या की बढ़ती रफ्तार को रोकना होगा। यह बातें बृहस्पतिवार को संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट के स्थापना दिवस पर सेक्टर-6 स्थित एनईए सभागार में मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ. बीएस चौहान ने कहीं। संस्था की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने गरीब बच्चों की शिक्षा, स्वच्छता अभियान, महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने समेत विभिन्न किए गए समाजसेवा के कार्यों के बारे में जानकारी दी। यहां

पंजाब केसरी

4

पहली नजर | 8 मार्च, 2018, गुरुवार

## सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



सेक्टर-22 स्थित आदर्श प्राथमिक विद्यालय में एक कार्यक्रम में शामिल पूर्व विधायक विमला बाथम। (छाया विकास)

नोएडा,(पंजाब केसरी): सेक्टर-22 स्थित आदर्श प्राथमिक विद्यालय शहादतपुर, चौड़ा में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक विमला बाथम मौजूद रहीं। कार्यक्रम का आयोजन संकल्प इंडिया चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया गया। ट्रस्ट की अध्यक्षा रेखा शर्मा ने बताया कि स्कूल में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने मक्खी व मच्छर बनकर गदंगी से होने वाले नुकसान व साफ-सफाई रखने के लिए अपने सहपाठियों को जागरूक किया। कार्यक्रम की शुरूआत छात्रों ने स्वच्छत भारत मिशन पर आधारित नाटक प्रस्तुत कर की। इसके बाद छात्राओं ने विभिन्न फिल्मी गानों में डांस प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी छात्र व छात्राओं को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक विमला बाथम द्वारा महिला दिवस के अवसर पर स्कूल की अध्यापिकाओं वंदना, पुष्पलता, रेखा चौधरी, रूबी,रूपी गुप्ता, सरिता आदि को सम्मानित भी करवाया गया।

नवोदय टाइम्स वीरवार, 8 मार्च, 2018

## स्वच्छता: बच्चे व अध्यापक सम्मानित

नोएडा, 7 मार्च (ब्यूरो): सेक्टर-22 स्थित आदर्श प्राथमिक विद्यालय में संकल्प इंडिया चेरिटेबल ट्रस्ट ने बुधवार को बच्चों और अध्यापकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरूआत पूर्व विधायक विमला बाथम ने की। कार्यक्रम की शुरूआत छात्रों ने स्वच्छ भारत मिशन पर आधारित नाटक प्रस्तुत कर की। इसके बाद छात्राओं ने विभिन्न गानों पर डांस भी किया। ट्रस्ट की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने बताया कि स्कूल के बच्चों को सफाई रखने और अध्यापकों को सफाई के प्रति जागरूक करने के लिए सम्मानित किया गया।



*संकल्प इंडिया चेरिटेबल ट्रस्ट ने किया अध्यापकों को सम्मानित।*

दैनिक जागरण नई दिल्ली, 8 मार्च 2018

## छात्रों ने दिया स्वच्छता का संदेश

जागरण संवाददाता, नोएडा : सेक्टर 22 स्थित आदर्श प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों ने स्वच्छता का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक विमला बाथम मौजूद थीं। कार्यक्रम का आयोजन संकल्प इंडिया चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया गया।

दैनिक भास्कर, नोएडा

गुरूवार, 8 मार्च 2018

## नन्हें बच्चों ने दिया स्वच्छता का संदेश

नोएडा। सेक्टर 22 स्थित आदर्श प्राथमिक विद्यालय शहादतपुर, चौड़ा में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक विमला बाथम मौजूद थीं। कार्यक्रम का आयोजन संकल्प इंडिया चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया गया। ट्रस्ट की अध्यक्षा रेखा शर्मा ने जानकारी देते हुये बताया कि स्कूल में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने मक्खी व मच्छर बनकर गदंगी से होने वाले नुकसान व साफ-सफाई रखने के लिये अपने सहपाठियों को जागरूक किया। कार्यक्रम की शुरूआत छात्रों ने स्वच्छत भारत मिशन पर आधारित नाटक प्रस्तुत कर की। इसके बाद छात्राओं ने विभिन्न फिल्मी गानों में डांस प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी छात्र व छात्राओं को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक विमला बाथम द्वारा महिला दिवस के अवसर पर स्कूल की अध्यापिकाओं वंदना, पुष्पलता, रेखा चौधरी, रूबी, रूपी गुप्ता, सरिता आदि को सम्मानित भी करवाया गया। कार्यक्रम में मंजुश्री, कुसुम जोशी, दीक्षा जोशी, रेणुका भट्ट, डॉली, सरगम, उषा आदि भी मौजूद थे।





सेक्टर-51 स्थित बालिका इंटर कालेज में किया पौधरोपण ● जागरण

...ले। इस दौरान शालू, रेणु, मधुरिमा, ...रोज, सुमन, संगीता, कोमल मिश्र, ...ना, शशि अधिकारी आदि मौजूद रहीं।

**तीज के मौके पर बनाया हर्बल गार्डन** : हरियाली तीज के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट सेक्टर 51 होशियारपुर स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पर ट्रस्ट द्वारा हर्बल गार्डन बनाया गया। मुख्य अतिथि डीआईओएस प्रवीण उपाध्याय ने हर्बल गार्डन का उद्घाटन किया।

उन्होंने बताया कि हर्बल गार्डन बनाने का उद्देश्य है कि स्कूली बच्चे इन पौधों के लाभ के बारे में जानें और अन्य लोगों को जागरूक करें।

हर्बल गार्डन में लेमनग्रास, भृंगराज, ब्राह्मी, अजवायन, बेसिल, इलायची, एलोवेरा समेत कई पौधे लगाए गए हैं। स्कूल की प्रधानाचार्य स्नेह लता ने इस प्रयास की सराहना करते हुए ट्रस्ट के लोगों का धन्यवाद दिया। इस अवसर पर ट्रस्ट की कुसुम लता, ऊषा सिंह, सीपी पाहवा, महावीर शर्मा, पद्मा दीक्षित, छाया राय आदि मौजूद रहीं।



# हर्बल गार्डन में लगाए भृंगराज और ब्राह्मी के पौधे

■ एनबीटी न्यूज, नोएडा : सेक्टर-51 होशियारपुर स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में संकल्प इंडिया फाउंडेशन ट्रस्ट ने बुधवार को हर्बल पार्क बनाया। इसमें भृंगराज और ब्राह्मी सहित अन्य पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीआईओएस प्रवीण उपाध्याय ने इस पार्क का उद्घाटन किया। ट्रस्ट की अध्यक्षा रेखा शर्मा ने बताया कि हर्बल गार्डन बनाने का उद्देश्य है कि स्कूली बच्चे इन पौधों के लाभ के बारे में जानें और अन्य लोगों को जागरूक करें। स्कूल की प्रिंसिपल स्नेह लता ने इस प्रयास की सराहना करते हुये ट्रस्ट के लोगों का धन्यवाद दिया। इस अवसर पर ट्रस्ट की कुसुम लता, ऊषा सिंह सी. पी. पाहवा, महावीर शर्मा, पद्मा दीक्षित, छाया राय मौजूद थे।



हिन्दुस्तान

**बालिका इंटर कॉलेज में हर्बल गार्डन बनाया** : तीज के अवसर पर सेक्टर-51 होशियारपुर स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में पौधे लगाए गए। संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से हर्बल गार्डन बनाया गया। गार्डन का उद्घाटन जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवीण उपाध्याय ने किया। गार्डन में भृंगराज, ब्राह्मी, अजवायनस, इलायची, एलोवेरा समेत अन्य सेहत के लिए फायदेमंद पौधे लगाए गए। कॉलेज की प्रधानाचार्या स्नेहलता ने इसे अच्छा प्रयास बताया। इस मौके पर रेखा शर्मा, कुसुम जोशी आदि मौजूद रहीं।

अमर उजाला
नई दिल्ली
शुक्रवार, 2 फरवरी 2018
10

## बच्चों को गुड और बैड टच के बारे में बताया

नोएडा। लड़कियों के साथ बढ़ते दुर्व्यवहार व अवांछित घटनाओं को देखते हुए संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट ने जागरूक करने का अभियान चलाया। ट्रस्ट की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने बताया कि अलग-अलग स्कूलों में 50 कार्यशालाएं आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस विषय पर पहली दो कार्यशाला बृहस्पतिवार को सेक्टर-22 में लिटिल एंजल स्कूल व सेक्टर- 12 स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित हुई। प्रशिक्षित एवं अनुभवी मनोवैज्ञानिक शशि चौधरी के संचालन में बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में बताया गया। पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए बच्चों व स्कूल स्टाफ को कपड़े से बने बैग वितरित किए। कार्यक्रम में लिटिल एंजल स्कूल की प्रधानाचार्या दीक्षा जोशी व सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य प्रकाश के अलावा रेनू छिब्बर, छाया राय व सरगम आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

नवभारत टाइम्स, नोएडा, शुक्रवार, 2 फरवरी 2018

## बच्चों को बताया गुड और बैड टच का फर्क

■ एनबीटी न्यूज, नोएडा : सेक्टर-22 स्थित लिटिल एंजल स्कूल में बच्चों के लिए की गई वर्कशॉप में गुड टच बैड टच की जानकारी दी गई। संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट की काउंसलर शशि चौधरी ने बच्चों को मॉडल दिखाकर गुड टच और बैड टच में भेद करना सिखाया। इस कार्यशाला में बच्चों के अभिभावक भी मौजूद रहे।

काउंसलर शशि चौधरी ने बच्चों को बताया कि अगर कोई उन्हें गलत तरीके से छुए या पहले ऐसा कर चुका हो तो तुरंत अपने अभिभावक, अध्यापक या प्रिंसिपल को बताएं। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि नहलाते समय आसान तरीके से बच्चे को गुड टच, बैड टच के बारे में सिखाया जा सकता है। किसी के छूने से उसकी मनोस्थिति का पता लगाया जा सकता है। बच्चा इसे पहचानता है, तो वह अपने आसपास के गलत शख्स को भी पहचान सकेगा।

सोमवार 05 जून 2017

हिन्दुस्तान 21



एक अस्पताल के सभागार में रविवार को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। ● हिन्दुस्तान

## पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया

नोएडा में रविवार को कैलाश अस्पताल सभागार में सूर्य संस्थान, संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट, अखिल भारतीय महिला परिषद की ओर से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें काव्य पाठ के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में डीएम बीएन सिंह, डॉ बीबी अवस्थी, डॉ. राम शरद गौड़ आदि मौजूद रहे।

|| दैनिक जागरण नई दिल्ली, 5 जून 2017

## फिल्म के जरिए दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

जासं, नोएडा : अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस से एक दिन पहले शहर की चार संस्थाओं द्वारा सेक्टर 27 स्थित कैलाश सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिला प्रशासन ने भी सहयोग किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी, पर्यावरण अधिकारी आदि मौजूद रहे। संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने बताया कि शहर की सूर्य संस्थान, प्राकृति व पर्यावरण संदेश व अखिल भारतीय महिला परिषद द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें एनिमेशन फिल्म और काव्यपाठ के जरिए लोगों को पर्यावरण संरक्षण और प्राकृति से जुड़ने का संदेश दिया गया। इस मौके पर संकल्प इंडिया के सदस्य चंदर प्रकाश पाल की किताब 'लिटिल ग्रीन वॅरियर' का विमोचन किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी बीएन सिंह, उत्तर प्रदेश प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. बीबी अवस्थी, उपजिलाधिकारी एचवी गिरीश मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राम शरण गौड़ ने की। इस मौके पर सभी मौजूद लोगों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली और पूर्व में लगाए गए पौधों के रोज देखभाल करने की बात कही।

नवभारत टाइम्स, नोएडा, सोमवार, 5 जून 2017 3

## पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम हुआ



■ एस, नोएडा : सेक्टर-27 स्थित कैलाश अस्पताल के सभागार में रविवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर सूर्या संस्थान, अखिल भारतीय महिला परिषद और संकल्प इंडिया चैरिटेबिल ट्रस्ट ने कार्यक्रम किया। इसमें वैशाली कला केंद्र के स्टूडेंट्स ने गंगा अवतरण की थीम पर ग्रुप डांस किया। पर्यावरण संरक्षण के संबंध में काव्य गोष्ठी हुई जिसमें दीपक श्रीवास्तव, बाबा कानपुरी, विपिन मिश्रा, अनिल मिश्रा व रक्षा शुक्ला ने हिस्सा लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि डीएम बी.एन. सिंह थे।

अमर उजाला
नई दिल्ली
बुधवार, 27 दिसंबर 2017
5

## 350 बच्चों को स्कूल यूनिफार्म के स्वेटर बांटे



नोएडा। संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट ने मंगलवार को चौड़ा स्थित आदर्श प्राथमिक विद्यालय सादातपुर में जरूरतमंद बच्चों को 350 स्वेटर बांटे। संकल्प संस्था की अध्यक्षा रेखा शर्मा ने बताया कि स्कूल में स्वेटर वितरण ऐना व आंजनेय की मदद से किया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य राज बाला ने संस्था द्वारा की गई पहल की प्रशंसा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की ओर से ओपी गोयल, सीपी पावा, उषा सिंह और शोभा ने विशेष सहयोग दिया। ब्यूरो

बुधवार 27 दिसंबर 2017
हिन्दुस्तान
20

## छात्रों को स्वेटर बांटे

नोएडा। चैरिटेबल ट्रस्ट ने मंगलवार को चौड़ा स्थित आदर्श प्राथमिक विद्यालय शाहदतपुर में 350 बच्चों को स्कूल ड्रेस के स्वेटर बांटे। अध्यक्षा रेखा शर्मा ने बताया कि कमजोर तबके के बच्चों को जरूरी सुविधाएं मुहैया कराना ट्रस्ट का मुख्य लक्ष्य है। स्कूल की प्रधानाचार्य राजबाला ने ट्रस्ट द्वारा छात्रों को स्वेटर वितरण करने की जमकर तारीफ की।

नवभारत टाइम्स
NBT
नवभारत टाइम्स, नोएडा, बुधवार, 27 दिसंबर 2017
5

फटाफट खबरें

## स्कूली बच्चों को बांटे स्वेटर

■ एनबीटी न्यूज, नोएडा : सेक्टर-22 चौड़ा गांव स्थित आदर्श प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को संकल्प चैरिटेबल ट्रस्ट ने 350 बच्चों को स्वेटर दिए। संस्था की अध्यक्षा रेखा शर्मा ने कहा कि सर्दी अपने चरम पर है, लेकिन अभाव में छोटे बच्चे घर से स्वेटर पहनकर नहीं आ रहे हैं। बच्चों की जरूरत को देखते हुए उन्हें स्वेटर बांटे गए हैं। स्कूल की प्रधानाचार्य राजबाला ने संस्था की इस पहल की प्रशंसा की। इस दौरान ऐना, आंजनेय, ओपी गोयल, सीपी पावा, ऊषा सिंह और शोभा मौजूद रहीं।

5 वीर अर्जुन, नई दिल्ली, 6 जनवरी, 2018

# संकल्प इंडिया चेरिटेवल ट्रस्ट ने गरीब बच्चों को बांटी स्वेटर

संगीता चौधरी

नोएडा : सर्दी अपने चरम पर है ऐसे में प्राथमिक व आदर्श विद्यालयों में स्वेटर के अभाव में छोटे बच्चे घर के स्वेटर पहनकर आ रहे है। बच्चों की जरूरत को देखते हुये संकल्प इंडिया चेरिटेबल ट्रस्ट ने चौडा स्थित आदर्श प्राथमिक विद्यालय शाहदत्तपुर में जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर बाटे। संकल्प संस्था की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने बताया कि स्कूल में स्वेटर वितरण ऐना व आंजनेय की मदद से किया गया। स्वेटर वितरण का उद्देश्य था कि बच्चे स्कूल आयें और अपनी ही युनिफार्म की स्वेटर पहनकर और सुंदर दिखे। बच्चों को सर्दी में सबसे ज्यादा जरूरत स्वेटर की ही है। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य राजबाला ने संस्था द्वारा उठाई गई इस पहल की प्रशंसा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की ओर से ओ पी गोयल, सी पी पावा, उषा सिंह, रेणुका भट्ट, ओ. पी गिरी, सी.पी पावा और शोभा ने विशेष सहयोग दिया।




Roxy

# निर्भया कांड के फैसले से समाज को जाएगा सख्त संदेश

जागरण संवाददाता, नोएडा : निर्भया कांड के चार वर्ष बाद सुप्रीम कोर्ट द्वारा चार अभियुक्तों की मौत की सजा बरकरार रखी गई है।

इससे समाज को कड़ा संदेश तो गया, लेकिन लोगों का कहना है कि कानून व्यवस्था को अपनी कार्रवाई और फैसला देने की प्रक्रिया को तेज करना होगा। प्रक्रिया में देरी होने से कई बार तथ्य कमजोर पड़ जाते हैं, जिससे फैसले पर असर पड़ता है। हालांकि शहर के निवासी फैसले से खुश हैं। साथ ही लोगों से अपील की कि वह अपने बच्चों और आसपास मौजूद लोगों को नैतिक शिक्षा देने और महिलाओं की सुरक्षा और उनके सम्मान को अपना कर्तव्य समझना चाहिए।



जिसकी उम्मीद की थी वैसा ही फैसला आया है। न्याय प्रणाली पर लोगों को पूरा भरोसा है। हालांकि न्याय प्रक्रिया में तेजी की जरूरत है जिससे फैसला जल्दी आए और समाज को संदेश सही वक्त पर मिले।

**रेखा शर्मा**, अध्यक्ष, संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट

इस फैसले से लोगों तक एक कड़ा संदेश गया है। ये ही सजा होनी चाहिए थी। महिलाओं का सम्मान और उनकी सुरक्षा लोगों को अपना कर्तव्य समझना चाहिए।

**सुनिता सिंह**, समाज सेविका



दैनिक जागरण
नई दिल्ली, 6 मई 2017

## चेतना मंच

मंगलवार, 02 मई 2017

### एनुअल चार्ज हर साल क्यों: रेखा

संकल्प इंडिया ट्रस्ट की अध्यक्ष श्रीमती रेखा शर्मा जिन्होंने स्वयं एक सरकारी स्कूल को गोद लिया हुआ है का मानना है कि यह बात बिल्कुल गलत है जो कि स्कूल मनमाने ढंग से फीस वृद्धि करते हैं। पब्लिक स्कूलों में हर साल एनुअल चार्ज ली जाती है जो कि गलत है, क्योंकि एनुअल चार्ज हर साल लेने का कोई औचित्य नहीं होता।



जनहित जागरण

www.janhitjagran.com

दैनिक जागरण के सात सरोकार

सुशिक्षित समाज जल संरक्षण जनसंख्या नियोजन गरीबी उन्मूलन नारी सशक्त...

तरक्की के इरादों को चाहिए आपकी सोच का...

दैनिक जागरण

25 अप्रैल 2017

www.jagran.com

# शिक्षा के क्षेत्र में अन्य जिलों को आईना दिखा रहा है गौतमबुद्ध नगर

...रण संवाददाता, नोएडा : गौतमबुद्ध ...र की पहचान एजुकेशन हब के रूप ...ी है। यहां एक साथ इतने शैक्षणिक ...थान हैं, जितने देशभर में कहीं नहीं हैं। ... वजह है कि जिले की साक्षरता दर ...ीय साक्षरता दर से ज्यादा तो है ही। ... ही महिला साक्षरता दर भी राष्ट्रीय ... ज्यादा।

...ौतमबुद्ध नगर की साक्षरता दर 82.2 ...द है। जबकि राष्ट्रीय दर 74.04 ...द है। इसी तरह महिलाओं की ...रता दर 72.78 फीसद है। राष्ट्रीय ...5.46 प्रतिशत है। दूसरी तरफ यहां ...मिक शिक्षा से उच्च शिक्षा का ड्रॉप ... रेट भी अन्य जिलों के मुकाबले ... कम है। कुल मिलाकर यह कहें कि ...बुद्ध नगर शिक्षा के क्षेत्र में देश को राह दिखा रहा है और कीर्तिमान स्थापित कर रहा है तो अतिशयोक्ति नहीं होगी।

**एजुकेशन हब के रूप में प्रसिद्ध जिले की साक्षरता दर राष्ट्रीय दर से कहीं ज्यादा, महिला साक्षरता दर भी अधिक**

**उच्च शिक्षा के बेहतर विकल्प** : वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार गौतमबुद्ध नगर की कुल जनसंख्या 16 लाख 74 हजार 714 है। अगर हम जनसंख्या के अनुपात में यहां उच्च शिक्षण संस्थानों की बात करें तो काफी बेहतर स्थिति है। जिले में 134 उच्च शिक्षण संस्थान हैं। जिसमें छह से अधिक विश्वविद्यालय भी शामिल हैं। इंजीनियरिंग-मैनेजमेंट समेत अन्य प्रोफेशनल कोर्स की पढ़ाई के लिए यहां के छात्रों के पास बेहतर विकल्प तो है ही। अन्य राज्यों के छात्र भी यहां पढ़ने आते हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले गैर सरकारी संस्थान : सूर्या संस्थान, नवरत्न फाउंडेशन, टीआरएस मेमोरियल एजुकेशन सोसायटी, भवानी शंकर विद्या केंद्र, एफएक्सबी इंडिया सुरक्षा, संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट, शिव शक्ति धाम मंदिर समिति, परिमल पाठशाला, श्री नारायण सांस्कृतिक चेतना न्यास एवं श्री चित्रगुप्त सभा ट्रस्ट, सनसाइन सोसायटी।

**फैला रहे हैं शिक्षा का उजियारा:**

**रेखा शर्मा** : रेखा शर्मा पिछले पांच साल से संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट का संचालन कर रही हैं। इस ट्रस्ट के माध्यम से वह आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रही हैं। एक स्कूल भी गोद ले रखा है। यहां पानी, टॉयलेट आदि की व्यवस्था की है।



रेखा शर्मा



ऋषिपाल अवाना



अशोक श्रीवास्तव

**ऋषिपाल अवाना** : ऋषिपाल अवाना पिछले 21 वर्षों से सेक्टर 100 में टेकराम सिंह मेमोरियल एजुकेशन सोसायटी का संचालन कर रहे हैं। इस सोसायटी के माध्यम से गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जा रही है। अभी सोसायटी में पहली कक्षा से लेकर पांचवीं कक्षा तक 165 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

**अशोक श्रीवास्तव** : वर्ष 2003 में अशोक श्रीवास्तव द्वारा शुरू की गई संस्था नवरत्न फाउंडेशन आज शहर में जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा उपलब्ध करा रही है। अशोक श्रीवास्तव ने बताया कि करीब आठ वर्ष पहले सेक्टर 8 झुग्गी झोपड़ी कॉलोनी में नवरत्न ज्ञानपीठ स्कूल की शुरुआत की गई थी। यहां करीब 100

## शैक्षणिक संस्थान

प्राइमरी स्कूल

829 (शहरी), 104 (ग्रामीण)

जूनियर हाईस्कूल

330 (शहरी), 47 (ग्रामीण)

हायर सेकेंडरी स्कूल

63 (शहरी), 29 (ग्रामीण)

उच्च शिक्षा संस्थान 134



"जिले में शिक्षा को और बेहतर बनाने के लिए तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। सीएसआर के माध्यम से सरकारी स्कूलों की स्थिति सुधारने का प्रयास किया जा रहा है।

एनपी सिंह, डीएम, गौतमबुद्ध नगर

अमर उजाला
नई दिल्ली
मंगलवार, 11 अप्रैल 2017

## महिलाओं के लिए खोला शिक्षा केंद्र

नोएडा (ब्यूरो)। सेक्टर-8 के बांस बल्ली बाजार में सोमवार को महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महिला शिक्षा केंद्र खोला गया है। इसकी शुरुआत संकल्प चैरिटेबल ट्रस्ट ऑफ इंडिया, प्रकाश अस्पताल और गौतमबुद्ध हेल्थ केयर फाउंडेशन की ओर से की गई। प्रकाश अस्पताल के निदेशक डॉ. वीएस चौहान और ट्रस्ट की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने केंद्र का उद्घाटन किया। डॉ. वीएस चौहान ने कहा कि आज महिलाएं किसी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं, लेकिन आज भी कई इलाकों में अशिक्षित होने के कारण महिलाएं घर से बाहर नहीं निकल पाती हैं। इस तरह के केंद्र उन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाएंगे। इस दौरान उषा, रेनुका, कुसुम जोशी आदि मौजूद रहीं।

NBT
नवभारत टाइम्स । नोएडा, मंगलवार, 11 अप्रैल 2017

## शिक्षा केंद्र खुला

■ एस, नोएडा : सेक्टर-8 के बांस बल्ली बाजार में सोमवार को संकल्प चैरिटेबल ट्रस्ट ऑफ इंडिया ने महिला शिक्षा केंद्र खोला। केंद्र का उद्घाटन प्रकाश अस्पताल के निदेशक डॉ. वी. एस चौहान ने किया। इस मौके पर ट्रस्ट के सदस्य दीक्षा जोशी, ऊषा, रेणुका, कुसुम जोशी, आरती, शोभा शामिल रहे।

मंगलवार 11 अप्रैल 2017
हिन्दुस्तान

## महिला शिक्षा केंद्र शुरू

नोएडा। शहर के सेक्टर 8 स्थित बांस बल्ली बाजार में सोमवार को अशिक्षित महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये महिला शिक्षा केंद्र खोला गया। इस केन्द्र का उद्घाटन प्रकाश अस्पताल निदेशक डॉ वीएस चौहान, संस्था अध्यक्षा रेखा शर्मा, दीक्षा जोशी, आरती, शोभा आदि ने किया।

दैनिक जागरण
11 अप्रैल 2017
www.jagran.com

5

## 'शिक्षा के अभाव में नहीं रुकेगा महिलाओं का विकास'

जासं, नोएडा : सेक्टर 8 के बांस बल्ली बाजार में सोमवार को अशिक्षित महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महिला शिक्षा केंद्र खोला गया है। इसकी शुरुआत संकल्प चैरिटेबल ट्रस्ट ऑफ इंडिया, प्रकाश अस्पताल, गौतमबुद्ध हेल्थ केयर फाउंडेशन की ओर से की गई है। केंद्र का उद्घाटन प्रकाश अस्पताल के निदेशक डॉ. वीएस चौहान, ट्रस्ट की अध्यक्ष रेखा शर्मा, दीक्षा जोशी, ऊषा, रेनुका, कुसुम जोशी, आरती, शोभा ने किया। इस अवसर पर डॉ. वीएस चौहान ने कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। लेकिन आज भी कई इलाकों में महिलाएं। ये केंद्र उन महिलाओं की ताकत बनकर उनको आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास करेगा।

चेतना मंच
मंगलवार, 11 अप्रैल 2017 | 4

# अशिक्षित महिलाओं के लिए खोला केन्द्र



नोएडा। महिलाओं के जीवन की सभी समस्याओं की जड़ अशिक्षा है। अशिक्षित होने के कारण लिखा पढ़ी का काम न कर पाने में असमर्थ महिलाओं को अब निराश होने की जरूरत नहीं है। अशिक्षित महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये सेक्टर 8 के बांस बल्ली बाजार में महिला शिक्षा केन्द्र खोला गया है।

संकल्प चैरिटेबल ट्रस्ट ऑफ इंडिया, प्रकाश अस्पताल, गौतमबुद्ध हैल्थ केयर फाउंडेशन, की पहल से इस केन्द्र का उद्घाटन प्रकाश अस्पताल के निदेशक डॉ वीएस चौहान, ट्रस्ट की अध्यक्षा रेखा शर्मा, दीक्षा जोशी, ऊषा, रेनुका, कुसुम जोशी, आरती, शोभा, माया गुप्ता, महावीर आदि के कर कमलों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर डॉ वीएस चौहान ने कहा कि आज महिलायें किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। लेकिन कई जगह पढ़ लिखी न होने के कारण वे अपने आप को पीछे आंकती है। ऐसे में ये केन्द्र उन महिलाओं की ताकत बनकर उनको आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास करेगा।

इस अवसर पर रेखा शर्मा ने बताया कि डिजिटल युग में अभी भी कहीं ना कहीं अशिक्षा रोडा बन रही है। जिससे सबसे ज्यादा महिलायें पीडित है। केन्द्र में महिलाओं को बैंक में जाकर किस प्रकार से पर्ची भरनी है किस प्रकार से पेपर पर हस्ताक्षर करने हैं और तो और अपने जरूरी कागज पढ़ने में सक्षम बनाने का प्रयास किया जायेगा।

## हिन्दुस्तान अपील

शक्ति की आराधना का पर्व जारी है। उस शक्ति की आराधना जो बेटी के रूप में घर, परिवार और समाज की धरोहर है और उसकी नियति भी। आइये क्यों न इस नवरात्र पर अपनी बेटी के नाम एक पौधा लगाकर संकल्प लें- समाज और धरती की सुरक्षा का। आइये शामिल होइए हिन्दुस्तान के इस अभियान में। चलिए हम सब मिल कर घरों के परिसर या नजदीक के पार्कों में बेटी के नाम पर एक पौधा रोपें। अपनी बेटी और इस पौधे दोनों को फलने-फूलने, आगे बढ़ने का मौका दें ताकि यह धरती और इस पर बसने वाला समाज दोनों खुशहाल हो।

# नौ देवियों के नाम से पौधे लगाए

**नोएडा।** नवरात्र के अवसर पर शनिवार को शहर में पौधरोपण का संकल्प लेते हुए संकल्प चैरिटेबल इंडिया ट्रस्ट ने सेक्टर-55 स्थित हर्बल पार्क में नौ देवियों के नाम से हर्बल पौधे लगाए। इनमें कढ़ी पत्ता, तेज पत्ता, तुलसी, पथरचट्टा आदि के पौधे शामिल रहे।

पौधरोपण के दौरान ट्रस्ट की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने बताया कि नवरात्र में पर्यावरण की रक्षा के लिये बच्चों के साथ पौधे लगाए गए हैं। इन पौधों को शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्माण्डा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्री, महागौरी, सिद्धिदात्री नाम दिए गए हैं।

**पौधों की देखभाल का भी संकल्प लें:** रेखा ने कहा कि पौधरोपण के साथ पौधों की देखभाल भी जरूरी है ताकि वे बड़े होकर हरियाली बढ़ा सकें। बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए सभी को पौधरोपण के लिए आगे आने की जरूरत है। धरती को हरीभरी रखने के लिये पौधे लगाने का संकल्प लेना चाहिये। इसके साथ ही नवरात्र के बाद भी पौधों की नियमित देखरेख करें। पौधारोपण के दौरान ईशा, भव्या, पार्थ, कुश, सूरज, मयंक, जय, स्निग्धा आदि मौजूद रहे।

नई दिल्ली, 13 फरवरी 2017

दैनिक जागरण नई दिल्ली, 3 मार्च 2017

# पर्यावरण संरक्षण दिवस पर लिया संकल्प

जासं, नोएडा : संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट ने पर्यावरण संकल्प दिवस पर सेक्टर 55 के ए ब्लॉक पार्क में आम, मौसमी मुकुल श्री के पौधे लगाए। इस अवसर पर ट्रस्ट के लोगों ने कहा कि पर्यावरण पर ही पूरा जीवन आधारित है ऐसे में हमें पर्यावरण को सुरक्षित व स्वच्छ रखने का प्रयास करते रहना चाहिए।

ट्रस्ट की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने बताया कि अगर सभी लोग पौधे लगाएंगे, तभी ही हम प्रदूषण की मार से बच सकेंगे। ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर हम और हमारा भविष्य एक स्वच्छ वातावरण में सांस ले सकेगा। इस मौके पर ट्री मैन दीपक गौर ने भी पौधों को लगाकर अपना जन्मदिवस मनाया। सेक्टरवासियों ने भी पौधे लगाने की मुहिम में अपना सहयोग दिया। इस दौरान ओपी सूद, कुसुम जोशी, शोभा सर्राफ आदि मौजूद रहे।



सेक्टर-55 में लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए पौधे बांटते संकल्प इंडिया के सदस्य • जागरण

नवोदय टाइम्स शुक्रवार, 3 मार्च, 2017

# पर्यावरण दिवसः सेक्टर-55 में लगाए फलदार पौधे



*पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण करते संकल्प इंडिया के पदाधिकारी।*

नोएडा, 2 मार्च (ब्यूरो): संकल्प इंडिया चेरिटेबल ट्रस्ट व सेक्टर-55 निवासियों ने पर्यावरण संकल्प दिवस पर सेक्टर- 55 के ए ब्लॉक के हर्बल गार्डन में फलदार पौधे लगाए, जिसमें आम, मौसमी मुकुल श्री के फलदार पौधे लगाये। इस अवसर पर ट्रस्ट के लोगों ने कहा कि पर्यावरण पर ही पूरा जीवन आधारित है, ऐसे में हमें पर्यावरण को सुरक्षित व स्वच्छ रखने का प्रयास करते रहना चाहिये। ट्रस्ट की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने बताया कि हम सब मिलकर वृक्ष लगायेंगे तो ही हम प्रदूषण की मार से बच सकेंगे। ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर हम और हमारा भविष्य एक स्वच्छ वातावरण में सांस लेगा। इस मौके पर ट्रीमैन दीपक गौर ने भी पौधे को लगाकर अपना जन्मदिवस मनाया। सेक्टरवासियों ने भी पौधे लगाने की मुहिम में अपना सहयोग दिया और सभी ने मिलकर पार्क में पौधरोपण किया। इस दौरान ओ पी सूद, कुसुम जोशी, शोभा सराफ, आदि मौजूद रहे।

पंजाब केसरी DELHI 3 मार्च, 2017 शुक्रवार

# सैक्टर-55 हर्बल गार्डन में लगाये पौधे

नोएडा,(पंजाब केसरी): संकल्प इंडिया चेरिटेबल ट्रस्ट ने पर्यावरण संकल्प दिवस पर सेक्टर-55 हर्बल गार्डन ए ब्लॉक पार्क में आम, मौसमी मुकुल श्री के फलदार वृक्ष लगाये। इस अवसर पर ट्रस्ट के लोगों ने कहा कि पर्यावरण पर ही पूरा जीवन आधारित है ऐसे में हमें पर्यावरण को सुरक्षित व स्वच्छ रखने का प्रयास करते रहना चाहिये। ट्रस्ट की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने बताया कि हम सब मिलकर वृक्ष लगायेंगे तो ही हम प्रदुषण की मार से बच सकेंगे, ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर हम और हमारा भविष्य एक स्वच्छ वातावरण में सांस लेगा। इस मौके पर ट्री मैन दीपक गौर ने भी पेड़ों को लगाकर अपना जन्मदिवस मनाया। सेक्टरवासियों ने भी पौधे लगाने की मुहिम में अपना सहयोग दिया और सभी ने मिलकर पार्क में पौधारोपण किया।

शुक्रवार 03 मार्च 2017 हिन्दुस्तान 2

# सेक्टर-55 में हर्बल पौधे लगाए

नोएडा। सेक्टर-55 में गुरुवार को हर्बल पौधे लगाए गए। संकल्प इंडिया चेरिटेबल ट्रस्ट ने पर्यावरण संरक्षण के लिए ए ब्लॉक पार्क में आम, मौसमी मुकुल श्री के फलदार पौधे लगाए। इस मौके पर ट्रस्ट की अध्यक्ष रेखा शर्मा, दीपक गौर, ओपी सूद, कुसुम जोशी व शोभा सराफ आदि उपस्थित रहे।

4

Regional Supplement of Punjab Kesari, Delhi

**उत्तर प्रदेश केसरी**

4

13 फरवरी,2017, सोमवार

पहली नजर



सेक्टर 26 में संकल्प इंडिया के कार्यक्रम में हुनर दिखाते युवा।

## डांस प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

नोएडा,( पंजाब केसरी ): रविवार को संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा सेक्टर-26 क्लब में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ट्रस्ट की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम कराने का मु य उद्देश्य युवाओं में छुपी हुई प्रतिभाओं को आगे लाना। स्केट इट आउट कार्यक्रम के तहत एक डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें दिल्ली-एनसीआर के 250 युवाओं ने भाग लिया, जिसमें विजयी प्रतिभागियों को ट्राफी और पुरस्कार देकर स मानित किया गया। इस अवसर पर दिनेश शर्मा, रेखा शर्मा,शोभा, विपिन,राहुल और रेनू शर्मा उपस्थित रही।

---

**दैनिक जागरण** नई दिल्ली, 13 फरवरी 2017

## नृत्य प्रतियोगिता में 250 युवाओं ने लिया हिस्सा



सेक्टर-26 सामुदायिक केंद्र में नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी • जागरण

जासं, नोएडा : संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से रविवार को सेक्टर-26 स्थित सामुदायिक भवन में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 'स्केट इट आउट' नाम की इस प्रतियोगिता में करीब 250 युवाओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान विजेताओं को संस्था की तरफ से ट्राफी व नकदी देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है। यही कारण है कि संस्था समय-समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है। इस मौके पर शोभा, विपिन, राहुल, रेनू शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे।

---

सोमवार 13 फरवरी 2017

**हिन्दुस्तान**

## पुरस्कार दिया

नोएडा। शहर में रविवार को संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से सेक्टर 26 में नीलगिरि क्लब में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान प्रतियोगिता में जीतने वाले सभी प्रतियोगियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

(2)

दैनिक जागरण
नई दिल्ली, 25 दिसंबर 2016

# पत्रकारों को किया गया सम्मानित



सेक्टर-6 स्थित एनईए सभागार में आयोजित शहीद बिशन सिंह अवार्ड 2016 कार्यक्रम में मंच पर उपस्थित गणमान्य लोग। जागरण

जागरण संवाददाता, नोएडा : सेक्टर-6 स्थित एनईए सभागार में शहीद बिशन सिंह अवार्ड 2016 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चुनाव और पत्रकारिता का विकास में योगदान विषय पर खुली परिचर्चा हुई। इस अवसर पर शहर के पत्रकारों, समाजसेवी व स्थानीय स्कूल को सम्मानित किया गया।

शहीद बिशन सिंह अवार्ड समिति, उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट नोएडा कमेटी एवं आब्जर्वर डॉन मासिक पत्रिका की ओर से समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रेष्ठ दो पत्रकारों को नकद राशि 21 हजार के साथ प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि परमानंद पांचाल वरिष्ठ साहित्यकार एवं पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के ओएसडी, मनोहर सिंह प्रेम प्रिंसिपल न्यूज कॉर्डिनेटर ट्रस्ट ऑफ इंडिया, रघुराज सिंह कांग्रेसी नेता व समाजसेवी, सपा नेता अशोक चौहान, विपिन मल्हन अध्यक्ष एनईए, राजन श्रीवास्तव अध्यक्ष भारतीय सांस्कृतिक चेतना न्यास, एनपी सिंह अध्यक्ष फोनरवा, ऋषिपाल अवाना अध्यक्ष


## एनईए सभागार में शहीद बिशन सिंह अवार्ड 2016 आयोजित

सेक्टर-19 आरडब्ल्यूए, मनोज शर्मा उद्योगपति ने दीप प्रज्जवलित कर की। इसके बाद विकास में राजनेता और पत्रकार की भूमिका पर खुली बहस हुई। बहस के बाद श्रेष्ठतम पत्रकार के रूप में दैनिक जागरण के ब्यूरो चीफ मनोज त्यागी व हिन्दुस्तान के संवाददाता विनीत कुमार को शहीद बिशन सिंह अवार्ड के 21 हजार नकद राशि के साथ सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाज में अहम किरदार निभाने वाले समाजसेवी संगठन यूथ लीडर ऑफ नोएडा, लिटिल एंजल स्कूल, संकल्प इंडिया चेरिटेबल ट्रस्ट, दीपक विग, आरएन श्रीवास्तव पूर्व लॉयन क्लब नोएडा अध्यक्ष व मनीष गुप्ता को सम्मानित किया गया। उपजा अध्यक्ष हरिओम त्यागी, शैलजा पांडे, वीपी सिंह, रघुवीर अवाना, अरुण सिन्हा, अंजना भागी, नीलम भागी, संगीता चौधरी, कमलेश, ललित मिश्रा आदि ने कार्यक्रम में सहयोग दिया।

चेतना मंच

मंगलवार, 15 नवंबर-2016 4

# बाल सुधार गृह में मनाया बाल दिवस



नोएडा(कासं.)। नोएडा फेस-2 स्थित जुनवाइल जेल में बंद नाबालिक बच्चों के लिए बाल दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें वहां मौजूद बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं रखी गयी थी जिसमें पेंटिंग, गीत व भाषा आदि की प्रतियोगिता में बाल कैदियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। संकल्प ट्रस्ट की अध्यक्ष रेखा शर्मा बतौर जज थी। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियों से बच्चों में स्वावलंबन व आत्मविश्वास बढ़ता है। कार्यक्रम में सीडीओ माखनलाल गुप्ता मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थे। इस मौके पर निरंजन व स्मिता पांडेय भी बतौर जज मौजूद रहे।

अमर उजाला
नई दिल्ली
रविवार, 9 अक्तूबर 2016
7

# ट्रस्ट ने स्कूल में आरओ लगवाया

नोएडा (ब्यूरो)। संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से शनिवार को आदर्श प्राइमरी स्कूल के बच्चों के लिए स्कूल में आरओ लगाया गया है। इसके साथ ही स्कूल के प्रिंसिपल के कमरे को प्राइवेट स्कूलों के प्रिंसिपल की तर्ज पर बनाया गया है। बता दें कि ट्रस्ट ने इस स्कूल को गोद लिया है। ट्रस्ट से जुड़े लोगों का कहना है कि इससे बच्चों का पढ़ाई में मन लगेगा और वो बेहतर करने की कोशिश करेंगे।

# बाल सुधार गृह में सांस्कृतिक कार्यक्रम

नोएडा। संकल्प इंडिया चेरिटेवल ट्रस्ट व बी पाजीटिव हालिक द्वारा बाल सुधार गृह में बच्चों के मन में सकारात्मक भावनाएं उत्पन्न करने के इरादे से वहां एक सांस्कृतिक व खेलकूद के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

फेज-2 स्थित बाल सुधार गृह में खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन वहां मौजूद बच्चों में मनोबल बढ़ाने व सकारात्मक भावनाएं उत्पन्न करने के मकसद से किया गया। संकल्प ट्रस्ट की अध्यक्ष श्रीमती रेखा शर्मा ने कहा कि समय-समय पर बच्चों के लिए ऐसे कार्यक्रम का आयोजन होना चाहिए ताकि बच्चों का शारीरिक विकास हो सके तथा वे



बाहर के माहौल से परिचित हो। उन्होंने व बाकी सभी सदस्यों ने भी बच्चों के साथ कार्यक्रम में गाना गाकर साथ दिया। उनके साथ वहां ज्योति भटनागर, उषा सिंह, मैत्रेयी, आदर्श चड्ढा व राजीव मौजूद थे।

workshop for juvenile

अमर उजाला

नई दिल्ली मंगलवार 6 सितंबर 2016

## बाल सुधार गृह में रंगारंग कार्यक्रम

नोएडा (ब्यूरो)। संकल्प इंडिया चेरिटेबल ट्रस्ट, बी पॉजिटिव हीलिंग, [redacted] द्वारा सोमवार को बाल सुधार गृह में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। फेज-2 स्थित पुराना कोर्ट बाल सुधार गृह में सांस्कृतिक खेलकूद के कार्यक्रम आयोजित हुए। इसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता रेखा शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन से बच्चों के अंदर अच्छी जिंदगी जीने की आशा हमेशा बनी रहती है। कार्यक्रम में मुख्य सहयोगी ज्योति भटनागर, उषा सिंह, आदर्श चड्ढा व राजीव मौजूद रहे।

दैनिक जागरण नई दिल्ली, 6 सितम्बर

## बाल सुधार गृह में बच्चों ने पेश किए कार्यक्रम

जासं, नोएडा : संकल्प इंडिया चेरिटेबल ट्रस्ट व बी पॉजीटिव हीलिंग द्वारा सोमवार को बाल सुधार गृह में बच्चों में सकारात्मक भाव जगाने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया।

फेज 2 स्थित पुराना कोर्ट बाल सुधार गृह में सांस्कृतिक और खेलकूद कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। मुख्य वक्ता रेखा शर्मा ने कहा की इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन से बच्चों के अंदर अच्छी जिंदगी जीने की आशा हमेशा बनी रहती है। वहीं खेलकूद कार्यक्रम से बच्चों का शारीरिक विकास हो सके। इस मौके पर ज्योती भटनागर, उषा सिंह, मैत्रेयी, आदर्श चड्डा, राजीव मेहरोत्रा मौजूद रहे।

शुक्रवार, 26 अगस्त 2016

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
चेतना मंच





र के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना करते रहे। कहीं दही हांडी फोड़ी
र्फ का शिवलिंग भी बनाया गया।

फोटो: चेतना मंच

**हाथी घोडा पालकी......**

निभाया था मुख्य थे। सेक्टर-56 स्थित मंदिर में भी कई झांकियां बनाई गई तथा बच्चों द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम पेश किए गए। यहां 7 फीट उंचा बर्फ का शिवलिंग बनाया गया तथा गुफा बनाई गई जहां नौ देवियों को भक्तों ने दर्शन किए। इस अवसर पर मंदिर के ट्रस्टी हर्ष सवरवाल, कार्यकर्ता जी.के. बंसल व इंद्रपाल उपस्थित थे।

सेक्टर- 55 स्थित शिव मंदिर को भी विशेष रूप से सजाया गया तथा साज-सज्जा की जिम्मेदारी संकल्प ट्रस्ट की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने ली थी तथा मंदिर प्रांगण में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए।

# सरकारी स्कूलों के कायाकल्प में जुटा 'संकल्प ट्रस्ट'

## चौड़ा के प्राथमिक विद्यालय को लिया गोद

नोएडा (कार्यालय संवाददाता)। शिक्षा पर हर बच्चे का अधिकार होता है परन्तु पढ़ाई के लिए उचित माहौल व सुविधाओं का होना भी बहुत जरूरी है। अक्सर देखा जाता कि सरकारी विद्यालयों में सफाई व पीने के पानी की व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया जाता जिस वजह से अक्सर बच्चों को प्राईवेट स्कूलों में दाखिला लेने पर मजबूर होना पड़ता है। सरकारी विद्यालयों में इन्हीं कमियों को दूर करने में जुटी है संकल्प इंडिया चेरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष श्रीमती रेखा शर्मा।


श्रीमती रेखा शर्मा
संस्थापक संकल्प ट्रस्ट

समाज व बच्चों के लिए कुछ अच्छा करने की नीयत से शुरू किये गये इस ट्रस्ट का गठन 2011 में किया गया था, तथा इसका एकमात्र उद्देश्य बच्चों के लिए कुछ करना था। इसी दिशा में उन्होंने कदम उठाते हुए सेक्टर-22 स्थित चौड़ा प्राथमिक विद्यालय को गोद लेकर वहां मौजूद समस्याओं को दूर करना शुरू कर दिया। वहां पर अच्छी शिक्षा प्रदान करवाना, शौचालय बनवाना, एनटीटी प्रशिक्षित शिक्षिकाओं को नियुक्ति करवाना तथा सबसे प्रमुख वहां आरओ वाटर प्लांट व वाटर कूलर लगवाना इसी प्रयास का परिणाम है।

चेतना मंच से बातचीत के दौरान श्रीमती शर्मा ने बताया कि शिक्षा के सुधार के साथ-साथ वे पर्यावरण के लिए भी कार्य करती हैं। उनके ट्रस्ट द्वारा छेड़े गए पर्यावरण सुरक्षा अभियान के दौरान उन्होंने सड़क किनारे चाय बेचने वाले दुकानदारों को प्लास्टिक के कप न इस्तेमाल करने की सलाह दी साथ ही उन्हें कागज के कप भी उपलब्ध करवाए। जिसके फलस्वरूप कई दुकानदार अब प्लास्टिक कप का इस्तेमाल बिल्कुल बंद कर चुके है। पर्यावरण व स्कूलों के साथ-साथ वे बेरोजगारों के लिए भी कार्य करती हैं।

उन्होंने बताया कि नोएडा के फेस-दो स्थित बाल सुधार गृह में भी वे नियमित रूप से जाती हैं तथा वहां मौजूद बच्चों की पढ़ाई को ध्यान में रखते हुए उन्होंने लाईब्रेरी की व्यवस्था करवाई है जहां हर प्रकार की किताबें रखी हुई हैं। उन्होंने बताया कि वे पूर्ण रूप से स्वयं को समाज के हित के कार्य करने के लिए समर्पित समझती हैं।


बच्चों को पुरस्कार देते हुए श्रीमती रेखा शर्मा।

दैनिक जागरण नई दिल्ली, 14 अगस्त 2016

# किताबें पाकर खिले छात्रों के चेहरे

जासं, नोएडा : संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से शनिवार को सेक्टर 22 के चौड़ा सादतपुर आंगनबाड़ी में बच्चों को किताबें वितरित की गई। किताबें पाकर बच्चों के चेहरे खिल गए। इस दौरान आंगनबाड़ी की सीडीपीओ पूनम राव और नीलम ने बच्चों की हौसला अफजाई की। ट्रस्ट की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने कहा कि पुस्तकें पाकर बच्चे पठन-पाठन की तरफ आकर्षित होते हैं। वहीं बेंच मिलने के बाद अब बच्चों को जमीन पर नहीं बैठना पड़ेगा। उन्होंने कहा आंगनवाड़ी को और सुंदर व स्वच्छ बनाने के लिए ट्रस्ट लगातार प्रयास करता रहेगा।




सेक्टर-22 चौड़ा सादतपुर आंगनबाड़ी में बच्चों के लिए टेबल देते संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य। जागरण

सोमवार 15 अगस्त 2016

हिन्दुस्तान

## महिलाओं ने दिखाई भागीदारी

नोएडा। कार्यक्रम में शहर की महिलाओं ने भी अपनी भागीदारी दर्ज कराई। इसमें मलयाली एसोसिएशन और रोटरी क्लब से जुड़ी राजेश्वरी त्यागराजन, लायनस क्लब की कल्पना मिश्रा, संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष रेखा शर्मा, प्रवासी महासंघ की उपाध्यक्ष सरिता रावत, सेक्टर-48 से समाजसेविका सुनीता खटाना, समाजसेविका पद्मा दीक्षित, निठारी की पूर्व प्रधान विमलेश प्रधान शामिल रहीं।

इनके साथ ही निशा कुलश्रेष्ठ, मधु सूद व गीता भारद्वाज ने भी कार्यक्रम में शामिल होकर देशभक्ति की भावना का संचार किया। डॉ. एके त्यागी, राजेंद्र पंडित, रामकुमार तंवर, अनू खान, वेदपाल चौधरी, ओमप्रकाश चौधरी, लाल बाबू, मुन्ना कुमार शर्मा, सुरेश देशवाल, जोगेंद्र अवाना, प्रमोद शर्मा, अमर चौहान, पवन शर्मा भी शामिल हुए।




संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों ने देशभक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए।

## देशभक्ति गीतों पर थिरके लोग

नोएडा। जय हो... जय हो... इस गीत पर जब युवाओं की टोली तिरंगे के साथ नृत्य करने उतरी तो लोगों के अंदर देशप्रेम की भावना दोगुनी हो गई। 'हिन्दुस्तान' के कार्यक्रम 'आवाज दो, हम एक हैं' में रेखा शर्मा के संस्थान संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट से आए युवकों ने देशभक्ति की भावना का परिचय देते हुए मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया।

नृत्य प्रस्तुत करने वाले युवकों मनीष गिरी, उदित कुमार, राहुल, विकास शर्मा और चंदन ने देशभक्ति गीतों पर एक के बाद एक अच्छी प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में कर्नल आईपी सिंह, प्रवीन नागर, मुन्ना कुमार शर्मा, सुरेश तिवारी, विमल शर्मा, प्रेम गांधी, शांतनु मित्तल, टीडी ध्यानी, संदीप चौहान, गौतम अवाना, पुरुषोत्तम नागर, ब्रजेश चौहान, योगेंद्र शर्मा, सीपी सिंह, ग्रेटर नोएडा एक्टिव सिटीजन टीम के आलोक सिंह, हरेंद्र आदि रहे।



भाईचारा बढ़ाने के लिए बढ़चढ़ कर एक-दूसरे की मदद करनी चाहिए। इससे आपसी विश्वास बढ़ेगा।

-रेखा शर्मा, समाजसेवी

4 नवभारत टाइम्स, नोएडा, रविवार, 5 जून 2016

www.noida.nbt.in

## पौधे लगाकर दिया मेसेज

■ प्रस, नोएडा : ट्री मैन के नाम से मशहूर दीपक गौड़ ने शनिवार को नोएडियंस को पौधारोपण की सीख दी। उन्होंने लोगों को जागरूक करने के लिए चार पौधे, बॉन्डिंग ट्री, इंस्पीरिशेन ट्री, वॉटर ट्री और संकल्प ट्री लगाए। यह कार्यक्रम सेक्टर-55 में संकल्प इंडिया चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आयोजित किया गया। सेक्टर-108 व 55 में भी इसी तरह पौधारोपण का कार्यक्रम हुआ।

॥ दैनिक जागरण नई दिल्ली, 5 जून 2016



सेक्टर-55 स्थित ए ब्लाक पार्क में पौधरोपण करते संकल्प इंडिया ट्रस्ट के सदस्य। जागरण

जागरण संवाददाता, नोएडा : शहर में लगातार बढ़ते प्रदूषण के बीच सेक्टर-55 आरडब्ल्यूए ने पर्यावरण के मद्देनजर सराहनीय कदम उठाया है। इसके तहत सेक्टर के ए-ब्लॉक पार्क को हर्बल पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है। शनिवार को इसमें जड़ी-बूटियों वाले 15-20 पौधे लगाए गए। इसमें हॉर्टिकल्चर की मदद से अभी कई किस्म के औषधीय पौधे लगाए जाएंगे। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष गजेन्द्र बंसल ने बताया कि यह पार्क पर्यावरण को शुद्ध रखने की दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के साथ जड़ी-बूटियों के लिहाज से भी लोगों के लिए बेहतर साबित होगा। कई बार लोगों को औषधीय पौधों की पत्तियां व बीज ढूंढ़ने से भी नहीं मिल पाता। इसके जरिये यह संदेश देने की कोशिश है कि अन्य आरडब्ल्यूए को भी शहर का वातावरण शुद्ध करने के लिए इस तरह की पहल करनी चाहिए। इस दौरान रेखा शर्मा, अश्विनी सैनी, दीपक शर्मा, श्रीकांत बंसल, रावबाबू, विजय भारद्वाज, राजीव गोयल व अन्य मौजूद थे।

अमर उजाला

नई दिल्ली 5 जून 2016

नोएडा-ग्रेनो

## हर्बल पार्क में पौधरोपण किया

नोएडा (ब्यूरो)। पर्यावरण के दिवस पर संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट ने शुक्रवार को सेक्टर-55 के ए ब्लाक पार्क में पौधरोपण किया। पार्क में अशोक, भृंगराज, आंवला के पौधे लगाए गए। संगठन की अध्यक्षा रेखा शर्मा ने बताया कि पार्क को आरडब्ल्यूए के सहयोग से हर्बल पार्क नाम दिया गया है। इससे पहले भी संगठन यहां पर पौधरोपण कर चुका है। उन्होंने बताया कि वह पूरे नोएडा में आरडब्ल्यूए व प्राधिकरण के सहयोग से पौधरोपण अभियान चलाएंगे।

रविवार 05 जून 2016

हिन्दुस्तान

## पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम हुए


नोएडा। पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में शहर में विविध आयोजन किए गए। कहीं पौधरोपण किया गया तो कहीं संगोष्ठी का आयोजन हुआ। डीएनडी फ्लाईवे ने भी पर्यावरण जागरुकता के लिए एक महीने के अभियान की शुरुआत की है।

सेक्टर-55 के ब्लॉक ए स्थित हर्बल पार्क में संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष रेखा शर्मा के नेतृत्व में कई तरह के पेड़ लगाए गए। मेट्रो हॉस्पिटल एंड हार्ट इंस्टीट्यूट ने पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में अस्पताल को गो ग्रीन की तर्ज पर हरे रंग से रोशन किया। मेट्रो ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल के चेयरमैन व इंटरवेंशनल कार्डियोलाजी के निदेशक डॉ. पुरुषोत्तम लाल ने कहा कि अस्पताल प्रबंधन का उद्देश्य लोगों को इस हरे प्रकाश के जरिये

स्केच | बिशन पपोला

# समाज के बीच की खाई पाट रही हैं रेखा शर्मा

3 जून 1964 को ताजनगरी आगरा में जन्मी रेखा शर्मा शुरू से ही क्रिएटिव रही। उन्होंने बीए इंटीरियर डिजाइनिंग में पास किया। साधारण परिवार में जन्म लेने की वजह से उनका रूझान शुरू से ही अभावहीन बच्चों को राह दिखाने की तरफ था। यही कारण रहा कि उन्होंने इस क्षेत्र में व्यापक काम किया है, जो निरंतर जारी है। डेढ़ दशक तक निरंतर सामाजिक क्षेत्र में काम करने के बाद उन्होंने वर्ष-2011 में संकल्प इंडिया चैरिटीबल ट्रस्ट की स्थापना की।



भले ही देश की आजादी को छह दशक से अधिक समय पूरा हो चुका हो, लेकिन समाज में अमीरी और गरीबी के बीच की खाई और भी गहरी हुई है। ऐसे में उन लोगों के योगदान को कम नहीं आंका जा सकता है, जो समाज के बीच की खाई को पाटने में लगे हुए हैं। रेखा शर्मा एक ऐसी ही शख्सियत हैं, जो इस क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से निरंतर कार्य कर रही हैं। चाहे गरीब तबके के बच्चों को शिक्षा की तरफ प्रोत्साहित करना हो या फिर उनकी सृजनात्मक प्रतिभा को सबके सामने लाना हो। रेखा शर्मा की लगनशीलता व मेहनत किसी से छुपी नहीं है। वह पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी बड़ी ही संकल्पशील हैं। उन्होंने आईटी शहर नोएडा में ऐसे कई अभियान चलाए हैं, जिसके जरिए उन्होंने लोगों को पॉलीथीन बैग्स के इस्तेमाल को पर्यावरण संरक्षण के लिए खतरनाक बताया। उन्होंने अपने अभियानों में लोगों को हर छोटी-छोटी चीजों के लिए कपड़ों के बैग्स इस्तेमाल करने के प्रति जागरूक भी किया और स्वयं जगह-जगह कपड़े के बैग भी वितरित किए, जिससे लोग पॉलीथीन के बजाय कपड़ों के बैग्स को अपनी निजी रूटीन के कार्यों में शामिल कर सकें। 3 जून 1964 को ताजनगरी आगरा में जन्मी रेखा शर्मा शुरू से ही क्रिएटिव रही। उन्होंने बीए इंटीरियर डिजाइनिंग में पास किया। साधारण परिवार में जन्म लेने की वजह से उनका रूझान शुरू से ही अभावहीन बच्चों को राह दिखाने की तरफ था। यही कारण रहा कि उन्होंने इस क्षेत्र में व्यापक काम किया है, जो निरंतर जारी है। डेढ़ दशक तक निरंतर सामाजिक क्षेत्र में काम करने के बाद उन्होंने वर्ष-2011 में संकल्प इंडिया चैरिटीबल ट्रस्ट की स्थापना की। इसके बाद रेखा शर्मा का सामाजिक कार्यों के प्रति रूझान और भी तेज हुआ है। उन्होंने 21 जुलाई 1915 को सेक्टर-22 स्थित चौड़ा आदर्श प्राथमिक विद्यालय को गोद भी लिया, जहां वह विभिन्न विकास कार्यों को लेकर निरंतर काम कर रही हैं। बच्चों में आत्मनिर्भरता लाने के लिए वह अब तक दस हजार से अधिक बच्चों को विशेषज्ञ काउंसलरों द्वारा काउंसलिंग दिला चुकी हैं। रेखा शर्मा का प्रतिभाशाली बच्चों को प्रोत्साहित करने के प्रति विशेष रूझान रहा है। इसीलिए वह उन बच्चों के लिए हर वर्ष समर कैंप आयोजित करती हैं, जो अभावहीन होते हैं, जिसके तहत उन्हें कठिन विषयों का ट्यूशन दिया जाता है। बकायदा, उन्हें इसके लिए ट्रस्ट द्वारा आर्थिक मदद भी दी जाती है। गरीब तबके से आने वाली महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प भी रेखा शर्मा ने लिया हुआ है। उन्होंने बताया कि वह उन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रति काफी गंभीर हैं, इसीलिए वह महिलाओं को घर बैठे कपड़े के बैग बनाने के प्रति जागरूक कर चुकी हैं। इस क्षेत्र में कई महिलाएं भी काम कर चुकी हैं। उन्होंने बताया कि इससे न केवल महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी बल्कि इससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी जागरूकता बढ़ेगी। वह समय-समय पर स्कूलों में अभियान भी चलाती हैं, जिसके जरिए वह बच्चों को संदेश देती हैं कि वे अपने माता-पिता को पॉलीथीन के नहीं कपड़ों के बैग इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित करें, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल सके। सामाजिक क्षेत्र में बेहतर कार्य करने की वजह से उन्हें नवरत्न सहित कई अन्य संस्थाएं भी पुरस्कृत कर चुकी हैं। उन्होंने बताया कि समाज के बीच खाई उन्हें बहुत सलाती है। वह कोशिश करती हैं कि कैसे ही यह खाई भर जाती तो समाज में समानता का ऐसा सेतु तैयार हो जाता, जिसमें कोई किसी से स्वयं को असहज नहीं महसूस करता। उन्होंने कहा कि समाज में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। बस जरूरी है, उन्हें तलाशने और तराशने की। ऐसी प्रतिभाओं को तलाशा और तराशा जाएगा तो निश्चित तौर पर समाज की तस्वीर बदल जाएगी।

नेशनल दुनिया
बुधवार • 09 मार्च 2016

# हौसला है तो बाधा नहीं

नेशनल दुनिया

सलाम

**जीनत आरा ने दिखाई ऐसी ही प्रतिभा**

- सीएम ने किया जीनत को सम्मानित

नोएडा। अगर, हौसला हो तो कोई भी बाधा आपको राह नहीं रोक सकती है। जी हां ! यह बात जीनत आरा पर भी सटीक बैठती है। मूक बधिर होने के साथ-साथ शारीरिक विकलांग होने के बावजूद असाधारण प्रतिभा की धनी है।

जीनत बुकों की नई डिजाइन तैयार करती है और बुकों को किस प्रकार नया लुक दिया जा सके, उसके निरंतर काम कर रही है। उसकी प्रतिभा को देखते हुए महिला दिवस पर सूबे के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उन्हें रानी लक्ष्मी बाई पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जीनत शक्ति और हिम्मत की शौर्य है। वह जीवंतता से भरी हुई है। जीनत ने यह पुरस्कार अपनी इच्छा शक्ति हिम्मा का लोहा मनवाकर हासिल किया है।

जीनत की तरह लगभग 86 अन्य महिलाएं भी पुरस्कार हासिल करने वाली सूची में शामिल रही हैं। जीनत ने कहा कि अर्थपूर्ण जीवन जीना महत्वपूर्ण है। प्रतिकूल परिस्थितियों से लड़ने की योग्यता से फर्क पड़ता है। जीतन ने अपनी प्रधानाचार्या को भी धन्यवाद दिया। वह नोएडा में एसबीनीएन की छात्रा है। जहां मूकबधिर बच्चों को सामाजिक धारा के साथ जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। वह शिक्षा के माध्यम है।

## रेखा शर्मा को डीएम ने किया सम्मानित

विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए डीएम ने भी जिले की कई महिलाओं को सम्मानित किया। सामाजिक क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए डीएम ने संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट की प्रमुख रेखा शर्मा को सम्मानित किया। उन्हें महिलाओं एवं बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया। रेखा शर्मा ने कहा कि यह उनके लिए गौरव की बात है। इससे उन्हें मिशन को आगे बढ़ाने के लिए और प्रोत्साहन मिलेगा।

## सेल्फ डिफेंस के बारे में दी जानकारी

महिला दिवस के मौके पर सेक्टर-62 स्थित जेपी व आईएमएस इंस्टीट्यूट में कार्यक्रम आयोजित किए गए। दोनों ही कॉलेजों में डीएसपी अनूप सिंह होनहार व प्रतिभाशाली छात्राओं से रू-ब-रू हुए। इस मौके पर उन्होंने छात्राओं को महिला सुरक्षा हेल्प लाइन नंबर 1090 के बारे में जागरूक किया। छात्राओं को 1090 के बारे में जानकारी दी। साथ ही सेल्फ डिफेंस के तरीकों से वाकिफ कराया।

## डीएनडी रहा टोल फ्री

महिलाओं को सम्मान देने के लिए मंगलवार को डीएनडी को टोल फ्री रखा गया। वह भी उन महिलाओं के लिए जो खुद ड्राइव कर डीएनडी के रास्ते से नोएडा से दिल्ली व दिल्ली से नोएडा जा रही थी, हालांकि उन



समाजसेवी रेखा शर्मा को सम्मानित करते डीएम एनपी सिंह।

नई दिल्ली, मंगलवार, 22 मार्च 2016 | देशबन्धु | 5

# कैपिटल ज़ोन

## हर्बल गार्डन बनाने का लिया संकल्प



नोएडा, 21 मार्च (देशबन्धु)। वन दिवस के अवसर पर संकल्प चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सेक्टरों में हर्बल गार्डन बनाने का संकल्प लिया गया। सोमवार को ट्रस्ट की ओर से सेक्टर 55 के ए ब्लॉक में हर्बल गार्डन बनाने की शुरुआत की गई। इसी के साथ हर सेक्टर में एक हर्बल गार्डन बनाने के लिए संकल्प लिया गया। ट्रस्ट की ओर से कहा गया कि इस प्रकार के गार्डन न केवल वातावरण के लिए लाभदायक हैं वरन इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ेगी। इस मौके पर ट्रस्ट की रेखा शर्मा, चंदर प्रकाश पावा, सेक्टर 55 के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष गजेन्द्र बंसल, कुसुम जोशी आदि मौजूद थे।

मंगलवार 22 मार्च 2016

हिन्दुस्तान 21

## विश्व वन दिवस पर हर्बल पौधे लगाए

**नोएडा।** सेक्टर-55 स्थित ए ब्लॉक के बगीचे में सोमवार को विश्व वन दिवस पर संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से पर्यावरण को बचाने के लिए हर्बल पौधे लगाए गए। संस्था की ओर से रेखा शर्मा ने बताया कि संस्था ने शहर के कई सेक्टरों में हर्बल गार्डन लगाने का संकल्प लिया है। पौधारोपण कार्यक्रम में संस्था की ओर से चंद्र प्रकाश पावा, कुसुम जोशी, सेक्टर-55 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष गजेंद्र बंसल समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# कैपिटल ज़ोन

## पर्यावरण को बचाने के साथ गरीबों की मदद



नोएडा, 22 जनवरी (देशबन्धु)। शुक्रवार से पॉलीथीन प्रयोग पर प्रतिबंध के बाद शहर के कुछ सेक्टरों ने रचनात्मक मुहिम चलाई है। मुहीम के जरिए जहां पर्यावरण को बचाने का काम किया जा रहा है वहीं गरीब महिलाओं की आर्थिक मदद भी इस मुहिम से हो रही है। सेक्टर-55 में संकल्प इंडिया चेरिटेबल ट्रस्ट ने गरीब महिलाओं द्वारा बनाए गए कपड़ों के थैले का प्रयोग करने के लिए दुकानदारों से अपील की गई। जिसके बाद सेक्टर-55 रोजाना दुकान के मुकेश गोयल ने गरीब महिलाओं द्वारा बनाए गए थैले खरीदे। संस्था की रेखा शर्मा ने बताया कि महिलाओं द्वारा बनाए गए कपड़े के थैले बहुत ही मुलायम है जिससे लोग जेब के अंदर रखकर दुकानों व बाजारों में जा सकते हैं। इससे पॉलीथीन का प्रयोग भी नहीं होगा और गरीब महिलाओं की मदद भी हो जाएगी।

# बच्चों ने रद्दी सामान के बनाएं गहने



नोएडा, 5 जनवरी (देशबन्धु)। रद्दी का सामान हो य घर में बचे कपड़े इनका प्रयोग कब और कैसे करना चाहिए ये गुर प्राथमिक स्कूल में सिखाए गए। सेक्टर-22 स्थित प्राथमिक स्कूल में छात्र व छात्राओं के साथ मिलकर संकल्प चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रद्दी के सामान व बेकार पड़े कपड़ों से श्रृंगार का सामान तैयार किया।

रीचा गोयल ने बताया कि स्कूल में आए दिन बच्चों को रचनात्मक कार्य सिखाए जा रहे हैं। इसी क्रम में बच्चों को घर में पड़े अनउपयोगी सामान का बेहतर इस्तेमाल के बारे में बताया गया। छात्रों ने निर्देशानुसार बोटल व बेकार हुए कपड़ों से हाथ में पहनने वाले कड़े बनाए। इस बीच बच्चों को बताया गया कि पर्यावरण को नुकसान न होने देने के लिए जरूरी है कि आप अपने सामान का उपयोग जब तक हो सके तब तक विभिन्न प्रकार से उसका प्रयोग करें।

# मदद मिली तो संवरा संतोष का जीवन

प्रस, नोएडा : सेक्टर-55 में रहने वाले संतोष झा (23) दोनों पैरों से विकलांग हैं। उनकी पारिवारिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि वह स्कूल जा सकें। इसलिए व्हील चेयर पर ही काम की तलाश में दिनभर भटकते रहते थे। ऐसे में संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट उसकी मदद की और शगुन के लिफाफे व पेपर गिफ्ट बैग बनाना सिखाया। अब इस काम से संतोष का गुजर-बसर आराम से हो रहा है। जिला विकलांग अधिकारी रोहित सिंह ने बताया कि विकलांगों के लिए 4 तरह की योजनाएं चल रही है। फिलहाल जिले में कुल 4177 विकलांगों को पेंशन मिल रही है।



Regional Supplement of Punjab Kesari, Delhi
उत्तर प्रदेश केसरी
3 दिसम्बर 2015, गुरुवार

विकलांगता पर विशेष

## हाथों से बने लिफाफे बेचकर करता है गुजारा

# कमजोरियों को ताकत बनाना कोई संतोष से सीखे

नोएडा, (ब्यूरो): क्या नेत्रहीन युवती सुई में धागा डाल सकती है? क्या बोलने-सुनने में असमर्थ बच्चा गानों की धुन पर डांस कर सकता है? क्या मंदबुद्धि व्यक्ति अच्छा गाना गा सकता है? ये सभी असंभव से लगने वाले कार्य शारीरिक और मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण लोगों के जीवन का हिस्सा बन चुके हैं। लेकिन इन चुनौतीयों का सामना करते हुए शहर के कई ऐसे विकलांग युवा आज मिशाल के तौर पर सामने आ रहे हैं। इनमें से एक हैं सेक्टर 55 के सी ब्लॉक में रहने वाले संतोष कुमार।23 वर्षिय संतोष के पैर जन्म से ही पूर्णत: अपंग हैं। लेकिन संतोष आज अपनी बची हुई क्षमताओं का इस्तेमाल कर शिखर पर पहुंच रहे हैं। वे पैर की जगह हाथों का इस्तेमाल अपने कामों में करते है। गरीब घर से होने के कारण स्कूल नहीं जा सके। संतोष बताते हैं कि अब वह अपने परिवार में होने वाले खर्च में हाथ बंटाना चाहता था। पीड़ा इस बात की थी कि पैरों के अभाव में मंजिल आसान नहीं, फिर भी असंभव नहीं है सोचकर संघर्ष किया। संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट नोएडा ने उनका उम्मीद बांधी और हुनरमंद बनाने की सोच कायम की। पैर काम नहीं करने के बावजूद उन्होंने हाथों का बखूबी इस्तेताल संस्था ने सीखाया और हाथों के सहारे कागज के सुंदर व आर्कषित लिफ़ाफे बनाए। जिसको लोग खूब खरीद भी रहे है और हौसलाअफजायी कर रहे है।



इस पूरे कार्य में उनके दोस्त नरेन्द्र ने उनका पूरा साथ दिया। संतोष बताते हैं कि आज लगता है कि जिंदगी में मकसद होना चाहिए, जिंदगी हर हाल में खूबसूरत लगती है। संकल्प इंडिया चेरिटेबल ट्रस्ट की रेखा शर्मा बताती हैं कि 23 वर्ष का संतोष दिल से अपने काम को करता हैं। संस्था ने उसे सिर्फ रास्ता दिखाया और आज अपनी लगन व हुनर के चलते वे आज लोकर बाजार में अपनी पहचान बना चुका है। आज उसके पास 50-60 लिफाफों का आर्डर आता है। संतोष आज उन बच्चों के लिए मिशाल बन चुका है जो अपनी शारीरीक कमी को लेकर हताश व निराश बैठे हैं।

शुक्रवार 06 नवंबर 2015

# हिन्दुस्तान

28

## चित्रकला प्रतियोगिता में नवधा प्रथम

नोएडा। राजकीय इंटर कॉलेज में गुरुवार को चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में शहर के पांच स्कूलों से करीब 100 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय 'मेरे सपनों का भारत' व 'प्रदूषण मुक्त दिवाली' रखा गया था। इसमें डीएवी पब्लिक स्कूल की नवधा शर्मा को प्रथम व धैर्या चांदवानी को द्वितीय स्थान मिला। तृतीय स्थान वनस्थली पब्लिक स्कूल की जान्हवी को मिला। विजेता प्रतिभागियों को आयोजक संकल्प इंडिया चैरिटेबल की तरफ से पुरस्कृत भी किया गया। सेक्टर-12 स्थित जूनियर हाई स्कूल की लक्ष्मी कुमार, गांधी स्मारक स्कूल के शिवम, डीएवी की रितिका और वनस्थली के अमित को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

दैनिक जागरण
www.jagran.com
नई दिल्ली, 6 नवंबर 2015

दीपावली के त्योहार पर पट...
सतर्कता बरतें। बड़ों की देख रि...
जब पटाखा जलाएं तो ...

# ...है आतिशबाजी

...में प्रयुक्त पोटाश से त्वचा को अधिक नुकसान




सेक्टर-12 स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में संकल्प इंडिया द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में चित्रों के साथ प्रतिभागी। जागरण

# प्रदूषण रहित दीपावली मनाने को कर रहे जागरूक

जागरण संवाददाता, नोएडा : संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट ने बृहस्पतिवार को राजकीय इंटर कॉलेज में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता की थीम प्रदूषण रहित दिवाली रखा गया था।

सेक्टर-12 स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता में पांच स्कूलों के करीब 100 छात्रों ने हिस्सा लिया। छात्रों ने अपनी पेंटिंग के माध्यम से पर्यावरण को स्वच्छ रखने का बखूबी संदेश दिया। कॉलेज के प्राचार्य शेर सिंह वरुण ने कहा कि आतिशबाजी की वजह से ध्वनि और वायु प्रदूषण होता है। जिसका स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। हमें आतिशबाजी से बचना चाहिए।

प्रतियोगिता में नवधा को प्रथम, धैर्या को दूसरा और जान्हवी को तीसरा स्थान हासिल किया। ट्रस्ट की रेखा शर्मा, उमा सिंह और कुसुम जोशी ने छात्रों को पुरस्कार दिया।

बुधवार 16 सितंबर 2015

# हिन्दुस्तान 20

## स्कूल को गोद लिया

नोएडा। शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए चौड़ा गांव के आदर्श प्राथमिक स्कूल को संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट ने गोद लिया है। संस्था स्कूल में साफ-सफाई, परिसर का रंग-रोगन, बच्चों के लिए स्टेशनरी और मूलभूत सुविधाओं आदि तमाम व्यवस्थाएं करेगी। संस्था की ओर से बच्चों को अंग्रेजी और गणित विषय की अतिरिक्त कक्षाएं भी दी जाएंगी।

# दैनिक जागरण

नई दिल्ली, 21 अगस्त 2015



प्राइवेट स्कूलों में गरीब बच्चों के लिए कोटा होने के बावजूद उन्हें दाखिला नहीं मिलता है। सरकारी स्कूलों की हालत बदतर है। न ही पीने के पानी की व्यवस्था है और न ही शौचालय है। यदि अफसरों और नेताओं के बच्चे पढ़ेंगे तो स्कूलों की हालत सुधरेगी। निर्णय स्वागत योग्य है। लेकिन आवश्यकता है निजी स्कूलों की भांति सरकारी में विभिन्न व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की।

–रेखा शर्मा, समाजसेविका

नेशनल दुनिया
शनिवार • 05 सितंबर 2015
04

पुरस्कार

# शिक्षक दिवस पर कई संस्थाओं ने किया शिक्षकों का सम्मान

नेशनल दुनिया

नोएडा। शिक्षक दिवस के मौके पर शुक्रवार को जगह-जगह शिक्षकों का सम्मान किया गया। विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने कार्यक्रम आयोजित किए, जिसमें कई शिक्षकों को उनके शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

विजय सिंह पथिक सेवा संघ के तत्वावधान में सेक्टर-12 स्थित राजकीय इंटर कालेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 40 शिक्षक एवं शिक्षकाओं को शॉल एवं प्रतीक चिह्न देकर शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन योगदान के लिए सम्मानित किया गया। संघ के अध्यक्ष ओमवीर अवाना ने कहा की शिक्षक




सेक्टर-12 के जीआईसी में संस्था के पदाधिकारी व सम्मानित शिक्षक।

दिवस पर हम लोग कई वर्षों से काम कर रहे हैं। संघ के संयोजक डा. सतीश अवाना ने कहा कि शहर के प्रतिभावान बच्चों को संस्था प्रोत्साहन करती रहती है। इस दौरान संघ के उपाध्यक्ष गौतम अवाना, संघ के प्रवक्ता पुरूषोत्तम नागर ने कहा कि गुरु दीप की तरह अपने चारो ओर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। इस दौरान जीआईसी के प्रिंसीपल शेर सिंह सहित कई अन्य शिक्षक शामिल रहे। सम्मानित शिक्षकों में मुख्य रूप से राजकीय हाईस्कूल सलेमपुर गुर्जर की प्रिंसीपल डा. विभा चौहान, ममता रानी सहित कई अन्य शिक्षक शामिल रहे। उधर, संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में भी सेक्टर-12 स्थित गांधी स्मारक स्कूल में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इसमें मुख्य रूप से स्कूल के प्रिंसीपल रमेश कुमार भारद्वाज, रेनु सिक्का, डा. विभा चौहान सहित कई अन्य शिक्षक शामिल रहे। ट्रस्ट की प्रमुख रेखा शर्मा ने कहा कि शिक्षकों का सम्मान बहुत जरूरी है क्योंकि शिक्षक समाज का सबसे प्रतिष्ठित कार्य क्षेत्र है। शिक्षक ही देश का भविष्य संवारते हैं। इस दौरान ट्रस्ट के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहीं। पुरस्कार हासिल करने के बाद शिक्षक भी काफी खुश नजर आए। उन्होंने कहा कि पुरस्कार से प्रोत्साहन बढ़ता है। उन्होंने कहा कि हमेशा निरंतर बच्चों के लिए काम करना, उन्हें बेहतर शिक्षा देना अच्छा लगता है और उनका यह अभियान आगे भी बढ़ता रहेगा।

VI | दैनिक जागरण नई दिल्ली, 5 सितंबर 2015

दा।

**शिक्षकों को संस्था ने दिया सम्मान** : सेक्टर 22 स्थित गांधी स्मारक स्कूल में संकल्प इंडिया ने कई शिक्षकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



सेक्टर-22 स्थित गांधी स्मारक स्कूल में संकल्प इंडिया ने बच्चों के साथ मनाया शिक्षक दिवस। जागरण

4 नवभारत टाइम्स, नोएडा, शनिवार, 5 सितंबर 2015

## टीचर्स हुए सम्मानित

■ एनबीटी न्यूज, नोएडा : सेक्टर-22 स्थित गांधी स्मारक स्कूल में शुक्रवार को टीचर्स को सम्मानित किया गया। गांधी स्मारक के प्रिंसिपल रमेश कुमार, सलेमपुर के गवर्नमेंट हाईस्कूल की प्रिंसिपल डॉ. विभा चौहान, टीचर रेणू व चौड़ा के प्राथमिक स्कूल में भी टीचर्स को सम्मानित किया गया।

उत्तर प्रदेश केसरी

5 सितम्बर 2015, शनिवार

पहली नजर



सैक्टर-22 स्थित गांधी स्मारक विद्यालय में शिक्षकों को सम्मानित करते समाजसेवी। (छाया: विकास)

शनिवार 04 जुलाई 2015
हिन्दुस्तान 22

न्यूज कॉर्नर

## हरियाली बचाने का संदेश दिया

नोएडा। धरती की रक्षा एवं प्रकृति को हरा-भरा रखने के लिए सेक्टर-12 के जूनियर हाईस्कूल विद्यालय में पौधरोपण किया गया। संकल्प संस्था की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बच्चों से हरियाली बचाने की अपील की। इस दौरान 60 फलदार पेड़ लगाए गए। यह जानकारी संस्था की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने दी।

नई दिल्ली, गुरुवार, 9 जुलाई 2015 | देशबन्धु 5

कैपिटल ज़ोन

## बच्चों को पौधे लगाने के लिए किया प्रेरित



नोएडा, 8 जुलाई (देशबन्धु)। संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सिद्धी लॉयन्स क्लब द्वारा पौधारोपण किया गया। सेक्टर 12 स्थित जूनियर हाईस्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों व रेखा शर्मा, उषा सिंह समेत कई लोगों ने पौधारोपण किया गया। आयोजित कार्यक्रम बच्चों को शिक्षा के अलावा अन्य गतिविधियों का भी हिस्सा बनने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सेवा कार्यों हेतु बच्चों को भी प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि वे भी देश व समाज के लिए सेवा कार्य में आगे आए। अवसर पर बच्चों ने उत्साह के साथ पौधे लगाए और उनकी रक्षा करने की भी बात कही। कार्यक्रम में सिद्धि लॉयन्स क्लब के संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट, स्कूल के छात्र-छात्राएँ व शिक्षक उपस्थित थे।

दैनिक जागरण
www.jagran.com
नई दिल्ली, 22 जून 2015

# प्रतियोगिता से प्रतिभा में आता है निखार: नगर मजिस्ट्रेट

जागरण संवाददाता, नोएडा : प्रतियोगिता के माध्यम से किसी के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने का मौका मिलता है। छात्रों को यदि अपनी मंजिल सुगमता से तय करनी है तो उन्हें किसी भी प्रतियोगिता में हिस्सा जरूर लेना चाहिए। यह बातें नगर मजिस्ट्रेट केपी सिंह ने सेक्टर 19 के सामुदायिक भवन में बच्चों को सम्मानित करते हुए कही।



पेंटिंग प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागी को पुरस्कृत करते सिटी मजिस्ट्रेट केपी सिंह। जागरण

रविवार को स्टूडेंट वेलफेयर ग्रुप आफ नोएडा और संकल्प नोएडा द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में 18 वर्ष तक के छात्रों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर सेक्टर के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष ऋषिपाल सिंह अवाना ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि छात्रों को ऐसे कार्यक्रमों में उत्साह से हिस्सा लेना चाहिए। प्रतियोगिता के दौरान मेरी गोल्ड स्कूल के प्राचार्य वीके शारदा, संकल्प ट्रस्ट की रेखा शर्मा, उषा सिंह, रेणु पवार, वीना गुप्ता, आरके गुप्ता सहित अन्य लोगों ने भी छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

हिन्दुस्तान 18
सोमवार • 22 जून 2015

# कलाकृतियों से दिया बेटी बचाओ का संदेश

नोएडा। जरूरतमंदों बच्चों की प्रतिभा सामने लाने के मकसद से रविवार को सेक्टर-19 में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 100 बच्चों ने हिस्सा लिया। बच्चों ने कलाकृतियों के जरिए बेटी बचाओ एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट और स्टूडेंट वेलफेयर क्लब की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को पेंटिंग से उनकी कल्पनाशीलता दर्शाने का मौका मिला। दो वर्गों में विभाजित प्रतियोगिता में छह से बारह और 13 से 18 साल के बच्चों ने हिस्सा लिया। बच्चों ने भ्रूण हत्या रोकने, पृथ्वी के चित्र से पर्यावरण को बचाने एवं मां के रूप को दर्शाकर नारी के महत्व को दर्शाया। (हि.सं.)

नवभारत टाइम्स । नोएडा
सोमवार, 22 जून 2015

# प्रियंका व शिव को मिला प्राइज

■ वस, नोएडा : संकल्प इंडिया संस्था और स्टूडेंट वेलफेयर क्लब ने रविवार को सेक्टर-19 में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें जरूरतमंद तबके के करीब 100 स्टूडेंट्स ने भाग लिया। कार्यक्रम में चीफ गेस्ट सिटी मैजिस्ट्रेट के पी सिंह और आरडब्ल्यूए प्रेजिडेंट ऋषिपाल अवाना थे।

प्रतियोगिता का विषय सेव गर्ल चाइल्ड और सेव इनवायरनमेंट था। इस विषय पर बच्चों ने बेहद सुंदर पेंटिंग बनाई। इसमें यश गर्ग, पुलकित गर्ग और सुनील को 7 से 12 साल की कैटिगरी में पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि प्रियंका वर्मा और शिव सोनी को 12 साल से ऊपर की कैटिगरी में पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर संकल्प इंडिया की प्रेजिडेंट रेखा शर्मा और ऊषा सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

Delhi/NCR - Noida
13 - 19 June 2015

# CLOTH BAGS DISTRIBUTED

City Buzz

To save the earth from ill effects of polythene, Sankalp India Charitable Trust distributed cloth bags and awareness pamphlets in various sectors of Noida on the occasion of World Environment Day. Trust members Usha Singh, Ashwani Sarin, Rekha Sharma, Rajeev Malhotra, S K Dixit, Vibha Chouhan, Neetika, Sushil Choudhary were a part of the initiative. Over 200 people were given cloth bags.



शनिवार 06 जून 2015
हिन्दुस्तान

## कपड़े के थैले बांटकर दिया पर्यावरण बचाओ का संदेश

विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को संकल्प संस्था ने शहर के कई सेक्टरों में कपड़े के थैले बांटकर पर्यावरण बचाओ का संदेश दिया। पॉलीथीन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जानकारी दी। इसका प्रयोग नहीं करने का संकल्प भी लिया। इसमें बच्चे, बुजुर्ग एवं नौजवान समेत करीब 70 लोग शामिल रहे। पर्यावरण सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के मकसद से आयोजित कार्यक्रम में लोगों को सौर ऊर्जा के इस्तेमाल, बिजली-पानी बचाने एवं पौधरोपण करने पर जोर दिया गया।

### पर्यावरण दिवस

- पर्यावरण संरक्षण पर दिया गया जोर
- पॉलीथिन के इस्तेमाल को बताया गया घातक

व बुजुर्गों ने बढ़-चढ़ कर सहयोग किया। युवाओं व बच्चों ने मिलकर सेक्टरों के लोगों व दुकानदारों को पर्चे बांटकर पॉलिथीन का प्रयोग बंद करने के लिए आग्रह किया। इस दौरान उषा सिंह, अश्वनी, एसके दीक्षित, नीतिका, राजीव मल्होत्रा, विभा चौहान व सुशील कुमार समेत कई अन्य लोग शामिल रहे।

नेशनल दुनिया
शनिवार • 06 जून 2015

## कपड़े के थैले और पर्चे बांटे

संकल्प इंडिया चैरिटीबल ट्रस्ट ने कार्यक्रम आयोजन के दौरान लोगों से पॉलीथिन बैगों के इस्तेमाल से दूर रहने की अपील की। ट्रस्ट की प्रमुख रेखा शर्मा ने कहा कि पॉलीथीन पर्यावरण का बहुत नुकसान पहुंचाता है, इसीलिए लोगों को इसके इस्तेमाल से बचना चाहिए।

ट्रस्ट ने शहर के कई सेक्टरों, मदर डेरी, सब्जी बाजार व अन्य जगहों पर कपड़े के थैले व पर्यावरण जागरूकता के पर्चे बांटे। इसमें युवाओं, महिलाओं

गुरुवार 21 मई 2015
हिन्दुस्तान 20

# यूपी बोर्ड के मेधावियों का सम्मान हुआ

नोएडा | हमारे संवाददाता

संसाधनों के अभाव के बावजूद अपनी लगन से यूपी बोर्ड परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले मेधावियों का बुधवार को सम्मान किया गया। सेक्टर-12 के राजकीय इंटर कॉलेज में संकल्प संस्था की ओर से हुए आयोजन में स्कूल टॉपर को प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

संस्था की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने बताया कि आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद विद्यार्थियों ने अपने बेहतर प्रदर्शन से बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक अर्जित किए हैं।

ऐसे होनहारों को प्रोत्साहित करने के मकसद से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य सरदार सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत का यह परिणाम है। दूसरे बच्चों को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। इस बीच हाईस्कूल में विद्यालय में प्रथम स्थान पाने वाले अजीत कुमार, द्वितीय स्थान पाने वाले हिमांशु कुमार, तृतीय स्थान पाने वाले शालू और इंटरमीडिएट में पहला स्थान पाने वाले प्रभाकर प्रसाद सिन्हा, दूसरा स्थान पाने वाले आशुतोष और तीसरा स्थान पाने वाले निखिल को सम्मानित किया गया।

पुरस्कार पाकर विद्यार्थी खुश नजर आए। इस मौके पर ऊषा सिंह, एसके दीक्षित, श्री भारद्वाज आदि शिक्षकगण मौजूद रहे।

### सेवानिवृत्त हुए शिक्षक को दीं शुभकामानाएं

विद्यार्थियों के सम्मान समारोह के बीच गांधी स्मारक स्कूल के शिक्षक का सेवानिवृत्त कार्यक्रम भी मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के अध्यापक ओमपाल शर्मा को शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। साथ ही उनके बेहतर भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं भी दीं।

अमर उजाला
नई दिल्ली | बृहस्पतिवार | 21 मई 2015

# छात्र और शिक्षक सम्मानित



राजकीय इंटर कॉलेज में संकल्प संस्था द्वारा सम्मानित छात्र और अध्यापक।

नोएडा (ब्यूरो)। आर्थिक रूप से कमजोर यूपी बोर्ड के 10वीं व 12वीं के छात्रों ने अच्छे अंक पाए। छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए संकल्प संस्था ने बुधवार को राजकीय इंटर कॉलेज में पुरस्कार कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें 12वीं के छात्र प्रभाकर प्रसाद सिन्हा, आशुतोष और निखिल कुमार(क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय) को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी तरह 10वीं के छात्र अजीत कुमार हिमांशु, कुमारी शालु(क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय) को भी पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा बुधवार को रिटायर हुए अध्यापक ओमपाल शर्मा को भी संस्था की तरफ से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य सरदार सिंह ने कहा कि पढ़ाई में लगन हो तो तमाम बाधाएं पार की जा सकती हैं। कार्यक्रम में संस्था की तरफ से रेखा शर्मा, ऊषा सिंह आदि शामिल रहे।

VI | दैनिक जागरण नई दिल्ली, 21 मई 2015

# मेधावी छात्रों को किया सम्मानित



संकल्प संस्था की सदस्यों ने छात्रों को किया सम्मानित।

जागरण संवाददाता, नोएडा : विषम परिस्थितियों के बावजूद कड़ी मेहनत कर दसवीं व 12वीं की परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले छात्रों को संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा राजकीय इंटर कालेज में बुधवार को प्रभाकर प्रसाद सिन्हा, आशुतोष व निखिल कुमार को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य सरदार सिंह ने भी बधाई दी। इस अवसर पर ट्रस्ट की तरफ से रेखा शर्मा, उषा सिंह, एसके दीक्षित सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

मंगलवार 28 अप्रैल 2015

हिन्दुस्तान 20

## भूकंप पीड़ितों को स्कूलों में दी जाएगी श्रद्धांजलि

नोएडा। भूकंप से देशभर और नेपाल में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए स्कूलों में प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा। यह बात संकल्प संस्था की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने सोमवार को सेक्टर-55 में हुई बैठक में कहीं।

उन्होंने बताया कि 29 अप्रैल की सुबह शहर के सभी सरकारी स्कूलों और सेक्टर-56 के सरला चोपड़ा डीएवी कॉलेज में प्रार्थना सभा होगी। इसमें सभी दो मिनट का मौन रखकर भूकंप पीड़ितों की आत्मा की शांति के लिए कामना करेंगे। साथ ही ओम शांति मंत्र का जाप किया जाएगा। बैठक के दौरान ऊषा सिंह, राजीव, ज्योति आदि मौजूद रहीं।

**जरूरत का सामान कराएंगे मुहैया**

संकल्प संस्था की ओर से भूकंप पीड़ितों की मदद को जरूरत का सामान भी भेजा जाएगा। इसके लिए संस्था के सदस्य अपनी-अपनी सोसायटी से कपड़े, खाने की वस्तु और धनराशि जमा करेंगे। एकत्र किए गए सामान को सेना की मदद से पीड़ितों तक भेजा जाएगा।

गुरुवार 30 अप्रैल 2015

हिन्दुस्तान 20

## भूकंप त्रासदी में मारे गए लोगों के लिए मंत्र जप

नोएडा | हमारे संवाददाता

भूकंप में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के मकसद से बुधवार को सेक्टर-12 के राजकीय इंटर कॉलेज में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों ने 11 बार गायत्री मंत्र एवं ओम शांति का जप कर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए कामना की। साथ ही उनके परिजनों को सहन शक्ति देने की प्रार्थना की। इसमें करीब 800 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

संकल्प संस्था की ओर से आयोजित इस सभा में सुबह साढ़े सात बजे विद्यालय में प्रार्थना की गई। संस्था की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने बताया कि बच्चों ने [illegible] याद [illegible]

भगवान का जप कर मृतकों के परिजनों को सदमे से उबरने की शक्ति देने की कामना की। स्कूल प्रधानाचार्य सरदार सिंह ने कहा कि देश में इस तरह की कोई अन्य आपदा न आए इसके लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई है।

**मदद को बढ़े हाथ :** भूकंप प्रभावित इलाके के लोगों को मदद देने के लिए शहर के कई स्कूल आगे आए हैं। सेक्टर-25 के सनराइज विले स्कूल की ओर से राहत सामग्रियां जुटाई जा रही हैं। स्कूल प्रधानाचार्य रजनी जैन ने बताया कि विद्यार्थी अपनी इच्छा से पीड़ितों के लिए अपने पुराने कपड़े एवं खाद्य-सामग्री जुटा रहे हैं। इसके लिए विद्यार्थियों की टीम भी बनाई गई है।

शनिवार 25 अप्रैल 2015
हिन्दुस्तान 24

# 'एक शाम धरा के नाम' से दिया प्रकृति बचाओ का संदेश

नोएडा | हमारे संवाददाता

पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य संकल्प संस्था द्वारा शुक्रवार को सेक्टर-6 के एनईए दफ्तर में रंगारंग कार्यक्रम का अयोजन किया गया। एक शाम धरा के नाम से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रकृति बचाओ का संदेश दिया गया। इस दौरान कविता पाठ व गजल का आयोजन हुआ। इसमें दो से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया।

प्रकृति व ऊर्जा संरक्षण के मकसद से आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों को प्राकृतिक चीजों के महत्व के बारे में बताया गया। साथ ही उनसे ऊर्जा के स्त्रोत का बेजा इस्तेमाल करने से बचने की अपील की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद विधायक विमला बाथम ने प्रकृति को सुरक्षित रखने के लिए युवाओं से आगे आने को कहा। साथ ही महिलाओं के स्वालंबी बनने पर जोर दिया।

डीएम एनपी सिंह ने ऊर्जा संरक्षण को प्रतिव्यक्ति की जिम्मेदारी बताई। कार्यक्रम में दिल्ली, मेरठ एवं नोएडा से शिरकत कर रहे कवियों ने कविता के जरिए प्रकृति को हरा भरा रखने व ऊर्जा बचाने का संदेश दिया। गीतकार गोपाल जानम, गजलकार निजामुद्दीन नजीम ने गीतों से पर्यावरण के प्रति जागरूक किया।

# धरती को ग्लोबल वार्मिंग से बचाएं

नोएडा,(ब्यूरो): धरती पर समस्त जीवधारियों का जीवन पृथ्वी की अच्छी सेहत पर निर्भर है, पृथ्वी स्वस्थ और स्वच्छ रहे, तभी हमारा अस्तित्व कायम रह सकता है। अब तक ज्ञात ब्रह्मांड में एकाकी और अद्भुत अपने इस घर की सेहत के प्रति जो जागरूकता हममें होनी चाहिए, जो महत्व हमें समझना चाहिए वह नहीं है। आज जब धरती ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन जैसे संकट से जूझ रही है,ऐसे में इसके प्रति हमारा दायित्व और भी बढ़ जाता है ये कहना है पर्यावरण प्रेमी रेखा शर्मा का। 22 अप्रैल को पूरे शहर भर में पृथ्वी दिवस मनाया जाएगा। जगह-जगह लोग पेड़ लगाएंगे,चार्चाएं करेंगे और प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। इसी क्रम में 24 अप्रैल को संकल्प इंडिया चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा एक शाम धरा के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य जिस तरह हम अपना जन्मदिन मनाते हैं ठीक उसी प्रकार हम पृथ्वी का भी दिन जोश व उमंग से मनाए। आयोजक रेखा शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम सांय 5.30 बजे से सैक्टर 6 स्थित एनईए सभागार में आयोजित होगा। जिसमें राष्ट्रीय कवि भाग लेंगे। सम्मेलन में गजलकार विजेन्द्र परवान, पोपुलर मेरठी, पीपी सिंह (कवि), गोपाल जानम(ग्पीतकार), सुषमा सवेरा, राज गोपाल आदि तमाम कवि मौजूद होंगे।

**पृथ्वी दिवस**

**एक शाम धरा के नाम कार्यक्रम का आयोजन 24 को**

Regional Supplement of Punjab Kesari, Delhi
उत्तर प्रदेश केसरी
21 अप्रैल 2015, मंगलवार
पहली नजर

दैनिक जागरण
नई दिल्ली, 9 फरवरी 2015
www.jagran.com

के बाद देशभक्ति गीत और फिर 60 और 70 के दशक के सदाबहार नगमों के जरिए संगीत व सुरों से अपना जादू चलाया मेरठ रत्न, कानपुर गौरव और आल इंडिया रेडियो में अपने गीतों का जादू चलाने वाली सरोज मिश्रा ने। उनके सुर और सहयोगियों के संगीत पर लोगों ने खूब मस्ती की। स्ट्रीट प्ले के माध्यम से स्वच्छता को लेकर संकल्प संस्था की रेखा की टीम ने न सिर्फ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि लोगों को स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत का संदेश भी दिया। सेक्टर-22 आरडब्ल्यूए के सचिव सुदर्शन अवस्थी ने कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भागीदारी निभाते हुए रस्साकसी और चम्मच दौड़ का आयोजन कराया। कार्यक्रम में लोगों ने स्वास्थ्य वर्धक खाने का लुत्फ भी उठाया। नन्हे-मुन्नों ने छोटा भीम बनकर फोटो खिंचवाई। अभिभावक भी बच्चों के साथ बचपन के दिनों की यादें ताजा करने लगे।




नुक्कड़ नाटक से पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करते संकल्प संस्था के बच्चे।

HINDUSTAN TIMES, NEW DELHI
SATURDAY, FEBRUARY 07, 2015

hindustantimes

# Students learn to manage exam stress

HT Correspondent
htreporters@hindustantimes.com

**NOIDA:** Ahead of their board examinations, Class 10 students of Gandhi Smarak School in Sector 22 participated in a stress management workshop on Friday.

The workshop was organized by NGOs Sankalp India Charitable Trust and Draupadi Devi Memorial Trust for the students of the government school who will have their Uttar Pradesh Board Examinations from February 19.

At the one-day workshop, the students were told about ways to deal with examination stress.

"We are focusing on government schools because these children do not get enough counselling from parents and teachers. While private schools these days focus on stress management, there are no such workshops organized by the state in government schools. The response from children was overwhelming," said Rekha Sharma, president of Sankalp India Charitable Trust.

The students were given tips for time management and enhancement of retention power.

"We taught deep-breathing exercises to the children, motivated them to take breaks while studying and regularly revise lessons. We encouraged them to follow some dietary tips like taking light meals while studying, regular intake of lemonade and fruits to keep the mind fresh," said Usha Singh, a member of Sankalp India.

The NGO will also conduct workshops in other government schools.



At the one-day workshop, students were taught deep-breathing exercises and other ways to deal with stress. SUNIL GHOSH/HT PHOTO

noida.nbt.in नवभारत टाइम्स । नोएडा । शनिवार, 7 फरवरी 2015

एग्जाम टाइम | स्कूलों में स्टूडेंट्स के लिए लगाई जा रही हैं मेडिटेशन और योग क्लासेज

# ध्यान से भगा रहे हैं पढ़ाई का तनाव

■ एनबीटी न्यूज, नोएडा

बोर्ड एग्जाम का स्ट्रेस स्टूडेंट्स का रिजल्ट खराब न कर दे, इसके लिए स्कूलों में मेडिटेशन और योग क्लासेज लगाई जा रही है। शुक्रवार को सेक्टर-12 के गांधी स्मारक स्कूल में एक्सरसाइज और मेडिटेशन से स्टूडेंट्स को तनाव भगाने के तरीके बताए गए। इन बच्चों पढ़ाई का सही शेड्यूल भी बताया गया।

स्कूल के प्रिंसिपल ओमपाल सिंह के अनुसार, स्ट्रेस की वजह से जो कुछ याद होता है, वो भी दिमाग से निकल जाता है। ऐसे में एग्जाम के दिनों में बच्चों का माइंड रिलैक्स रखना बहुत जरूरी है, जिसके लिए यह क्लास लगवाई गई है। बता दें कि स्कूल में यह क्लास संकल्प इंडिया चैरिटेबल और द्रौपदी देवी मेमोरियल ट्रस्ट की तरफ से लगाई गई थी। मेडिटेशन क्लास में रेखा शर्मा और उषा सिंह ने स्टूडेंट्स को माइंड रिलैक्स करने के लिए टिप्स दिए।



सेक्टर-22 स्थित गांधी स्मारक स्कूल में बोर्ड की परीक्षा को लेकर स्टूडेंट्स को एक एनजीओ की तरफ से स्ट्रेस फ्री रहने के टिप्स दिए गए

## ऐसे करें स्ट्रेस कम


- हाथों की मुट्ठी बनाकर आंखों को बंद करके मुंह पर लाएं और धीरे-धीरे मुंह पर फेरें। फिर हाथों को पैरों तक ले जाएं। इससे पॉजिटिव एनर्जी मिलती है।
- एकांत जगह पर बैठकर लंबी-लंबी सांस लेने से दिमाग को ऑक्सीजन मिलती है और यह फ्रेश होता है।

## पढ़ाई पर करें फोकस

- अखबार का एक पैराग्राफ पढ़ें और उसमें सिर्फ एक वर्ड को सर्कल करें। इससे पढ़ाई में कंसेन्ट्रेशन बढ़ती है।
- 6 घंटे की नींद पूरी लें।
- हैवी फूड अवॉइड करें। हल्का खाना खाएं, पानी खूब पीएं
- खाने के तुरंत बाद न पढ़ने बैठें। 40 मिनट पढ़ने के बाद 5-10 मिनट का ब्रेक लें।

दैनिक पैनी खबर | गौतमबुद्धनगर, सोमवार 2 फरवरी 2015

नोएडा। रविवार सुबह दैनिक जागरण द्वारा बसंत कनेक्शन कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर 21 ए स्थित स्टेडियम में धूमधाम से किया गया। इस कार्यक्रम में संकल्प इण्डिया चेरीटेबल ट्रस्ट ने भी भाग लिया तथा इससे कई सालों से जुड़ी रही टॉपर्स डान्स एकेडमी के छात्रों ने भी अपनी प्रतिभा का नजारा पेश किया, टॉपर्स डान्स एकेडमी के बच्चों ने देशभक्ति के गानों पर भी जमकर अपना कौशल





दिखाया। इस चेरीटेबल ट्रस्ट को रेखा शर्मा व ऊषा सिंह संयुक्त रूप से संचालित करती हैं। इनके द्वारा बताया गया कि टॉपर्स डान्स एकेडमी के बच्चे अगले रविवार को भी अपनी प्रतिभा का नजारा दिखाऐंगे और ऐसे कार्यक्रम आने वाले तीन माह तक प्रत्येक रविवार को आयोजित किये जायेंगे। इस कार्यक्रम को दैनिक जागरण ने "सण्डे का फन डे" नाम दिया है। ट्रस्ट की संचालिका रेखा शर्मा ने बताया कि हमारी ट्रस्ट गरीब बच्चो की प्रतिभा को निखारने एवं इसके विकास के लिये कई तरह के कार्यक्रम आयोजित करती है। जिसमें ऐसे बच्चों को अपना हुनर दिखाने का पूरा मौका मिलता है। तथा ट्रस्ट विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के अलावा पर्यावरण के क्षेत्र में भी काफी कार्य कर रही है। जिसमें कि 2013 में प्लास्टिक के खिलाफ चलाया गया आन्दोलन प्रमुख है।

वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली निकाली



# पर्यावरण संरक्षण के लिए कारगर मुहिम

बिशन पपोला

नोएडा। स्वच्छ पर्यावरण के बगैर स्वस्थ जीवन की कामना नहीं की जा सकती है। यह जानते हुए भी लोग पर्यावरण को प्रदूषित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। चाहे पेड़ों का कटान हो या फिर अंधाधुंध तरीके से प्लॉस्टिक के कप और पॉलीथिन का इस्तेमाल। प्रतिदिन हजारों कप और पॉलीथीन नालियों में डाली जाती हैं जो धीरे-धीरे पर्यावरण में जहर घोलने का काम करते हैं।

ऐसे में संकल्प इंडिया चैरिटीबल ट्रस्ट की प्रमुख रेखा शर्मा की मुहिम काफी कारगर साबित हो रही है। उन्होंने न केवल लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने की मुहिम छेड़ रखी है बल्कि वह लोगों की आदत में कागज के कप और कपड़े के बैग इस्तेमाल करने को भी शामिल कर रही हैं। शहर में हजारों ऐसे लोग हैं जो उनके जागरूकता कार्यक्रमों के बाद दिनचर्या में पॉलीथीन के बैग की जगह कपड़े के बैग इस्तेमाल करने लगे हैं। वहीं, सैकड़ों चायवाले ऐसे हैं जो अब प्लॉस्टिक के कप में ग्राहकों को चाय नहीं बेचते हैं, बल्कि वे अब कागज के कपों में ही चाय बेच रहे हैं।

यह मुहिम पिछले तीन साल से चल रही है। अब तक सैकड़ों चाय विक्रेताओं को वह न केवल हजारों कागज के कप निःशुल्क प्रदान कर चुकी हैं, बल्कि सैकड़ों चाय विक्रेताओं को इस बात के लिए तैयार कर चुकी हैं कि वे कभी भी प्लॉस्टिक के कपों का इस्तेमाल नहीं करेंगे। समय-समय पर मौके पर जाकर वह इस बात की भी टोह लेती हैं कि आखिर जिस व्यक्ति को उन्होंने जागरूक किया है वह उस चीज पर कितना अमल कर रहा है। अधिकांश मौके पर उन्हें सार्थक परिणाम ही देखने को मिलते हैं। चाय विक्रेताओं को प्रोत्साहित करने के लिए ट्रस्ट ने उन्हें पुरस्कृत भी किया। उन्हें पुरस्कार स्वरूप जो छाते दिए गए हैं, उनमें यह स्लोगन लिखे गए हैं- प्लॉस्टिक हटाओ, पर्यावरण बचाओ, ईको फ्रैंडली चाय वाला। इसकी देखा-देखी अन्य चायवालों ने भी प्लॉस्टिक के कपों से तौबा कर कागज के कपों का इस्तेमाल शुरू कर दिया।

ऐसा ही एक चाय विक्रेता रामू कहता है कि शायद वह प्लॉस्टिक के कप में चाय परोसने के साथ ही लोगों को बीमारियां भी परोसता था, लेकिन अब वह ऐसा कभी नहीं करेगा। उसने बताया कि वह छह-सात साल से चाय बिक्री का काम कर रहा है। उसे जानकारी नहीं थी कि प्लॉस्टिक के कप किसी प्रकार का नुकसान पहुंचाते हैं, लेकिन रेखा शर्मा ने जब इसके प्रभाव के बारे में बताया तो मैं भी आश्चर्य चकित रह गया। उसने बताया कि अब वह केवल कागज के कप में ही चाय बेचता है।



चाय विक्रेता को छाता प्रदान करतीं रेखा शर्मा। नेशनल दुनिया



"पर्यावरण को प्रदूषित करने में प्लॉस्टिक के कप और पॉलीथिन की भूमिका है। ऐसी चीजों के इस्तेमाल से न केवल पर्यावरण बीमार होता है बल्कि लोग भी आसानी से बीमारियों की चपेट में आते हैं। ट्रस्ट का मकसद पूरी तरह प्लॉस्टिक हटाना है और पर्यावरण को बचाना है"।

रेखा शर्मा, प्रमुख संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट

## दर्जनों स्कूलों में बांट चुकी हैं बैग

अगर, बच्चे जागरूक होंगे तो बड़ों को अपने-आप समझ में आ जाएगा कि प्लॉस्टिक के कप और बैग कितने खतरनाक होते हैं इसको ध्यान में रखते हुए ट्रस्ट ने शहर के दर्जनों स्कूलों में कपड़े के बैग बंटवाए। प्रति स्कूल एक हजार बैग बांटे गए हैं ताकि बच्चे घर ले जाकर अपने माता-पिता को समझा सकें कि खरीदारी के लिए प्लॉस्टिक बैग न लें। इसके अतिरिक्त कार्यशालाओं और काउंसिलिंग के जरिए भी बच्चों, चायवालों और अन्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाता है। उधर, समय-समय पर साप्ताहिक बाजारों में भी कपड़े के बैग बंटवाए जाते हैं।

### खुशबू जिंदगी की...



"मैंने देखा है कि रेखा जी में एक जुनून है कि पर्यावरण को कैसे बचाया जाए। उनका यह जुनून काफी रंग ला रहा है, क्योंकि कुछ लोग जागरुक होंगे तो उन्हें देखकर अन्य लोग भी प्लॉस्टिक के नुकसान को समझेंगे और उसके इस्तेमाल से हर हाल में बचेंगे"।

छाया राय, सेक्टर-27 निवासी



'यह बहुत अच्छी मुहिम है। लगातार पेड़ों की कटाई से पर्यावरण तो प्रभावित हो ही रहा है, लेकिन प्लॉस्टिक के कप और पॉलीथीन पर्यावरण के लिए अधिक घातक साबित हो रहे हैं। ट्रस्ट की मुहिम औरों के लिए भी प्रेरणास्रोत है'।

एसके. दीक्षित, सेवानिवृत मैनेजर एनटीपीसी

## महिलाओं को देती हैं रोजगार

रेखा शर्मा की इस मुहिम के पीछे कई गरीब महिलाओं को रोजगार भी मिल रहा है। वह कपड़े के बैग प्रोफेशनल टेलरों से नहीं बल्कि उन महिलाओं से तैयार करातीं हैं, जो थोड़ी-बहुत सिलाई का काम जानती हैं। इसके पीछे उनका मकसद उन्हें न केवल काम में कुशल बनाना होता है बल्कि उन्हें रोजगार भी मुहैया कराना होता है, जिससे वे अपनी आजीविका चला सकें।

उत्तर प्रदेश केसरी
वार

20 जनवरी, 2015, मंगलवार

## दो सौ बच्चों में बांटी पढ़ाई की जरूरी चीजें

नोएडा (ब्यूरो): इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे कुछ छात्रों ने सोमवार को सेक्टर-12 स्थित प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को पढ़ाई की सामग्री वितरित की। छात्रों ने विद्यालय में मौजूद 200 बच्चों को कॉपी, पेंसिल, रबर व अन्य शिक्षा की सामग्री को वितरित किए। इंजीनियरिंग कर रहे छात्र मोहित का कहना है कि बच्चों को पढ़ाई की जरूरत मंद चीजें वितरित करने के पीछे उद्देश्य है कि बच्चे किसी अभाव में अपनी पढ़ाई को प्रभावित न करें। उनको वो सब मिले जो उन्हें चाहिए। इस अवसर पर रेखा शर्मा, अनुज, अंकित, सचिन, अनीष और शारदा चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।



सेक्टर-12 स्थित प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को कापी और किताबें बांटते समाजसेवी। (छाया: विकास)

अमर उजाला नोएडा-ग्रेनो
नई दिल्ली मंगलवार 20 जनवरी 2015

### न्यूज डायरी



नोएडा में सेक्टर 12 स्थित प्राइमरी स्कूल में गरीब विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री बांटते वात्सल्य इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य।

दैनिक जागरण

नई दिल्ली, 8 जनवरी 2015 | 9

जनहित जागरण
जितने सूरज उतने सवेरे
देश हित में दैनिक जागरण की पहल

नारी सशक्तीकरण

आओ मिलकर करें प्रदान
नारी सशक्तीकरण हेतु समाध

# अपनी खुशी के लिए दूसरों को बांटती मुस्कान

मनोज त्यागी, नोएडा

खुद खुश रहना और दूसरों के चेहरे पर मुस्कान लाना रेखा शर्मा का शगल है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्होंने हैंडीक्राफ्ट प्रशिक्षण के लिए कार्यशाला शुरू की और अपने इस प्रयास से वह सौ महिलाओं को स्वावलंबी बना चुकी हैं। वह नृत्य और पेंटिंग भी सिखाती हैं। महिलाओं को अपने पैरों पर खड़ा करने के साथ उनका दूसरा सरोकार समाज को पालीथिन मुक्त बनाना है। लोगों को जागरूक करने के लिए वह कपड़ों का बैग बना स्कूलों में बांटती हैं।

सेक्टर-55 में रहने वाली रेखा शर्मा का जन्म वर्ष 1964 में आगरा के रहने वाले रामनिवास के घर हुआ था। पिता कापरेटिव सोसायटी में काम करते थे। आगरा से स्नातक की शिक्षा लेने के बाद यादवेंद्र शर्मा से शादी हो गई। शिक्षा का क्रम आगे बढ़ाते हुए फैशन और इंटीरियर डिजाइनिंग का कोर्स कर डाला। इसी दौरान तंजौर पेंटिंग भी सीख ली। बेटे को पढ़ा लिखाने के बाद नौकरी में लग जाने पर एक बार फिर लोगों की फिक्र होने लगी। पढ़ाई के समय भी गरीबों की बहुत फिक्र रहती थी। महिलाओं को सशक्त करने के लिए उन्हें पेंटिंग, हैंडीक्राफ्ट और डांस का प्रशिक्षण देने के लिए कार्यशाला(वर्कशाप) का आयोजन किया। जो महिलाएं काम सीखने के लिए आती उनसे बहुत ही कम पैसा लेकर उन्हें रोजगार परक शिक्षा दी जाती। उनके द्वारा मिलने वाले पैसा उन्हीं के ऊपर खर्च कर दिया जाता। इसके लिए वह महिलाओं को उनकी जरूरत का सामान खरीद कर दे देती है।

## सौ से अधिक महिलाओं व लड़कियों को बनाया आत्मनिर्भर

पेंटिंग, हैंडीक्राफ्ट, डांस के लिए वर्कशाप आयोजित कर गरीब महिला व लड़कियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके बाद इन महिलाओं को उनके द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को बाजार तक पहुंचाया जाता है। इससे इन महिलाओं की आमदनी बढ़ जाती है और वह भी समाज में स्वाभिमान के साथ सिर उठाकर चलती है।

- हैंडीक्राफ्ट,पेंटिंग और नृत्य का प्रशिक्षण दे सौ महिलाओं को बनाया आत्मनिर्भर
- पालीथिन मुक्त समाज बनाने के लिए भी रेखा शर्मा कर रही प्रयास



रेखा शर्मा

## दूसरों की मदद करना अच्छा लगता है

रेखा शर्मा बताती है कि दूसरों की मदद करना उन्हें अच्छा लगता है। मन होता था कि महिलाओं के लिए कुछ करूं, तो तय कर डाला कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाना सबसे अच्छा रहेगा। यही सोचकर कदम आगे बढ़ा दिए। पालीथिन खाकर गाय को मरते देखा और नालों को पटते देखा। इसलिए आसपास के सेक्टरों में अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया। अब एक गांव को गोद लेकर वहां की व्यवस्था सुधारना चाहती हूं। ताकि उस गांव की महिलाओं को स्वावलंबी बनाया जा सके।

## व्यक्तित्व निखारने के लिए कराती हैं प्रतियोगिता

महिला व लड़कियों को समाज में कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए उन्हें तैयार भी किया जाता है। इसके लिए समय-समय पर प्रतियोगिता आयोजित कराई जाती है। ताकि उनके व्यक्तित्व को निखारा जा सके और वह समाज में दमदारी से अपने को स्थापित कर सकें।

## पुराने कपड़े के बैग बनवाकर स्कूल के बच्चों में बांटती हैं

पर्यावरण को लेकर रेखा शर्मा काफी संजीदा है। इसके लिए उन्होंने अभियान चलाकर अपने साथ दूसरे सेक्टर के लोगों को जागरूक किया। स्कूल के बच्चों से पुराने कपड़े मंगाकर उनके बैग बनवाए। वापस उन्हीं बच्चों को बैग दिए गए। इसके बदले बच्चों से दस से बीस रुपये तक लिए गए। ये पैसे बैग बनाने वाली महिलाओं को दिये। ताकि वह भी अपना खर्चा चला सकें। यह कार्य वह आए दिन करती रहती हैं।

## मानसिक रोगी लड़की को पहुंचाया दिल्ली होम केयर

कोमल ह्रदय की रेखा को सदा गरीबों की चिंता रहती है। उनकी मदद के लिए वह कभी भी कहीं भी तैयार रहती है। एक बार की बात है कि मानसिक रूप से विक्षिप्त झुग्गियों में रहने वाली लड़की बचपन से ही उनके सेक्टर में घूमा करती थी। जैसे-जैसे बड़ी होने लगी, तो उसकी चिंता रेखा शर्मा को सताने लगी। उन्हें डर रहता कि कहीं कोई दानव उस लड़की के साथ कुछ गलत न कर दे। इसके लिए उन्होंने लड़की के घर वालों से कई बार कहा भी, परंतु वह लड़की कभी भी घर से निकल आती थी। लड़की की हिफाजत के लिए उन्होंने जिलाधिकारी, एसएसपी और अन्य तमाम अधिकारियों से गुहार लगाई, परंतु कहीं से कोई व्यवस्था नहीं हुई। बाद में उस लड़की को दिल्ली की आशा किरन संस्था में पहुंचाया।

हिन्दुस्तान 18
नोएडा • बुधवार • 03 दिसंबर 2014

# चित्रकला में तोसीफ पहले स्थान पर

नोएडा। पॉलीथीन को हटाना है, पर्यावरण बचाना है। कुछ इसी संदेश के साथ संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से मंगलवार को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सेक्टर 12 के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों ने हिस्सा लिया।

पर्यावरण को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने कूड़ा डस्टबिन में डालें, गंदगी न फैलाएं, कपड़े के बैग का करें इस्तेमाल आदि विषय पर चित्रकला बनाई। प्रतियोगिता में आठवीं के छात्र तोसीफ पहले स्थान पर, दूसरा मनीषा कुमारी व तीसरा स्थान सातवीं की मोना कुमारी ने प्राप्त किया।

अमर उजाला
नई दिल्ली | बुधवार | 3 दिसंबर 2014

## पर्यावरण के प्रति किया जागरूक

नोएडा। संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से मंगलवार को सेक्टर-12 स्थित माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें पॉलीथिन की जगह कपड़े के बैग इस्तेमाल करने की सलाह दी गई। इस दौरान मोनिका नेगी, रेखा शर्मा और मास्टर सोहेल खान आदि उपस्थित थे। (ब्यूरो)

जय हिन्द जनाब 3
बुधवार, 03 दिसंबर, 2014

# पर्यावरण जागरूकता के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता




जय हिन्द संवाद

नोएडा। संकल्प इंडिया चेरिटेबल ट्रस्ट कई वर्षों से समाज के विभिन्न वर्गों में पर्यावरण जागरूकता अभियान चला रहा है। इस अभियान के तहत अन्तर्गत आज पूर्व माध्यमिक विद्यालय सेक्टर–12 नोएडा में एक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ट्राफी के अतिरिक्त पालीथिन के विरोध में बच्चों को कपड़े के बैग भी दिए गए। जिस पर लिखा था 'एस आई एम इकोफ्रेन्डली'। बच्चों से भविष्य में पालीथिन के बैग के स्थान पर कपड़ों के बैग के इस्तेमाल करने की अपील की गई। इस अवसर पर राष्ट्रपति सम्मानित मास्टर छोटे लाल, स्कूल की प्रधानाचार्या, बीना नेगी, ट्रस्ट की रेखा शर्मा, शारदा चतुर्वेदी, छाया, समन, अन्जु, एस के दीक्षित व अन्य सदस्यों ने भी पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया।

वार

17 सितम्बर, 2014, बुधवार

छोटे पौधों को होता है ज्यादा नुकसान

# टाईल्स कमजोर कर रहीं पेड़ों की जड़ों को

■ शहर की हरियाली को खत्म करने का काम कर रही इंटरलाक टाइल्स

4 | देशबन्धु | नई दिल्ली, बुधवार, 17 सितम्बर, 2014

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

परेशानी कहीं अधूरा न रह जाए 'ग्रीन नोएडा' का सपना

# हरियाली खत्म कर रही इंटरलॉक टाइल्स



■ कार्रवाई न किए जाने पर नाराज पर्यावरण प्रेमी

■ पेड़ों की जड़ों को कमजोर कर रहे हैं टाइल्स

## छोटे पौधों को होता है ज्यादा नुकसान

## क्या कहते हैं निवासी

हिन्दुस्तान 14
नोएडा • रविवार • 10 अगस्त 2014

# पवित्र धागे संग बंधेगा भाई-बहन का प्यार



सेक्टर-12 के सरस्वती शिशु मंदिर में संकल्प इंडिया की ओर से आयोजित कार्यक्रम के बाद बच्चों को राखी बांधी गई। • हिन्दुस्तान

नई दिल्ली | 10 अगस्त 2014
अमर उजाला

## ईकोफ्रेंडली राखी बांटी गई छात्रों को

सेक्टर-12 के सरस्वती शिशु मंदिर में संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से करीब 300 विद्यार्थियों को ईकोफ्रेंडली राखी बांटी गई। वहीं 100 से अधिक विद्यार्थियों को कागज से बने बैग बांटा गया।

पर्यावरण दिवस पर विशेष

हिन्दुस्तान

नोएडा • शुक्रवार • 06 जून 2014





1. गुरुवार को सेक्टर-27 स्थित कैलाश अस्पताल के सभागार में सूर्या संस्थान और संकल्प इंडिया ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डांस करते बच्चे।
2. सेक्टर-1 उत्तर प्रदेश प्रदूषण बोर्ड द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। अपनी बनाई हुई पेंटिंग्स के साथ बच्चे।
3. सेक्टर-55 स्थित कलाघर में आरडब्ल्यूए द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पौधा व होर्डिंग पर लिखे संदेश के साथ बैठे बच्चे।
4. सेक्टर-20 स्थित पार्क में पौधा लगाते प्राधिकरण के यादव सिंह एवं फोनरवा के पदाधिकारी।

• हिन्दुस्तान/[illegible] (सभी फोटो)

22 | दैनिक जागरण नई दिल्ली, 6 जून 2014

# नाटक व गोष्ठी से किया जागरूक



ओखला पक्षी विहार में पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यशाला में बच्चों को संबोधित करते जिला वन अधिकारी केके सिंह। जागरण

जागरण संवाददाता, नोएडा : विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर बृहस्पतिवार को शहर में जगह-जगह पर्यावरण संरक्षण पर कार्यक्रम हुए। कहीं नाटक तो कहीं गोष्ठी में पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए अलख जगाया गया। एमिटी विश्वविद्यालय में पर्यावरण दिवस के मौके पर पर्यावरण व वन मंत्रालय के निदेशक डॉ. वीपी उपाध्याय मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण आज के समय की सबसे बड़ी मांग है। ग्लोबल वार्मिंग से छोटे राष्ट्रों का अस्तित्व खतरे में है। इस वक्त सभी को पर्यावरण संरक्षण को काफी संजीदगी से लेने की जरूरत है।

**नाटक से समझाया महत्व:** कैलाश सभागार में संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट और सूर्या संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल के पूर्व महासचिव योगेन्द्र नारायण सहित कई सम्मानित लोग मौजूद रहे। इसमें बच्चों ने [illegible] और [illegible] जैसे नाटकों से पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया।

**हैंडबिल बांटकर जागरूक किया:** निर्माण नोएडा ने नोएडा सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन के पास हैंडबिल और पोस्टर बांटकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। निर्माण नोएडा के अध्यक्ष आरके गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए जन-जन का जागरूक होना जरूरी है।

नई दिल्ली | शुक्रवार | 6 जून 2014

# 'हर व्यक्ति एक पेड़ जरूर लगाए'

अमर उजाला ब्यूरो

नोएडा। पर्यावरण दिवस पर बृहस्पतिवार को ओखला पक्षी विहार में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को प्रकृति के बारे में बताया गया। वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण की अनदेखी करने वालों को प्रकृति माफ नहीं करेगी।

वन विभाग और बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी (बीएनएचएस) द्वारा आयोजित कार्यक्रम की अगुवाई जिला वन अधिकारी (डीएफओ) केके सिंह, पक्षी विहार के रेंजर [illegible] सिंह और बीएनएचएस के [illegible] अहमद ने की। स्कूली बच्चों के साथ पक्षी विहार का भ्रमण किया गया और पेड़ पौधों की उपयोगिता के बारे में बताया। रेंजर [illegible] सिंह ने बताया कि ज्यादा [illegible] के बीच पर्यावरण पीछे छूट चुका है। [illegible] के बीच मैदान खत्म हो गए हैं। अगर ऐसे ही पेड़ों को नुकसान पहुंचाया गया तो वह दिन दूर नहीं जब न तो सांस लेने के लिए शुद्ध हवा मिलेगी और न ही शुद्ध पानी पीने के लिए मिलेगा। डीएफओ केके सिंह ने बताया कि हर व्यक्ति एक पेड़ लगाए और उसकी देखरेख करे तो आने वाली पीढ़ी को शुद्ध हवा की सौगात मिल सकती है।



## कृष्णा, अदिति और शिवांगी प्रथम

नोएडा। पर्यावरण दिवस पर बृहस्पतिवार को पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें विभिन्न वर्गों में कृष्णा [illegible], अदिति यादव और शिवांगी [illegible] ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सेक्टर-1 स्थित क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में 'सड़क और वाहन, नॉट द सी लेवल' विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता तीन वर्ग कक्षा एक से पांच, छह से आठ और नौ से बारह में आयोजित हुई। इसमें शहर के स्कूलों के कई छात्रों ने भाग लिया और प्रकृति से जुड़ी कलाकृति बनाई। [illegible] ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम

नोएडा (ब्यूरो)। सेक्टर-27 स्थित कैलाश सभागार में बृहस्पतिवार को सूर्या संस्थान और संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। पर्यावरण दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में 'रेज योर वायस नॉट द सी लेवल' पर वक्ताओं ने अपने विचार प्रकट किए।

## जिला जेल में पौधरोपण

ग्रेटर नोएडा। जिला जेल में पर्यावरण दिवस के अवसर पर बृहस्पतिवार को कटहल, नींबू, अमरूद और अनार के पौधे लगाए गए। इसके साथ ही नीम और सुगंधित पौधे भी लगाए गए हैं। प्रभारी जेलर [illegible] सिंह, डिप्टी जेलर [illegible] सिंह समेत अन्य अधिकारियों के साथ ही बंदियों ने भी पौधरोपण किया।

13

नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) बुधवार, 04 जून, 2014

www.jaihindjanab.com

## पर्यावरण दिवस



नोएडा : ए-80 सेक्टर-55 में संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर आज पर्यावरण बचाव के लिए रिहर्सल किया गया।

www.jaihindjanab.com

नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) मंगलवार, 06 मई, 2014

# छात्रों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

जय हिन्द संवाद




नोएडा। सेक्टर-56 स्थित सरला चोपड़ा डीएवी स्कूल में छात्रों ने पृथ्वी को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए पॉलीथिन के प्रयोग का विरोध कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

स्कूल में संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट ने विद्यार्थियों को लगभग 800 कपड़ों के बैग वितरित किए और छात्रों से अपील की कि वे पॉलीथिन का इस्तेमाल न करें। इस मौके पर ट्रस्ट की ओर से रेखा शर्मा, पद्मा दीक्षित, उषा, एसके दीक्षित, रेणु शर्मा, टीके मित्तल, कुसुम जोशी और ममता तिवारी उपस्थित रहे। इस दौरान छात्रों ने पर्यावरण से संबंधित सवाल-जवाब भी किए।

अमर उजाला

नई दिल्ली | बुधवार | 7 मई 2014

## पर्यावरण के प्रति किया जागरूक

नोएडा (ब्यूरो)। पृथ्वी को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट ने स्कूली बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। संस्था की रेखा शर्मा ने बताया कि मंगलवार को विभिन्न स्कूलों के 800 बच्चों को जागरूक रखने के लिए पॉलीथिन का प्रयोग नहीं करने का संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर प्राधिकरण के जीएम डीबी मलिक मुख्य अतिथि रहे। संस्था की तरफ से पद्मा दीक्षित, एसके दीक्षित, छाया, एसके मित्तल, रेनू शर्मा, दीप्ति मित्तल, कुसुम जोशी आदि शामिल रहे।

11

हिन्दुस्तान • बुधवार • 07 मई 2014

## पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया

नोएडा। पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने और पृथ्वी को हरा-भरा रखने के लिए संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट ने मंगलवार को सीएसी पब्लिक स्कूल में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के 5वीं के छात्र आरव पहले स्थान पर रहे। वहीं आकांक्षा दूसरे और भास्कर तीसरे स्थान पर रहे।

क्विज प्रतियोगिता में छात्रों से पर्यावरण और प्रदूषण से जुड़े विभिन्न तरह के सवाल पूछे गए। साथ ही छात्रों को पर्यावरण को हरा-भरा बनाने के लिए छोटे-छोटे उपाय भी बताए गए। इस मौके पर उपस्थित प्राधिकरण के जनरल मैनेजर डीबी मलिक ने कहा कि इस तरह के आयोजन से छात्र पर्यावरण के प्रति संवेदनशील होते हैं। उन्होंने प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में ट्रस्ट की सदस्य रेखा शर्मा, पद्मा दीक्षित उपस्थित रहीं। (काससं)

# अर्थ-डे पर कई कार्यक्रमों का हुआ आयोजन





सेक्टर-22 स्थित गांधी स्मारक स्कूल में अर्थ-डे पर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागी बच्चे। रेयॉन इंटरनेशनल स्कूल के छात्र जागरूकता रैली निकालते नेशनल दुनिया

नेशनल दुनिया

नोएडा। मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय अर्थ-डे के अवसर पर शहर में कई स्थानों पर कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सेक्टर-62 स्थित मौसम विभाग के अधिकारियों ने पेड़ लगाकर पर्यावरण और धरती बचाओ का संदेश दिया। सेक्टर-51 स्थित मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल में गो ग्रीन सप्ताह-2014 का आयोजन पूरे उत्साह और उल्लास के साथ शुरू किया गया। यह कार्यक्रम आगामी 25 अप्रैल तक चलेगा।

पहले दिन, स्पेशल असेंबली का आयोजन किया गया। जहां विद्यार्थियों ने द अर्थ एंथम गाया और पृथ्वी संरक्षण पर अपने विचार साझा किए। विद्यार्थियों के एक समूह ने क्लीन अर्थ और ग्रीन अर्थ थीम पर नृत्य प्रस्तुत किया और मातृभूमि धरती को कभी भी प्रदूषित नहीं करने और अधिक से अधिक पौधारोपण करने की शपथ ली।



अर्थ-डे पर पौधारोपण करते मौसम विभाग के अधिकारी। नेशनल दुनिया

## पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने लिया हिस्सा

संकल्प इंडिया चेरिटीबल ट्रस्ट ने सेक्टर-22 स्थित गांधी स्मारक स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके अलावा संस्था ने पर्यावरण संरक्षण से संबंधित कार्यक्रम आगे भी जारी रखने का ऐलान किया है। ट्रस्ट की प्रमुख रेखा शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच पर्यावरण को सुरक्षित रखने के प्रयास को बढ़ावा देना है।

## गीत और नाट्य कार्यक्रम हुए आयोजित

सेक्टर-39 स्थित रेयॉन इंटरनेशनल स्कूल में अर्थ-डे पर कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने गीत और नाट्य कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

प्रकृति और मनुष्य के इस संघर्ष को प्रतिध्वनित करता गीत-कल तो थी गीली-गीली धरती और था मीठा-मीठा जल, आंख हो जाती है नम, याद आते हैं जब वे पल, ने आज प्रकृति के साथ किए जाने खिलवाड़ से रूबरू कराया।

इसके अलावा कई और कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह दिखाई दिया।

नई दिल्ली, 23 अप्रैल 2014 दैनिक जागरण

# नौनिहालों ने धरा बचाने की दिखाई राह




मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

जागरण संवाददाता, नोएडा : शहर के स्कूलों में मदर अर्थ को बचाने की कवायद की गई। कहीं पेंटिंग प्रतियोगिता, कहीं फेस पेंटिंग तो कहीं नृत्य और संगीत के जरिए नन्हे-मुन्नों ने धरती को बचाने के लिए जनमानस को जागरूक किया।

**द्रोणवीर ने पेंटिंग में उकेरी धरा:** सेक्टर-22 स्थित गांधी स्मारक स्कूल में संकल्प इंडिया चैरिटेबिल ट्रस्ट के तत्वावधान में विश्व अर्थ दिवस पर पेंटिंग प्रतियोगिता गांधी वनस्थली स्कूल के बच्चों ने भी भाग लिया। बच्चों ने अपनी पेंटिंग से धरा को बचाने के लिए बोलती तस्वीरें बनाईं। इन्हें प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया।

**चेहरे पर उतर आया धरा का दर्द:** सेक्टर-62 स्थित आइएमएस में अर्थ डे पर इंटर कॉलेज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें नुक्कड़, नाटक, फेस पेंटिंग, कविता व वाद-विवाद के माध्यम से धरा के दर्द को बताने की कोशिश की गई। इस दौरान आइएमएस में ग्रीन क्लब की शुरुआत करने की घोषणा भी की गई।

**कल थी गीली-गीली धरती और मीठा-मीठा जल:** रायन इंटरनेशनल स्कूल में नन्हे-मुन्नों ने वर्ल्ड अर्थ डे मनाया। बच्चों ने कल थी गीली-गीली धरती और था मीठा-मीठा जल, आंख हो जाती है नम जब याद आते हैं वो पल गीत के माध्यम से धरा प्रदूषण का हाल बयां किया।

**द अर्थ एंथम गाया गया:** मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल में गो ग्रीन सप्ताह के तहत द अर्थ एंथम गाकर बच्चों ने अर्थ को बचाने का संदेश दिया। क्लीन और ग्रीन अर्थ पर बच्चों ने नृत्य पेश किया। प्रधानाचार्य सुनंदा ग्रोवर ने कहा कि आने वाली पीढ़ी को धरती को सहेजने की जिम्मेदारी समझाई जाए।

**पौधारोपण कर मनाया अर्थ डे:** सेक्टर 19 स्थित मैरीगोल्ड पब्लिक स्कूल में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपने छोटे-छोटे हाथों से पौधारोपण कर अर्थ डे मनाया।

4 NBT

बुधवार, 23 अप्रैल 2014

स्पेशल असेंबली का आयोजन किया गया, जहां पर स्टूडेंट्स ने पृथ्वी संरक्षण विषय पर अपने-अपने विचार रखे। इसमें स्टूडेंट्स ने क्लीन अर्थ और ग्रीन अर्थ थीम पर डांस भी किया। इस मौके पर स्लोगन लेखन, जल संचयन, पेपर बैग बनाने व कविता लेखन प्रतियोगिता हुई। सेक्टर 19 मैरी गोल्ड स्कूल में भी वर्ल्ड अर्थ डे पर प्रोग्राम हुआ। यहां बच्चों ने पौधे लगाए। वहीं, गांधी स्मारक विद्यालय सेक्टर-22 में संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से स्टूडेंट्स के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई गई। संकल्प ट्रस्ट से जुड़ी रेखा शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य यही था कि ज्यादा से ज्यादा स्टूडेंट्स पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूक हो सकें। इसके लिए पेंटिंग प्रतियोगिता की थीम भी सेव अर्थ रखी गई थी।

नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) शनिवार, 26 अप्रैल, 2014

# पॉलीथिन के उपयोग पर वाद विवाद प्रतियोगिता



नोएडा। संकल्प इंडिया ट्रस्ट की ओर से वनस्थली स्कूल में पॉलीथिन के उपयोग के विरोध में आज एक सवाल जवाब प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संकल्प इंडिया ट्रस्ट की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने कहा कि इसके प्रति लोगों को जागरूक होना पड़ेगा। ट्रस्ट ट्रस्ट की ओर से बच्चों को कपड़े के बने थैले भी वितरित किए गए। इस अवसर पर पदमा दीक्षित, साक्षी, सुधीर कुमार दीक्षित आदि मौजूद थे।

हिन्दुस्तान
नोएडा • रविवार • 23 मार्च 2014




शनिवार को विश्व वन दिवस एवं जल दिवस के अवसर पर संकल्प इंडिया ट्रस्ट की ओर से प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने के लिए पंफलेट बांटे गए। • हिन्दुस्तान

# प्लास्टिक की जगह कागज का करें इस्तेमाल

नोएडा | हमारे संवाददाता

**जागरूकता**

- विश्व जल दिवस पर चाय विक्रेताओं से कागज का गिलास प्रयोग करने की अपील की गई
- प्लास्टिक से निकलने वाले कई हानिकारक रसायन चाय में घुलकर पहुंचाते हैं नुकसान

विश्व वन दिवस एवं विश्व जल दिवस के अवसर पर संकल्प इंडिया चैरिटीबल ट्रस्ट की तरफ से पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता दिवस मनाया गया।

इस दौरान ट्रस्ट की तरफ से निठारी चौराहे पर स्थित चाय विक्रेताओं को प्लास्टिक की जगह कागज के गिलास प्रयोग करने की अपील की गई। शनिवार को निठारी चौराहे पर पर्यावरण संरक्षण दिवस के दौरान पर्यावरणविद् सुधीर कुमार दीक्षित ने कहा कि प्लास्टिक के गिलास मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के हित के लिए काफी नुकसानदायक है। इन गिलासों में चाय पीने से चाय जहरीली हो जाती है, क्योंकि प्लास्टिक से निकलने वाले कई हानिकारक रसायन चाय में घुल जाते हैं। ऐसी चाय पीना स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक साबित हो सकता है।

इस मौके पर लॉयंस क्लब नोएडा और ब्राम्हणी महिला समिति की ममता तिवारी ने कहा कि प्लास्टिक के गिलास स्वाभाविक प्रकार से सड़नशील नहीं होते हैं। चाय पीने के बाद ये गिलास इधर-उधर फेंक दिए जाते हैं जिससे वातावरण दूषित होता है। इस मौके पर चाय विक्रेताओं को ट्रस्ट की तरफ से कागज के गिलास वितरित किए गए और लोगों से प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील की गई। इस मौके पर ट्रस्टी रेखा शर्मा, रेनू शर्मा, ग्राम प्रधान बिमला शर्मा, वृंदा शर्मा, प्रेम राम देव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

8

नई दिल्ली, 23 मार्च 2014 दैनिक जागरण | 23

# जल संरक्षण के लिए हुए एकजुट



सेक्टर-31 निठारी चौराहे पर चाय विक्रेता को गत्ते के बने कप देते संकल्प इंडिया चैरीटेबल ट्रस्ट के सदस्य। जागरण

संवाददाता, नोएडा : जल संरक्षण मौजूदा समय के लिए ही नहीं बल्कि सुरक्षित भविष्य के लिएं भी जरूरी है। शनिवार को विश्व जल दिवस पर शहर की सामाजिक संस्थाओं ने कुछ यही कहने का प्रयास किया। संस्थानों ने पानी बचाने के लिए पंफ्लेट्स बांटे।

संकल्प इंडिया चैरीटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में निठारी चौराहे पर चाय विक्रेताओं को गत्ते के बने कप निःशुल्क दिए गए। ट्रस्ट की संस्थापक रेखा शर्मा ने बताया कि उनका ट्रस्ट पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक कर रहा है। पर्यावरण का सबसे बड़ा दुश्मन प्लास्टिक है। चाय विक्रेता प्लास्टिक के कप इस्तेमाल करते हैं। पॉलीथिन में खाने-पीने का सामान बेचते है। इन को पॉलीथिन के खतरे से आगाह कराना उनका लक्ष्य है। चाय विक्रेताओं को गत्ते के कप दिए गए। प्लास्टिक के कप में चाय पीने से वह विषाक्त हो जाती है। इनके नालियों में पहुंचने से वह अवरुद्ध हो जाती है। इस मुहिम को लायंस क्लब नोएडा और ब्राह्मणी महिला सभा ने भी सहयोग किया।

05
नेशनल दुनिया | रविवार • 23 मार्च 2014

# पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को किया जागरूक

नेशनल दुनिया

नोएडा। विश्व वन दिवस के अलावा विश्व जल दिवस को लेकर संकल्प इंडिया चैरिटीबल ट्रस्ट ने जागरूकता अभियान चलाया जिसके तहत पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान ट्रस्ट से जुड़े

**अवसर**

- चाय विक्रेताओं को बांटे गए कागज के गिलास
- प्लास्टिक के सामान से होने वाली हानियां भी बताई

पदाधिकारियों ने चाय विक्रताओं को कागज के गिलास भी बांटे।

ट्रस्ट की प्रमुख रेखा शर्मा ने बताया कि ट्रस्ट प्लास्टिक के गिलास, पॉलीथीन बैग और अन्य प्लास्टिक बर्तनों के उपयोग के खिलाफ है, क्योंकि इससे पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचता है। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक के गिलास मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण हित में नहीं हैं।

इन गिलासों में चाय पीने से चाय विषाक्त हो जाती है क्योंकि, प्लास्टिक के गिलास से निकलकर कई घातक रसायन चाय में घुल जाते हैं जिसकी वजह से मानव का जीवन संकट में पड़ जाता है।

इस दौरान लाइन्स क्लब नोएडा और बह्मणी महिला सभा ने अभियान के अंतर्गत पानी को बचाने के लिए पंपलेट भी बांटे। निठारी के लोगों से इस अभियान को सराहा।




लोगों को कागज के बैग वितरित करती ट्रस्ट की पदाधिकारी। नेशनल दुनिया

नेशनल दुनिया | शुक्रवार, 22 मार्च 2013

# रैली व नाटक का मंचन कर पर्यावरण के प्रति किया जागरूक



वर्ल्ड फॉरेस्ट डे के मौके पर पर्यावरण बचाने के लिए सेक्टर-11 से रैली निकालते स्कूली छात्र।

**नेशनल दुनिया संवाददाता**

नोएडा। विश्व वानिकी दिवस पर ओइम्का संस्था के तत्वावधान में गुरुवार को शहर में पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई। रैली सेक्टर-11 स्थित नेहरू इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल से शुरू होकर विभिन्न स्थानों पर घूमी। इस दौरान बच्चों ने पोस्टर, बैनर भी ले रखे थे जिनमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए स्लोगन लिखे थे। उधर, इस संस्था के बैनर तले संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट ने भी एक स्किट प्ले का आयोजन किया, जिसमें बच्चों ने नाटक का मंचन कर पर्यावरण संरक्षण का खूबसूरत संदेश दिया। ट्रस्ट की प्रमुख रेखा शर्मा ने नाटक के थीम के बारे में कहा कि बच्चों ने दिखाया कि पेड़ों के निरंतर कटान से किस प्रकार पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है और लोगों को विपरीत मौसम का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पौधरोपण कर पर्यावरण को बचाया जा सकता है। इसलिए बच्चों ने नाटक द्वारा यही संदेश दिया कि आओ पेड़ लगाएं और पर्यावरण को बचाएं।

हिन्दुस्तान **18**

नोएडा • शनिवार • 08 मार्च 2014

# महिलाएं निभाती है दोहरी जिम्मेदारी

नोएडा। मूर्धा संस्थान और नागरिक महासंघ नोएडा द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रोफेसर सुनीता सिंह ने कहा कि नारी ऊर्जा का भंडार है। शुक्रवार को सेक्टर-12 स्थित मूर्धा संस्थान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय समाज कल्याण बोर्ड दिल्ली की पूर्व अध्यक्ष मृदुला सिंह ने कहा कि एक महिला ही पूरे परिवार को बांध कर रख सकती है। महिलाओं पर आज भी दोहरी जिम्मेदारी आती है। महिलाओं के कार्य का सम्पूर्ण मूल्यांकन अभी तक नहीं हो सका है, इसलिए हमें सामने आना होगा। इस मौके पर संकल्प संस्था की रेखा शर्मा ने अपनी टीम के माध्यम से 'बेटियां ही परिवार को बचाती' विषय पर और दीप चतुर्वेदी व उनकी टीम ने भ्रूण हत्या पर एक नाटक प्रस्तुत किया। इस दौरान राज विश्वकर्मा, कुसुम जोशी, ममता तिवारी, सरला अग्रवाल और रेणु शर्मा ने महिलाओं की दशा और दिशा पर अपने विचार व्यक्त किए।




सेक्टर-12 स्थित मूर्धा संस्थान में महिला दिवस पर भ्रूण हत्या के खिलाफ नाट्य प्रस्तुति देते कलाकार। • हिन्दुस्तान

हिन्दुस्तान **16**

नोएडा • सोमवार • 07 अप्रैल 2014



महिला होने के नाते मैं महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े मुद्दे को प्रमुखता से उठाना चाहूंगी। मंदबुद्धि युवतियों व महिलाओं के लिए शहर में शेल्टर होम बने इसके लिए भी काम करना होगा। महिलाओं के प्रति सम्मान को लेकर नजरिया बदलना चाहिए।
-रेखा शर्मा, समाजसेवी



**जनता ढूंढ रही है विकल्प** : आज जनता के ऊपर जबरन चुनाव थोपा जा रहा है। प्रचार करने के लिए करोड़ों की धनराशि खर्च की जा रही है। हमें अपने विवेक से नेता चुनना होगा जो कम खर्च में चुनाव लड़ता है उसे ही मौका देना चाहिए। **लक्ष्मी नारायण,** फोनरवा उपाध्यक्ष, सेक्टर 19



**जनता खुद करे सुधार के लिए पहल** : जनता को खुद राजनीति में भागीदारी करनी चाहिए। नेता एक दूसरे के ऊपर आरोप लगाकर अपने को बेहतर साबित करने की कोशिश करते है। हमको आगे आकर राजनीति में बदलाव के लिए पहल करनी चाहिए। **रेखा शर्मा,** समाज सेविका



**नेताओं की उम्र और शिक्षा हो निर्धारित** : राजनीति में आने के लिए शिक्षा और उम्र की समय सीमा निर्धारित होनी चाहिए। चुनाव के समय जो नेता जनता को प्रलोभन देते है उनके द्वारा दिए गए प्रलोभन को लेकर अपने विवेक से वोट देना चाहिए। **योगेंद्र सिंह,** प्रोफेसर, जेएसएस अकादमी

हिन्दुस्तान 16
नोएडा • मंगलवार • 21 जनवरी 2014

# शहर से पॉलीथिन का प्रयोग बंद करने का लिया 'संकल्प'

नोएडा | सविता शर्मा

## अभियान

- बाजारों में पुराने कपड़ों से बने थैले बांटकर पर्यावरण बचाने का संदेश दे रही संकल्प संस्था
- बैग की सिलाई से निरक्षर लड़कियों को मिल रहा कमाई का साधन

शहर की एक संस्था ने पॉलीथिन का प्रयोग बंद करने के लिए एक नई पहल की है। 'संकल्प' नामक यह संस्था साप्ताहिक सब्जी बाजारों में घूम-घूमकर लोगों को पुराने व बेकार कपड़ों से बने बैग बांटती है। कपड़े से बना एक बैग दस रुपये में दिया जाता है। अगर बैग के बदले कोई पैसे नहीं देता तो उसे यह निशुल्क दिया जाता है।

घरों में पुराने कपड़ों को लोग या तो साफ-सफाई में प्रयोग करते हैं या फिर फेंक देते हैं। ऐसे में उन्हीं कपड़ों का प्रयोग कर कपड़े के बैग सिलकर संस्था बांट रही है। ये कपड़े इकट्ठा करने के लिए संस्था की ओर दो रिक्शे किराये पर लिए गए हैं।

इन रिक्शों से वे संस्था के लोग घरों से बेकार कपड़े लाते हैं। उन्हीं पुराने कपड़ों से बैग सिलकर सब्जी मंडी में लोगों को पर्यावरण बचाने का संदेश संस्था दे रही है।


बाजार में कपड़े का थैला बांटने के लिए संस्था ने छह लोगों का समूह तैयार किया है। वह समूज दो साल से बिना रुके यह काम करता आ रहा है। इन बैगों पर 'हां, मैं ईको फ्रेंडली हूं' लिखा होता है। संस्था की अध्यक्षा रेखा शर्मा ने बताया कि इस काम उन्हें लोगों का समर्थन मिल रहा है।

कई सेक्टरों में लोग अपने पुराने कपड़ों को संभाल कर रखते हैं व जब उनकी संस्था के लोग जाते हैं तो दे देते हैं। इससे वे बाजार में पॉलिथिन की बजाय लोगों को अपनी सब्जी व अन्य सामान कपड़े के थैलों में लेने के पहल करते हैं।

**33 लड़कियां बैग सिलाई के काम में लगी :** संस्था का सेक्टर-55 में एक वर्कशाप है, जिसमें गरीब परिवारों की 33 लड़कियां बैग सिलाई का काम करती हैं। इन्हें संस्था की ओर से दैनिक वेतन के रूप में बैगों की सिलाई के हिसाब से पैसा दिया जाता है। रेखा ने कहा कि उनका संकलप है कि शहर में लोग जागरूक हों व पॉलिथिन का प्रयोग बंद करदें।

**सुप्रीम कोर्ट ने 2012 में पॉलीथिन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया :** सुप्रीम कोर्ट ने मई 2012 में पॉलीथिन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया था। जस्टिस जीएस सिंघवी की न्यायपीठ ने गैर-सरकारी संस्था करुणा की याचिका पर यह फैसला सुनाया था। इसमें पॉलिथिन से पर्यावरण व गायों पर होने वाले अध्ययन दर्शाए गए थे। इसके अलावा कोर्ट ने पॉलीथिन के खुले में प्रयोग को भी प्रतिबंधित किया था।

अमर उजाला नई दिल्ली। शनिवार। 18 जनवरी 2014




जीआईपी मॉल में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते कलाकार।

# 'पिता जी मैं बनूंगी परिवार का सहारा'

## नुक्कड़ नाटक के जरिए बताई बेटी की महत्ता

अमर उजाला ब्यूरो

नोएडा। तंगहाली से जूझते घर और बीमार पिता का कष्ट एक बेटी नहीं देख पाई। वह आगे आई और कहा: पिता जी मैं बनूंगी परिवार का सहारा।

ये दृश्य एक नुक्कड़ नाटक में दर्शाया गया। अमर उजाला के 'बेटी ही बचाएगी' अभियान के तहत नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया जा रहा है।

इसके जरिए लोगों में बेटी को बचाने का संदेश दिया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को शॉप्रिक्स मॉल और जीआईपी मॉल में नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया। दोनों मॉल में चार जगहों पर नाटक किए गए। इसके जरिए भ्रूण हत्या को रोकने और बेटी को बराबरी का दर्जा देने का संदेश दिया गया। नाटकों को लोगों ने काफी सराहा, खासकर युवा नाटकों के जरिए दिए गए संदेश से काफी प्रभावित दिखे। नुक्कड़ नाटक का निर्देशन रेखा शर्मा ने किया है। राजकीय इंटर कालेज के मनीष गिरि, साक्षी कुमार और अन्य छात्रों ने नुक्कड़ नाटक में अभिनय किया।

### 24 तक चलेंगे नुक्कड़ नाटक

अमर उजाला के बेटी ही बचाएगी अभियान के तहत 24 जनवरी तक शहर में जगह-जगह नुक्कड़ नाटक आयोजित किए जाएंगे। 24 जनवरी को वर्ल्ड गर्ल चाइल्ड डे के दिन रैली निकाली जाएगी। शनिवार को सेक्टर-62 स्थित टॉड मॉल और अन्य स्थानों पर नुक्कड़ नाटक आयोजित किए जाएंगे।



अमर उजाला का अभियान बेहद जरूरी है। इससे दिनोंदिन लड़कों और लड़कियों के बिगड़ते अनुपात पर रोक लग सकती है। हम लोगों को यह शुभ संदेश देने के लिए पूरी जान लगा देंगे।

रेखा शर्मा (नुक्कड़ नाटक की निर्देशक)



अमर उजाला अभियान बेहद सराहनीय है। यह अभियान बेहद जरूरी है। जब बेटी ही नहीं रहेगी, तो समाज ही नहीं बचेगा। समाज को जागरुक करने का आंदोलन इसी तरह से चलना चाहिए।

-मास्टर छोटे लाल, राष्ट्रपति अवॉर्डी

# पर्यावरण बचाने का दिया संदेश

नोएडा। पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी है कि प्लास्टिक का प्रयोग कम किया जाए। सामाजिक संस्था सकंल्प इंडिया चेरिटेबल पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए चाय वालों व अन्य लोगों को जागरूक करता है। उन्हें जागरूक करने के लिए व प्रोत्साहित करने के लिए छाते देती हैं। संस्था की रेखा शर्मा ने ने बताया कि प्लास्टिक से बने कप व ग्लास के इस्तेमाल से जमीन पर कचार फैल जाता है। प्लास्टिक का यह कचरा नालियों और सीवेज व्यवस्था को ठप कर देता है। रिसाइकिल किए गए या रंगीन प्लास्टिक थैलों में ऐसे रसायन होते हैं जो जमीन में पहुंच जाते हैं और इससे मिट्टी एवं भूजल विषैला बन सकता है। इस दौरान रेनू शर्मा, एस के दिक्षित व कुमारी वृन्दा शर्मा आदि मौजूद थे।

8 राष्ट्रीय सहारा
नई दिल्ली । रविवार • 12 जनवरी • 2014

# नुक्कड़ नाटक आयोजित

नोएडा। महिलाओं पर खिलाफ बलात्कार, एसिड एटैक एवं अन्य अपराधों के खिलाफ संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मंगलवार को नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। स्पाइस वर्ड के सामने आयोजित नुक्कड़ नाटक में दिखाया गया कि आज एक लड़की के साथ घटना घट रही है, कल किसी और के साथ घटेगी। अंत में आपकी भी बारी आ सकती है। इसको देखते मत रहिए। नुक्कड़ नाटक द्वारा महिलाओं और लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर ट्रस्ट की अध्यक्षा रेखा शर्मा, लायंस क्लब की अध्यक्षा अचला रानी, साक्षी, शिवानी, मनीष, उदित, ममता तिवारी, कुसुम जोशी, रेनूका, रामदेव आदि मौजूद थे।

अमर उजाला

नई दिल्ली | मंगलवार | 17 सितंबर 2013

# बच्चों ने जाना ओजोन को



राजकीय इंटर कॉलेज में ओजोन दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता में विजेता छात्रों को ट्राफी देते क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रभारी अतुलेश यादव।

नोएडा : सेक्टर-12 स्थित राजकीय इंटर कॉलेज (जीआइसी) में सोमवार को विश्व ओजोन दिवस पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट ने बच्चो में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के लिए इसका आयोजन किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक छोटेलाल चौहान और यूपी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी अतुलेश यादव बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए मौजूद रहे। प्रतियोगिता सेक्टर-22 के गांधी स्मारक जूनियर हाईस्कूल और जीआइसी के कक्षा छठी से लेकर आठवीं के छात्र-छात्राओं के बीच हुई। प्रतियोगिता का खिताब जीआइसी के नाम रहा। विजेता छात्रों में निशांत, विक्रम, चरण और सुमीत शामिल रहे। स्कूल के प्रधानाचार्य सरदार सिंह, ट्रस्ट की अध्यक्षा रेखा शर्मा, मोनिका बंसल और राजीव मल्होत्रा ने सभी छात्रों को बधाई दी।

30.06.2013

# पर्यावरण के प्रति जागरूक किया

नोएडा (नेदु)। सेक्टर-55 के कम्युनिटी सेंटर में पिछले एक माह से पर्यावरण विषय पर आयोजित जागरूकता कार्यशाला संपन्न हो गई। इस कार्यशाला में सेक्टर के बच्चों और महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान बच्चे और महिलाएं न सिर्फ पर्यावरण सुरक्षा के बारे में जागरूक हुए बल्कि उन्होंने पॉलीथिन की जगह कागज और कपड़े के बैग को इस्तेमाल करने का संकल्प भी लिया। संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट की प्रमुख रेखा शर्मा ने बताया कि बच्चों को पदक और प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। सेक्टर व आरडब्ल्यूए के अन्य लोगों ने भी बच्चों को प्रोत्साहित किया। इनमें ओ.पी गोयल, रामशरण गौड़, नीलम बिष्ट आदि शामिल रहे।

गुरुवार । 6 जून । 2013 www.noida.nbt.in

# कपड़े के बैग बांटे

एनबीटी न्यूज ॥ नोएडा : संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर लोगों को पॉलिथीन से होने वाले नुकसानों के बारे में बताया गया। इस दौरान लोगों को पर्चे बांटे गए। जिसमें 'प्रकृति ही भगवान का रूप है, हम उसे पॉलिथीन का इस्तेमाल कर प्रदूषित कर रहे हैं' का संदेश लिखा था। लोगों से पॉलिथीन का इस्तेमाल न करने की अपील की गई। इस अवसर पर संस्था की तरफ से कपड़े के थैले बांटे गए। जिस पर 'येस आई एम ईको फ्रैंडली' लिखा था। संस्था के मेंबरों ने लोगों से अपील की कि जब भी वे खरीदारी के लिए निकलें तो कपड़े का बैग लेकर निकलें।

हिन्दुस्तान
नोएडा • बुधवार • 23 अप्रैल 2014
18



सेक्टर-22 स्थित गांधी स्मारक स्कूल में बच्चों ने पेंटिंग के जरिए पर्यावरण के प्रति जागरूक किया।

3/5/13

# गरीब बच्चे निखार रहे हैं अपनी प्रतिभा

## हर विधा के बच्चों को दिया जा रहा है मंच

नेशनल दुनिया संवाददाता

- कोई कविता में माहिर तो कोई पेंटिंग का उस्ताद
- बच्चों की प्रतिभा देख हर कोई हो रहा है हैरान

नोएडा। कुछ ऐसी बातें, जो हम कह नहीं पाते, कुछ अरमान दिल के, जो दब रह जाते हैं, कुछ लम्हें गुजर जाते हैं यादें बनके, कुछ वादों को हम भुला नहीं पाते। कविता के यह बोल जरूर दिल को छूने वाले हैं। अगर दिल कुछ कहता तो आप उसे कविता का रूप भी दे सकते हैं और गीत का रूप भी।

दोनों ही चीजें दिल को छूने वाली होती हैं। उक्त कविता शहर के एक सरकारी स्कूल के छात्र सचिन पोखरियाल की है जो संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट के तहत मंच पाने की होड़ में शामिल है। ट्रस्ट भी सचिन के साथ-साथ कई ऐसे बच्चों की प्रतिभा को निखारने में जुटा है जिनकी प्रतिभा आर्थिक तंगी व अन्य कारणों से दबी रह जाती है, मगर संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य ऐसी प्रतिभाओं को तलाश कर स्वयं से जोड़ रहे हैं, जिससे उन्हें एक मंच दिया जा सके। इसमें न सिर्फ कविताएं लिखने में माहिर छात्र हैं बल्कि पेंटिंग व अन्य प्रतिभाओं के उस्ताद भी हैं। ट्रस्ट की अध्यक्षा रेखा शर्मा कहती हैं कि आर्थिक रूप से पिछड़े व सरकारी स्कूलों में अध्यनरत बच्चों में भी पब्लिक स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की तरह ही प्रतिभा होती है, मगर उन्हें कोई सामने लाने वाला नहीं होता। इसलिए ट्रस्ट ऐसे विद्यार्थियों को ढूंढकर अपने साथ जोड़ रहा है और उन्हें प्रतिभा को निखारने का हर मौका दे रहा है। उन्होंने बताया कि एक अन्य छात्र सुशील की कविताएं भी दिल को छूने वाली हैं। सुशील की कविता की पंक्तियां कुछ इस प्रकार हैं। आजाद परिंदा हूं, मुझे उड़ने दो, किसी खुले घर में बसने दो, गगन को छत, बादल को दीवार बनाने दो, हर दिन अब बरखा को बरसने दो।

रेखा कहती हैं कि ये कविताएं अपने-आप साबित करती हैं कि ये छात्र भी कितनी गहराई से सोचते हैं और उन्हें शब्दों में ढाल लेते हैं। ऐसी और भी कई प्रतिभाएं हैं जिन्हें ट्रस्ट से जोड़ने का प्रयास तेजी से जारी है।

सचिन व सुशील ने भी कहा कि उन्हें अब बेहतर बैनर मिल गया है। ट्रस्ट के सदस्य उन्हें प्रेरित करते हैं, जिससे उन्हें और भी बेहतर करने की ताकत मिलती है।

शुक्रवार । मई 3 । 2013 NBT

⊳⊳ फटाफट खबरें

## पेड़ों को बचाने का दिया संदेश



एस ॥ नोएडा : सेक्टर-6 स्थित नोएडा अथॉरिटी के पास गुरुवार को संकल्प इंडिया चेरिटेबल ट्रस्ट से जुड़े बच्चों ने पेड़ों की दुर्दशा पर गुरुवार को पेंटिंग बनाई। इन पेंटिंग को पेड़ों पर चिपकाया गया, ताकि आसपास से गुजरने वाले लोग इन पेंटिंग को देख सकें। पेंटिंग बनाने वाले बच्चों का कहना था कि हमारा उद्देश्य अथॉरिटी का ध्यान पेड़ों की दुर्दशा की और खींचना है। अथॉरिटी की अनदेखी के चलते शहर के सभी सेक्टरों, सड़क किनार लगे पेड़ को कंकरीट से ढक दिया गया है। कई जगह तो शहर में लगे पेड़ों की जड़ों को काटकर पथर डाल दिए गए हैं। यह खतरनाक हैं। इस दौरान ट्रस्ट की अध्यक्ष रेखा शर्मा, व ट्रस्ट मेंबर रेखा शर्मा, ममता तिवारी, मनीष, उदित, सुशील चौधरी आदि मौजूद थे।

18 | दैनिक जागरण नई दिल्ली, 3 मई 2013

एकनजर

### मजदूर दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

सं, नोएडा : मजूदर दिवस के मौके पर समाजवादी मजदूर सभा ने कार्यक्रम आयोजित किया। देर रात तक चले कार्यक्रम में कलाकारों ने गीत-संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष सूबे यादव ने कहा कि मजदूरों की विकास में सदैव अहम भूमिका रही है। सपा सरकार मजदूरों के हितों के संरक्षण के लिए सदैव तत्पर रही है। मजदूर सभा के महानगर अध्यक्ष रजब खान ने इस मौके पर कहा कि प्रदेश सरकार किसान, मजदूर व उपेक्षित वर्ग के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। उन्होंने अपील की कि कोई भी आंदोलन हिंसा से सफल नहीं होता, हिंसा का रास्ता अपनी म को मनवाने के लिए न अपनाए। इस मौके ( ओमपाल राणा, राघवेंद्र दुबे, जावेद, मुशाहि अली, सचिन चौहान, जितेंद्र यादव, देवेंद्र यादव, पप्पू रिजवी, राकेश चौहान, रामानंद यादव सहित काफ़ी लोग मौजूद रहे।

### छात्रों ने पेड़ बचाने केलिए किया जागरूक

सं, नोएडा : पेड़ बचाने और हरियाली बढ़ाने का नारा देते हुए स्कूली छात्रों ने एक जागरूकता रैली निकाली। कई स्कूलो के छात्रों ने एक सामाजिक संगठन के साथ मिलकर पेड़ो को बचाने के लिए जागरूकता संदेश दिया। छात्रो ने पेड़ बचाने के लिए बनाई हुई पेंटिंग को जगह-जगह चिपकाया। पेंटिंग के माध्यम से यह बताने का प्रयास किया कि पेड़-पौधे, पर्यावरण और जीवन के लिए कितना अनमोल है। स्कूली छात्रों मनीष, उदित, सुशील चौधरी के साथ सामाजिक संस्था की रेखा शर्मा, रेनू शर्मा, ममता तिवारी, शोभा सिंह समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

सहारा

नई दिल्ली । शुक्रवार • 3 म

### बच्चों ने पेंटिंग्स से दिखाई पेड़ों की दशा


नोएडा। बृहस्पतिवार को सेक्टर-6 स्थित प्रधिकरण के सामने बच्चों ने एक पेंटिग में पेड़ो को रोते हुए दर्शाया है। बच्चों ने पेड़ पर श्लोगन लिखे पेपर चिपकाए कि जीवन जीना है तो दो फिट जगह दो। हम नहीं रहेंगे तो तुम भी नहीं रहोगे। बच्चों का नेतृत्व संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्षा रेखा शर्मा कर रही थीं। पेंटिग द्वारा दिखाया गया कि प्राधिकरण द्वारा सीसीडी द्वारा किए गए मेंटीनेंस से पेड़ पौधो के नीचे कंकरीट से भर दिया गया। लगभग एक दर्जन पेंटिग पेड़ पौधों पर लगाई गई।

हिन्दुस्तान 3 मई 13

## बच्चों ने चलाया पेड़ बचाओ अभियान

नोएडा। संकल्प इंडिया चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सेक्टर 6 में पेड़ बचाओ अभियान चलाया गया, जिसमें 100 से अधिक संख्या में बच्चें शामिल हुए। बच्चों द्वारा प्राधिकरण के पास पोस्टर भी चिपकाया गया। जिसमें पेड़ों को समाप्त होते हुए दर्शाया गया है।

ट्रस्ट की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने बताया कि प्राधिकरण के अनदेखी से शहर के सभी सेक्टर व सड़क के किनारे लगे पेड़ों के चारों तरफ कंकरीट व अन्य सामान लगा दिए गए है। इस मौके पर ममता तिवारी, मनीष, उदित, सुशील चौधरी, शोभा सिंह, शिवम, अभिषेक आदि मौजूद रहे। (का.सं.)




गुरुवार को संकल्प इंडिया चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सेक्टर-6 में पेड़ बचाओ अभियान में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। • ईश्वर

(3)

3 May नई दुनिया

# 'पेड़ ही हैं प्रकृति का असली सौंदर्य'




पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए पेड़ों पर पेंटिंग लगाते संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी।

- **नोएडा प्राधिकरण के पास कार्यक्रम आयोजित**
- **लोगों को पर्यावरण के प्रति किया जागरूक**

नोएडा। पेड़ ही प्रकृति का सौंदर्य हैं। इसलिए कंक्रीट का सौंदर्य कभी भी प्राकृतिक सौंदर्य को पीछे नहीं छोड़ सकता है, मगर इस संबंध में संभवतः प्राधिकरण अधिकारियों को थोड़ी समझ कम है। इसलिए पेड़ों को काटकर शहर को कंक्रीट के जंगल में तब्दील किया जा रहा है, जिसमें घुटन के अलावा कुछ और महसूस नहीं होता है।

जी हां! कुछ ऐसा ही सच संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में बच्चों द्वारा तैयार पेंटिंग्स बयान कर रही थीं। सेक्टर-8 में नोएडा प्राधिकरण के पास गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम के जरिए लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान बच्चों द्वारा तैयार पेंटिंग भी प्रदर्शित की गई, जिसके जरिए पेड़ों की खराब होती स्थिति को दर्शाया गया।

पेड़ों की खराब स्थिति को दर्शाकर पेंटिंग्स को पेड़ों पर भी चस्पा किया गया, जिससे पेड़ काटने में माहिर प्राधिकरण अधिकारियों का इस तरफ ध्यान आकर्षित किया जा सके। ट्रस्ट की प्रमुख रेखा शर्मा ने बताया कि प्राधिकरण की अनदेखी के कारण शहर के सभी सेक्टरों व सड़कों के पास लगे पेड़ों के किनारे कंक्रीट व टाइल्स से इस तरह ढक दिए गए हैं कि उनकी जड़ में हवा व पानी जाने के लिए जगह नहीं छोड़ी गई है, जिससे पेड़ निरंतर नष्ट हो रहे हैं। इससे पर्यावरण संरक्षण को भारी खतरा पैदा हो रहा है।

उन्होंने मांग की कि पेड़ों की कटाई पर रोक लगाई जाए और अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाएं, जिससे पर्यावरण को बचाया जा सके।

नई दिल्ली, 23 अप्रैल 2013
जागरण सिटी
नोएडा

# धरती से ही जीवन है...इसे संभालो

संवाददाता,नोएडाः धरती है तो तुम- हम हैं, धरती का अस्तित्व बचाने मानव को अब बढ़ना होगा, इसकी हरियाली में पूरे होंगे उसके अरमानों के सपने। कुछ इस अंदाज में सोमवार को शहर में विश्व अर्थ दिवस मनाया गया। सेक्टर 21- ए स्टेडियम में शहर के एनजीओ ने पृथ्वी के संरक्षण का तराना गाया तो स्कूलों के बच्चों ने भी धरती माता को बचाने की शपथ उठाई।

**रंगारंग कार्यक्रमों में छाया धरती को बचाने का रंगः** सेक्टर - 21 ए स्थित नोएडा स्टेडियम में नवरत्न फाउंडेशन, संकल्प इंडिया, गौतमबुद्ध हेल्थ केयर फाउंडेशन, प्रकाश अस्पताल, एटर्नल एनर्जी, विलेज केयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में अर्थ डे मनाया गया। इस अवसर मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा प्राधिकरण रमा रमण मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने वहां मौजूद लोगों से वेस्ट मैनेजमेंट करने की बात कहीं। इसके साथ ही प्राधिकरण की तरफ से भी इस दिशा में सार्थक प्रयास करने का भी आश्वासन दिया। अर्थ डे को मनाने के लिए एकत्र हुए 12 स्कूलों के बच्चों ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।



विश्व पृथ्वी दिवस पर लोगों को पॉलियीन का प्रयोग न करने के लिए लोगों को जागरूक करते आप पार्टी के सदस्य। जागरण

पर्यावरण सुरक्षा पर हुए इन कार्यक्रमों में वनस्थली स्कूल ने पहला, डीएवी ने दूसरा और राजकीय इंटर कॉलेज ने तीसरा पुरस्कार जीता। इसका संचालन अशोक श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर डॉ. वीएस चौहान, रेखा शर्मा, जयंती अंयगर, विमलेश शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।

**संस्थाओं ने भी कहा धरती मां को बचानाः** गंगा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में समाजसेवी अनूप खन्ना ने लोगों से पॉलीथीन का प्रयोग न करने की अपील की। उन्होंने जूट के बैग पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों में बांटे। रैली निकालकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया। एटेरो कंपनी ने पृथ्वी दिवस पर सनराइज स्कूल में ई वेस्ट वर्कशॉप और कलेक्शन ड्राइव चलाया। इसमें छात्रों को ई वेस्ट के खतरों के बारे में बताया गया। संस्था के सीईओ नितिन गुप्ता ने बताया कि ई वेस्ट पृथ्वी के लिए सिरदर्द बनता जा रहा है, वक्त आ गया है कि हम इसके हल की दिशा में कदम बढ़ाएं। बच्चों को इस मुहिम से जोड़कर भविष्य को सुखद बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

**बच्चों ने किया पृथ्वी दिवस पर एसेम्बली का आयोजनः** मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल में पृथ्वी दिवस पर खास एसेम्बली आयोजित की गई। इस दौरान पोस्टर, स्लोगन, पौधारोपण किया गया। रैली निकालकर बच्चों को पृथ्वी की रक्षा का महत्व समझाया गया।

इस अवसर पर छात्र आसपास के इलाकों में भी गए। छात्रों ने लोगों को पुराने अखबारों के बैग भी बांटे। स्कूल की प्रधानाचार्य सुगंधा ग्रोवर ने बच्चों से कहा कि अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पर्यावरण बचाना हमारी जिम्मेदारी है।

# प्लास्टिक बैग पर लगे पूर्ण प्रतिबंध

नोएडा (एसएनबी)। पृथ्वी दिवस के मौके पर सोमवार को शहर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चों ने रैली निकालकर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया, वहीं स्लोगन और चित्रण प्रतियोगिताएं भी हुई। सोमवार शाम स्टेडियम में कई सामाजिक संगठनों ने पर्यावरण पर बढ़ रहे खतरे के प्रति लोगों को आगाह किया। पर्यावरण को बचाने के लिए प्लास्टिक बैग के प्रयोग पर पूर्ण पाबंदी लगाने की मांग भी उठी। सबने एक स्वर में कहा कि अगर वातावरण स्वच्छ रहेगा तो शरीर भी स्वस्थ रहेगा।

पृथ्वी दिवस के मौके पर सोमवार को सेक्टर-55 आरडब्ल्यूए व पर्यावरण साथी मंच की ओर से लोगों को पर्यावरण के बारे में जागरूक करने के लिए स्कूली बच्चों की रैली निकाली गई। रैली सेक्टर-55 स्थित डीएवी स्कूल से शुरू होकर सेक्टर के सामुदायिक केन्द्र पर समाप्त हुई। इसमें 300 स्कूली बच्चे शामिल हुए।

उधर सेक्टर-51 स्थित मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल में पृथ्वी दिवस के अवसर पर रैली निकाली गई।

कई संस्थानों ने मिलकर पृथ्वी दिवस के मौके पर सोमवार शाम स्टेडियम के लॉन टेनिस कोर्ट्स के सामने स्थित पार्क में समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीईओ रमा रमण मौजूद रहे। कार्यक्रम में नवरत्न फाउंडेशन, संकल्प इंडिया, गौतम बुद्ध हेल्थ केयर फाउंडेशन, प्रकाश अस्पताल समूह, एटर्नल एनर्जी और विशेष केयर फाउंडेशन नाम की संस्थाएं शामिल हुईं। समारोह में छात्रों ने पृथ्वी के संरक्षण के प्रति समाज को चेताने के लिए बेहतरीन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्रों ने पृथ्वी को बचाने व पर्यावरण की सुरक्षा का संदेश देते हुए कहा कि हरियाली को नष्ट न करें, प्लास्टिक का प्रयोग न करें, पर्यावरण को सुरक्षित रखें। इस मौके पर संकल्प इंडिया की फाउंडर मेम्बर रेखा शर्मा ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा का संदेश देने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रकाश अस्पताल के सीएमडी डा वीएस चौहान ने कहा कि प्लास्टिक का प्रयोग न करें। पेड़-पौधे लगाएं व उनकी सुरक्षा करें। इससे प्रदूषण पर नियंत्रण पाया जा सकेगा और पर्यावरण में संतुलन बना रहेगा। उन्होंने कहा कि लोगों को यह बात समझनी चाहिए कि अगर वातावरण स्वच्छ है तो शरीर भी स्वस्थ रहेगा।

मोदीनगर। विश्व पृथ्वी दिवस पर गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कालेज में एक कार्यक्रम आयोजित कर पोस्टर, बैनर, स्लोगन तथा गोष्ठी के माध्यम से लोगों को पृथ्वी के संरक्षण के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध पर्यावरणविद् विजयपाल बघेल ने कहा कि 1970 में पहली बार




पृथ्वी दिवस पर नोएडा स्टेडियम में एक ना

नई दिल्ली । शनिवार • 23 फरवरी • 2013 राष्ट्रीय सहारा | 7

# इको फ्रेंडली चाय वालों को दिए छाते

नोएडा (एसएनबी)। संकल्प इंडिया चैरिटेबल संस्था द्वारा शुक्रवार को कई जगह इको फ्रेंडली चाय वालों को छाते वितरित किए। छातों पर प्रिंट कराया गया था कि प्लास्टिक हटाओ, पर्यावरण बचाओ एवं इको फ्रेंडली चाय वाला। संकल्प संस्था द्वारा चार महीने पहले चाय वालों को कागज के कप दिए गए थे। उन्होंने कहा था कि पहली बार चाय के कप दिए जा रहे हैं दूसरी बार आप खुद खरीद कर कागज के कप में लोगों को चाय पिलाएंगे।

▶ छातों पर लिखा है प्लास्टिक हटाओ, पर्यावरण बचाओ, इको फ्रेंडली चाय वाला

▶ कागज के कप में देते हैं चाय

संकल्प संस्था की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने कहा कि यह काम हम सब को मिल कर करना चाहिए, तभी पर्यावरण शुद्ध रह पाएगा। सुबह घरों में आने वाले पूजा के फूल भी आप पॉलीथिन की बजाय कागज में लें। सबसे पहले आप खुद सुधरें, समाज सुधरता चला जाएगा।

उन्होंने चार महीने पहले जिन चाय विक्रेताओं को सुधारने का बीड़ा उठाया था। सेक्टर-12, 55, 56, 57, के कुछ चाय वालों ने कागज के कप में चाय देना शुरू किया और आज उन लोगों को छाते दिए गए हैं।

रेखा शर्मा ने कहा कि पर्यावरण बचाने के लिए उनका अभियान जारी रहेगा। इस मौके पर रेनू शर्मा, राजीव मल्होत्रा, सुशील कुमार, कीर्ति, अतीक, विपिन कुमार आदि ने एनजीओ संकल्प के कार्यों की सराहना की।

नई दिल्ली, 23 फरवरी 2013 दैनिक जागरण | 23

## विविध गतिविधियां

### पर्यावरण संरक्षण के लिए किया प्रेरित

सं. नोएडा : पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सामाजिक संस्था ने शुक्रवार को अभियान चलाया। इसके तहत चाय बेचने वालों को प्लास्टिक कप के बजाय कागज से बने कप इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया। इस संस्था ने चाय की दुकान वालों को इको-फ्रेंडली छतरी भी दी, ताकि लोगों को इस बारे में पता चल सके। संकल्प संस्था की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने कहा कि पिछले कई सालों से वह नोएडा में चाय बेचने वालों को कागज कप इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित कर रही हैं। इस दौरान रेनू शर्मा, राजीव मल्होत्रा, डॉ. कीर्ति, आशीष सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे।



सेक्टर-55 में दुकानदार को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करती संस्था की सदस्य। जागरण

नेशनल दुनिया | शनिवार, 23 फरवरी 2013

# प्लास्टिक हटाओ पर्यावरण बचाओ

नेशनल दुनिया संवाददाता

नोएडा। प्लास्टिक के प्रयोग से पर्यावरण को बढ़ते खतरे को देखकर संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट ने जागरूकता अभियान तेज कर दिया है। ट्रस्ट की प्रमुख रेखा शर्मा ने बताया कि प्लास्टिक के कप सबसे ज्यादा प्रदूषण फैला रहे हैं। इसलिए इनके इस्तेमाल पर रोक लगाना बेहद जरूरी है। पिछले दिनों संस्था ने शहर के विभिन्न हिस्सों में जाकर चाय विक्रेताओं को प्लास्टिक की बजाय कागज के कप इस्तेमाल करने हेतु जागरूक किया था। चाय विक्रेताओं को बताया गया था कि प्लास्टिक के कप किस प्रकार स्वच्छ पर्यावरण के लिए हानिकारक साबित हो रहे हैं। इसलिए वे प्लास्टिक कप इस्तेमाल न करें। अब ज्यादातर चाय विक्रेता कागज के कपों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इन चाय विक्रेताओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

अमर उजाला 3

नई दिल्ली। शुक्रवार। 21 दिसंबर 2012

# लड़कियों को आत्मरक्षा की सीख

दिल्ली गैंग रेप कांड को देखते हुए बृहस्पतिवार को मोरना स्थित बारातघर में सामाजिक संगठन संकल्प के तत्वावधान में चल रहे एनएसएस शिविर में शामिल लड़कियों को आत्मरक्षा की सीख दी गई। अकेले बाहर निकलने पर शालीनता वाले कपड़े पहनने, अनजान व्यक्तियों से लिफ्ट न लेने जैसी तमाम बातें सिखाई गईं। इसमें सेक्टर 12 स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के 50 से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल रहीं। छात्रों को नशे से दूर रखने की सीख दी गई। संकल्प की प्रमुख रेखा शर्मा, राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त शिक्षक छोटेलाल, केंद्रीय विद्यालय की पूर्व प्रधानाचार्य रेनू शर्मा, डॉ. विभा चौहान, राजीव सोलंकी ने शिविर को संबोधित किया। शिविर 24 दिसंबर तक चलेगा।

नेशनल दुनिया | गुरुवार, 13 दिसंबर 2012

# लोगों को पर्यावरण के प्रति किया जागरूक



पॉलीथिन के प्रयोग के खिलाफ जागरूकता अभियान शुरू करते संस्था के कार्यकर्ता।

नोएडा। संस्कार चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में बुधवार को सेक्टर-12 में पर्यावरण जागरूकता पर रैली निकाली गई। रैली के जरिए पॉलीथीन का प्रयोग नहीं करने का संदेश दिया गया। इसमें काफी संख्या में स्कूली बच्चे व ट्रस्ट से जुड़े पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ट्रस्ट के सदस्यों ने इस दौरान चाय दुकानदारों को मुफ्त में कागज के कप भी भेंट किए और उन्हें प्लास्टिक के कपों से तौबा करने के प्रति प्रोत्साहित किया। ट्रस्ट की प्रमुख रेखा शर्मा ने बताया कि प्लास्टिक की चीजों से पर्यावरण सबसे ज्यादा दूषित होता है। इसलिए आमजन के साथ-साथ चाय की दुकान लगाने वाले लोगों को भी इनके प्रयोग से बचना चाहिए। उन्होंने बताया कि रैली सेक्टर-12 के विभिन्न स्थानों में घूमी। बच्चों ने स्लोगन के जरिए भी लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया।

3/5/13

# गरीब बच्चे निखार रहे हैं अपनी प्रतिभा

## हर विधा के बच्चों को दिया जा रहा है मंच

नेशनल दुनिया संवाददाता

- कोई कविता में माहिर तो कोई पेंटिंग का उस्ताद
- बच्चों की प्रतिभा देख हर कोई हो रहा है हैरान

नोएडा। कुछ ऐसी बातें, जो हम कह नहीं पाते, कुछ अरमान दिल के, जो दब रह जाते हैं, कुछ लम्हें गुजर जाते हैं यादें बनके, कुछ यादों को हम भुला नहीं पाते। कविता के यह बोल जरूर दिल को छूने वाले हैं। अगर दिल कुछ कहता तो आप उसे कविता का रूप भी दे सकते हैं और गीत का रूप भी।

दोनों ही चीजें दिल को छूने वाली होती हैं। उक्त कविता शहर के एक सरकारी स्कूल के छात्र सचिन पोखरियाल की है जो संकल्प इंडिया चेरिटेबल ट्रस्ट के तहत मंच पाने की होड़ में शामिल है। ट्रस्ट भी सचिन के साथ-साथ कई ऐसे बच्चों की प्रतिभा को निखारने में जुटा है जिनकी प्रतिभा आर्थिक तंगी व अन्य कारणों से दबी रह जाती है, मगर संकल्प इंडिया चेरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य ऐसी प्रतिभाओं को तलाश कर स्वयं से जोड़ रहे हैं, जिससे उन्हें एक मंच दिया जा सके। इसमें न सिर्फ कविताएं लिखने में माहिर छात्र हैं बल्कि पेंटिंग व अन्य प्रतिभाओं के उस्ताद भी हैं। ट्रस्ट की अध्यक्षा रेखा शर्मा कहती हैं कि आर्थिक रूप से पिछड़े व सरकारी स्कूलों में अध्यनरत बच्चों में भी पब्लिक स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की तरह ही प्रतिभा होती है, मगर उन्हें कोई सामने लाने वाला नहीं होता। इसलिए ट्रस्ट ऐसे विद्यार्थियों को ढूंढकर अपने साथ जोड़ रहा है और उन्हें प्रतिभा को निखारने का हर मौका दे रहा है। उन्होंने बताया कि एक अन्य छात्र सुशील की कविताएं भी दिल को छूने वाली हैं। सुशील की कविता की पंक्तियां कुछ इस प्रकार हैं। आजाद परिंदा हूं, मुझे उड़ने दो, किसी खुले घर में बसने दो, गगन को छत, बादल को दीवार बनाने दो, हर दिन अब बरखा को बरसने दो।

रेखा कहती हैं कि ये कविताएं अपने-आप साबित करती हैं कि ये छात्र भी कितनी गहराई से सोचते हैं और उन्हें शब्दों में ढाल लेते हैं। ऐसी और भी कई प्रतिभाएं हैं जिन्हें ट्रस्ट से जोड़ने का प्रयास तेजी से जारी है।

सचिन व सुशील ने भी कहा कि उन्हें अब बेहतर बैनर मिल गया है। ट्रस्ट के सदस्य उन्हें प्रेरित करते हैं, जिससे उन्हें और भी बेहतर करने की ताकत मिलती है।

शुक्रवार । मई 3 ।2013 NBT

फटाफट खबरें

# पेड़ों को बचाने का दिया संदेश



एस ॥ नोएडा : सेक्टर-6 स्थित नोएडा अथॉरिटी के पास गुरुवार को संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट से जुड़े बच्चों ने पेड़ों की दुर्दशा पर गुरुवार को पेंटिंग बनाई। इन पेंटिंग को पेड़ों पर चिपकाया गया, ताकि आसपास से गुजरने वाले लोग इन पेंटिंग को देख सकें। पेंटिंग बनाने वाले बच्चों का कहना था कि हमारा उद्देश्य अथॉरिटी का ध्यान पेड़ों की दुर्दशा की ओर खींचना है। अथॉरिटी की अनदेखी के चलते शहर के सभी सेक्टरों, सड़क किनारे लगे पेड़ को कंकरीट से ढक दिया गया है। कई जगह तो शहर में लगे पेड़ों की जड़ों को काटकर पत्थर डाल दिए गए हैं। यह खतरनाक है। इस दौरान ट्रस्ट की अध्यक्ष रेखा शर्मा व ट्रस्ट मेंबर रेखा शर्मा, ममता तिवारी, मनीष, उदित, सुशील चौधरी आदि मौजूद थे।

18 । दैनिक जागरण नई दिल्ली, 3 मई 2013

एक नजर

## मजदूर दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

स, नोएडा : मजदूर दिवस के मौके पर समाजवादी मजदूर सभा ने कार्यक्रम आयोजित किया। देर रात तक चले कार्यक्रम में कलाकारों ने गीत-संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष सुबे यादव ने कहा कि मजदूरों की विकास में सबसे अहम भूमिका रही है। सपा सरकार मजदूरों के हितों के संरक्षण के लिए हमेशा तत्पर रही है। मजदूर सभा के महानगर अध्यक्ष राजा खान ने इस मौके पर कहा कि प्रदेश सरकार किसान, मजदूर व उपेक्षित वर्ग के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। उन्होंने अपील की कि कोई भी आंदोलन हिंसा से सफल नहीं होता, हिंसा का रास्ता अपनी मांगों को मनवाने के लिए न अपनाएं। इस मौके पर ओमपाल राणा, राघवेंद्र दुबे, जावेद, मुशाहिद अली, सचिन चौहान, विनोद यादव, देवेंद्र यादव, पप्पू तिवारी, राकेश चौहान, रामानंद यादव सहित काफी लोग मौजूद रहे।

## छात्रों ने पेड़ बचाने केलिए किया जागरूक

जा, नोएडा : पेड़ बचाने और हरियाली बढ़ाने का नारा देते हुए स्कूली छात्रों ने एक जागरूकता रैली निकाली। कई स्कूलों के छात्रों ने एक सामाजिक संगठन के साथ मिलकर पेड़ों को बचाने के लिए जागरूकता संदेश दिया। छात्रों ने पेड़ बचाने के लिए बनाई हुई पेंटिंग को जगह-जगह चिपकाया। पेंटिंग के माध्यम से यह बताने का प्रयास किया कि पेड़-पौधे पर्यावरण और जीवन के लिए कितना अनमोल है। स्कूली छात्रों मनीष, उदित, सुशील चौधरी के साथ सामाजिक संस्था की रेखा शर्मा, रेनु शर्मा, ममता तिवारी, शोभा सिंह समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

सहारा

नई दिल्ली । शुक्रवार • 3

## बच्चों ने पेंटिंग्स से दिखाई पेड़ों की दशा

नोएडा। बृहस्पतिवार को सेक्टर-6 स्थित प्राधिकरण के सामने बच्चों ने एक पेंटिंग में पेड़ों को रोते हुए दर्शाया है। बच्चों ने पेड़ पर स्लोगन लिखे पेपर चिपकाकर कि जीवन जीता है तो मेरे जीने दो। इस मौके पर [illegible] संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्षा रेखा शर्मा कर रही थीं। पेंटिंग द्वारा दिखाया गया कि प्राधिकरण द्वारा [illegible] द्वारा किए गए सौंदर्यीकरण से पेड़ पौधों के नीचे कंकरीट से भर दिया गया। लगभग एक दर्जन पेंटिंग पेड़ पौधों पर लगाई गईं।

हिन्दुस्तान 3 मई 13

# बच्चों ने चलाया पेड़ बचाओ अभियान

नोएडा। संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सेक्टर 6 में पेड़ बचाओ अभियान चलाया गया, जिसमें 100 से अधिक संख्या में बच्चे शामिल हुए। बच्चों द्वारा प्राधिकरण के पास पोस्टर भी चिपकाया गया। जिसमें पेड़ों को समाप्त होते हुए दर्शाया गया है।

ट्रस्ट की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने बताया कि प्राधिकरण के अनदेखी से शहर के सभी सेक्टर व सड़क के किनारे लगे पेड़ों के चारों तरफ कंकरीट व अन्य सामान लगा दिए गए हैं। इस मौके पर ममता तिवारी, मनीष, उदित, सुशील चौधरी, शोभा सिंह, शिवम, अभिषेक आदि मौजूद रहे। (का.सं.)



गुरुवार को संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सेक्टर-6 में पेड़ बचाओ अभियान में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। • हिन्दुस्तान

(3)

3 May
नई दुनिया

# 'पेड़ ही हैं प्रकृति का असली सौंदर्य'



पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए पेड़ों पर पेंटिंग लगाते संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी।

- **नोएडा प्राधिकरण के पास कार्यक्रम आयोजित**
- **लोगों को पर्यावरण के प्रति किया जागरूक**

नोएडा। पेड़ ही प्रकृति का सौंदर्य है। इसलिए कंक्रीट का सौंदर्य कभी भी प्राकृतिक सौंदर्य को पीछे नहीं छोड़ सकता है, मगर इस संबंध में संभवतः प्राधिकरण अधिकारियों को थोड़ी समझ कम है। इसलिए पेड़ों को काटकर शहर को कंक्रीट के जंगल में तब्दील किया जा रहा है, जिसमें घुटन के अलावा कुछ और महसूस नहीं होता है।

जी हां! कुछ ऐसा ही सच संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में बच्चों द्वारा तैयार पेंटिंग्स बयान कर रही थीं। सेक्टर-8 में नोएडा प्राधिकरण के पास गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम के जरिए लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान बच्चों द्वारा तैयार पेंटिंग भी प्रदर्शित की गई, जिसके जरिए पेड़ों की खराब होती स्थिति को दर्शाया गया।

पेड़ों की खराब स्थिति को दर्शाकर पेंटिंग्स को पेड़ों पर भी चस्पा किया गया, जिससे पेड़ काटने में माहिर प्राधिकरण अधिकारियों का इस तरफ ध्यान आकर्षित किया जा सके। ट्रस्ट की प्रमुख रेखा शर्मा ने बताया कि प्राधिकरण की अनदेखी के कारण शहर के सभी सेक्टरों व सड़कों के पास लगे पेड़ों के किनारे कंक्रीट व टाइल्स से इस तरह ढक दिए गए हैं कि उनकी जड़ में हवा व पानी जाने के लिए जगह नहीं छोड़ी गई है, जिससे पेड़ निरंतर नष्ट हो रहे हैं। इससे पर्यावरण संरक्षण को भारी खतरा पैदा हो रहा है।

उन्होंने मांग की कि पेड़ों की कटाई पर रोक लगाई जाए और अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाएं, जिससे पर्यावरण को बचाया जा सके।

नई दिल्ली, 23 अप्रैल 2013

जागरण सिटी

नोएडा

# धरती से ही जीवन है...इसे संभालो

संवाददाता,नोएडाः धरती है तो तुम- हम हैं, धरती का अस्तित्व बचाने मानव को अब बढ़ना होगा, इसकी हरियाली में पूरे होंगे उसके अरमानों के सपने। कुछ इस अंदाज में सोमवार को शहर में विश्व अर्थ दिवस मनाया गया। सेक्टर 21- ए स्टेडियम में शहर के एनजीओ ने पृथ्वी के संरक्षण का तराना गाया तो स्कूलों के बच्चों ने भी धरती माता को बचाने की शपथ उठाई।

**रंगारंग कार्यक्रमों में छाया धरती को बचाने का रंगः** सेक्टर - 21 ए स्थित नोएडा स्टेडियम में नवरत्न फाउंडेशन, संकल्प इंडिया, गौतमबुद्ध हेल्थ केयर फाउंडेशन, प्रकाश अस्पताल, एटर्नल एनर्जी, विलेज केयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में अर्थ डे मनाया गया। इस अवसर मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा प्राधिकरण रमा रमण मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने वहां मौजूद लोगों से वेस्ट मैनेजमेंट करने की बात कहीं। इसके साथ ही प्राधिकरण की तरफ से भी इस दिशा में सार्थक प्रयास करने का भी आश्वासन दिया। अर्थ डे को मनाने के लिए एकत्र हुए 12 स्कूलों के बच्चों ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।



विश्व पृथ्वी दिवस पर लोगों को पॉलियीन का प्रयोग न करने के लिए लोगों को जागरूक करते आप पार्टी के सदस्य। जागरण

पर्यावरण सुरक्षा पर हुए इन कार्यक्रमों में वनस्थली स्कूल ने पहला, डीएवी ने दूसरा और राजकीय इंटर कॉलेज ने तीसरा पुरस्कार जीता। इसका संचालन अशोक श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर डॉ. वीएस चौहान, रेखा शर्मा, जयंती अंयगर, विमलेश शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।

**संस्थाओं ने भी कहा धरती मां को बचानाः** गंगा शॉपिंग कॉम्पलेक्स में समाजसेवी अनूप खन्ना ने लोगों से पॉलीथीन का प्रयोग न करने की अपील की। उन्होंने जूट के बैग पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों में बांटे। रैली निकालकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया। एटेरो कंपनी ने पृथ्वी दिवस पर सनराइज स्कूल में ई वेस्ट वर्कशॉप और कलेक्शन ड्राइव चलाया। इसमें छात्रों को ई वेस्ट के खतरों के बारे में बताया गया। संस्था के सीईओ नितिन गुप्ता ने बताया कि ई वेस्ट पृथ्वी के लिए सिरदर्द बनता जा रहा है, वक्त आ गया है कि हम इसके हल की दिशा में कदम बढ़ाएं। बच्चों को इस मुहिम से जोड़कर भविष्य को सुखद बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

**बच्चों ने किया पृथ्वी दिवस पर एसेम्बली का आयोजनः** मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल में पृथ्वी दिवस पर खास एसेम्बली आयोजित की गई। इस दौरान पोस्टर, स्लोगन, पौधारोपण किया गया। रैली निकालकर बच्चों को पृथ्वी की रक्षा का महत्व समझाया गया।

इस अवसर पर छात्र आसपास के इलाकों में भी गए। छात्रों ने लोगों को पुराने अखबारों के बैग भी बांटे। स्कूल की प्रधानाचार्य सुगंधा ग्रोवर ने बच्चों से कहा कि अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पर्यावरण बचाना हमारी जिम्मेदारी है।

www.samaylive.com | गाजियाबाद/नोएडा

नई दिल्ली । मंगलवार • 23 अप्रैल • 2013

# प्लास्टिक बैग पर लगे पूर्ण प्रतिबंध

नोएडा (एसएनबी)। पृथ्वी दिवस के मौके पर सोमवार को शहर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चों ने रैली निकालकर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया, वहीं स्लोगन और क्विज प्रतियोगिताएं भी हुईं। सोमवार शाम स्टेडियम में कई सामाजिक संगठनों ने पर्यावरण पर बढ़ रहे खतरे के प्रति लोगों को आगाह किया। पर्यावरण को बचाने के लिए प्लास्टिक बैग के प्रयोग पर पूर्ण पाबंदी लगाने की मांग भी उठी। सबने एक स्वर में कहा कि अगर वातावरण स्वच्छ रहेगा तो शरीर भी स्वस्थ रहेगा।

पृथ्वी दिवस के मौके पर सोमवार को सेक्टर-55 आरडब्ल्यूए व पर्यावरण साथी मंच की ओर से लोगों को पर्यावरण के बारे में जागरूक करने के लिए स्कूली बच्चों की रैली निकाली गई। रैली सेक्टर-55 स्थित डीएवी स्कूल से शुरू होकर सेक्टर के सामुदायिक केन्द्र पर समाप्त हुई। इसमें 300 स्कूली बच्चे शामिल हुए।

उधर सेक्टर-51 स्थित मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल में पृथ्वी दिवस के अवसर पर रैली निकाली गई। कई संस्थानों ने मिलकर पृथ्वी दिवस के मौके पर सोमवार शाम स्टेडियम के लॉन टेनिस कोर्ट्स के सामने स्थित पार्क में समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीईओ रमा रमण मौजूद रहे। कार्यक्रम में नवरत्न फाउंडेशन, संकल्प इंडिया, गौतम बुद्ध हेल्थ केयर फाउंडेशन, प्रकाश अस्पताल समूह, एटर्नल एनर्जी और विलेज केयर फाउंडेशन नाम की संस्थाएं शामिल हुईं। समारोह में छात्रों ने पृथ्वी के संरक्षण के प्रति समाज को चेताने के लिए बेहतरीन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्रों ने पृथ्वी को बचाने व पर्यावरण की सुरक्षा का संदेश देते हुए कहा कि हरियाली को नष्ट न करें, प्लास्टिक का प्रयोग न करें, पर्यावरण को सुरक्षित रखें। इस मौके पर संकल्प इंडिया की फाउंडर मेम्बर रेखा शर्मा ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा का संदेश देने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रकाश अस्पताल के सीएमडी डा वीएस चौहान ने कहा कि प्लास्टिक का प्रयोग न करें। पेड़-पौधे लगाएं व उनकी सुरक्षा करें। इससे प्रदूषण पर नियंत्रण पाया जा सकेगा और पर्यावरण में संतुलन बना रहेगा। उन्होंने कहा कि लोगों को यह बात समझनी चाहिए कि अगर वातावरण स्वच्छ है तो शरीर भी स्वस्थ रहेगा।

मोदीनगर। विश्व पृथ्वी दिवस पर गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कालेज में एक कार्यक्रम आयोजित कर पोस्टर, बैनर, स्लोगन तथा गोष्ठी के माध्यम से लोगों को पृथ्वी के संरक्षण के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध पर्यावरणविद् विजयपाल बघेल ने कहा कि 1970 में पहली बार




पृथ्वी दिवस पर नोएडा स्टेडियम में एक ना

# इको फ्रेंडली चाय वालों को दिए छाते

नोएडा (एसएनबी)। संकल्प इंडिया वेलफेयर संस्था द्वारा शुक्रवार को कई जगह इको फ्रेंडली चाय वालों को छाते वितरित किए। छातों पर प्रिंट कराया गया था कि प्लास्टिक हटाओ : पर्यावरण बचाओ एवं इको फ्रेंडली चाय वाला। संकल्प संस्था द्वारा एक महीने पहले चाय वालों को कागज के कप दिए गए थे। उन्हें बताया गया था कि पहली बार कप के कप दिए जा रहे हैं दूसरी बार आप खुद खरीद कर कागज के कप में लोगों को चाय पिलाएंगे।

▶ छातों पर लिखा है: प्लास्टिक हटाओ : पर्यावरण बचाओ, इको फ्रेंडली चाय वाला

▶ कागज के कप में देते हैं चाय

संकल्प संस्था की अध्यक्षा रेखा शर्मा ने कहा कि यह काम हम सब को मिल कर करना चाहिए, तभी पर्यावरण शुद्ध रह पाएगा। शुक्र घरों में उठने वाले पूजा के फूल भी आप पोलीथिन की बजाय कागज में लें। सबसे पहले आप खुद सुधरें, समाज खुदबखुद बदल जाएगा।

उन्होंने एक महीने पहले जिन चाय विक्रेताओं को सुधारने का बीड़ा उठाया था। सेक्टर-12, 55, 56, 57, के कुछ चाय वालों ने कागज के कप में चाय देना शुरू किया और आज उन लोगों को छाते दिए गए हैं।

रेखा शर्मा ने कहा कि पर्यावरण बचाने के लिए उनका अभियान जारी रहेगा। इस मौके पर रेनू शर्मा, राजीव मनचंदा, सुशील कुमार, कीर्ति, आरिफ, विपिन कुमार आदि ने एनजीओ संकल्प के कार्यों की सराहना की।



विविध गतिविधियां

## पर्यावरण संरक्षण के लिए किया प्रेरित



सेक्टर-56 में दुकानदार को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करती संस्था की सदस्य। जागरण

सं, नोएडा : पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सामाजिक संस्था ने शुक्रवार को अभियान चलाया। इसके तहत चाय बेचने वालों को प्लास्टिक कप के बजाय कागज से बने कप इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया। इस संस्था ने चाय की दुकान वालों को इको-फ्रेंडली छतरी भी दी, ताकि लोगों को इस बारे में पता चल सके। संकल्प संस्था की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने कहा कि पिछले कई सालों से वह नोएडा में चाय बेचने वालों को कागज कप इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित कर रही हैं। इस दौरान रेनू शर्मा, राजीव मनचंदा, डॉ. कीर्ति, अवनीश सक्सेना कई लोग मौजूद थे।

नेशनल दुनिया | शनिवार, 23 फरवरी 2013

# प्लास्टिक हटाओ पर्यावरण बचाओ

नेशनल दुनिया संवाददाता

नोएडा। प्लास्टिक के प्रयोग से पर्यावरण को बढ़ते खतरे को देखकर संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट ने जागरूकता अभियान तेज कर दिया है। ट्रस्ट की प्रमुख रेखा शर्मा ने बताया कि प्लास्टिक के कप सबसे ज्यादा प्रदूषण फैला रहे हैं। इसलिए इनके इस्तेमाल पर रोक लगाना बेहद जरूरी है। पिछले दिनों संस्था ने शहर के विभिन्न हिस्सों में जाकर चाय विक्रेताओं को प्लास्टिक की बजाय कागज के कप इस्तेमाल करने हेतु जागरूक किया था। चाय विक्रेताओं को बताया गया था कि प्लास्टिक के कप किस प्रकार स्वच्छ पर्यावरण के लिए हानिकारक साबित हो रहे हैं। इसलिए वे प्लास्टिक कप इस्तेमाल न करें। अब ज्यादातर चाय विक्रेता कागज के कपों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इन चाय विक्रेताओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

अमर उजाला 3
नई दिल्ली। शुक्रवार। 21 दिसंबर 2012

# लड़कियों को आत्मरक्षा की सीख

दिल्ली गैंग रेप कांड को देखते हुए बृहस्पतिवार को मोरना स्थित बारातघर में सामाजिक संगठन संकल्प के तत्वावधान में चल रहे एनएसएस शिविर में शामिल लड़कियों को आत्मरक्षा की सीख दी गई। अकेले बाहर निकलने पर शालीनता वाले कपड़े पहनने, अनजान व्यक्तियों से लिफ्ट न लेने जैसी तमाम बातें सिखाई गईं। इसमें सेक्टर 12 स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के 50 से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल रहीं। छात्रों को नशे से दूर रखने की सीख दी गई। संकल्प की प्रमुख रेखा शर्मा, राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त शिक्षक छोटेलाल, केंद्रीय विद्यालय की पूर्व प्रधानाचार्य रेनू शर्मा, डॉ. विभा चौहान, राजीव सोलंकी ने शिविर को संबोधित किया। शिविर 24 दिसंबर तक चलेगा।

नेशनल दुनिया | गुरुवार, 13 दिसंबर 2012

# लोगों को पर्यावरण के प्रति किया जागरूक



पॉलीथिन के प्रयोग के खिलाफ जागरूकता अभियान शुरू करते संस्था के कार्यकर्ता।

नोएडा। संस्कार चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में बुधवार को सेक्टर-12 में पर्यावरण जागरूकता पर रैली निकाली गई। रैली के जरिए पॉलीथीन का प्रयोग नहीं करने का संदेश दिया गया। इसमें काफी संख्या में स्कूली बच्चे व ट्रस्ट से जुड़े पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ट्रस्ट के सदस्यों ने इस दौरान चाय दुकानदारों को मुफ्त में कागज के कप भी भेंट किए और उन्हें प्लास्टिक के कपों से तौबा करने के प्रति प्रोत्साहित किया। ट्रस्ट की प्रमुख रेखा शर्मा ने बताया कि प्लास्टिक की चीजों से पर्यावरण सबसे ज्यादा दूषित होता है। इसलिए आमजन के साथ-साथ चाय की दुकान लगाने वाले लोगों को भी इनके प्रयोग से बचना चाहिए। उन्होंने बताया कि रैली सेक्टर-12 के विभिन्न स्थानों में घूमी। बच्चों ने स्लोगन के जरिए भी लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया।


दैनिक जागरण | नई दिल्ली, 13 दिसंबर 2012 | www.jagran.com

**प्रयास :** छात्रों व सामाजिक संगठन ने चलाया पॉलीथीन का इस्तेमाल नहीं करने का अभियान

# पॉलीथीन बैग : चाय के दुकानदारों को किया सचेत



सेक्टर-12 में पॉलीथीन बैग पर रोक लगाने के लिए जागरूक करते राजकीय इंटर कॉलेज के छात्र व सामाजिक संगठन के सदस्य। जागरण



कविता व स्केच दिखाता सुशील।

**संवाददाता, नोएडा :** पर्यावरण बचाने के लिए पॉलीथीन बैग पर रोक लगाने की मुहिम में अब स्कूली छात्रों की सक्रियता बढ़ने लगी है। बुधवार को सेक्टर-12 स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के छात्रों और एक सामाजिक संगठन से जुड़े लोगों ने शहर में पॉलीथीन बैग पर रोक लगाने के लिए लोगों को जागरूक किया। साथ ही, चाय की दुकानों पर प्लास्टिक कप के इस्तेमाल से बचने के लिए जागरूक करने के साथ उन्हें कागज के कप भी वितरित किए।

इससे पहले मंगलवार को एमिटी इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने पर्यावरण बचाने के लिए एक मिसाल पेश की थी। यह खबर प्रकाशित होने के बाद शहर के कई सामाजिक संगठनों ने अनन्या, सना, आयुषी व अमान से अन्य बच्चों को जागरूक करने के लिए चलाए जाने वाले मुहिम में शामिल करने की अपील की है। इनसे प्रेरणा लेकर अब शहर के कई स्कूलों के बच्चे पॉलीथीन बैग पर रोक लगाकर पर्यावरण बचाने के लिए अभियान चलाने की योजना बना रहे है।




हटाना है पॉलीथीन

इसी क्रम में सेक्टर-12 राजकीय इंटर कॉलेज के छात्र व छात्राओं ने सामाजिक संगठन संकल्प से जुडी रेखा शर्मा, रेनू शर्मा, शैल, राजीव मल्होत्रा, अनिल कौशिक व अन्य लोगों के साथ मिलकर अभियान चलाया। इसके तहत 'प्लास्टिक हटाओ, पर्यावरण बचाओ' का पोस्टर लेकर लोगों के बीच जागरूकता फैलाई। छात्रों और सामाजिक संगठन से जुड़े लोगों ने चाय बेचने वाले दुकानदारों को भी पॉलीथीन बैग और प्लास्टिक कप में चाय देने से मना किया। इसमें चाय पीने से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभाव के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही दुकानदारों को कागज के कप भी बांटे। इस बारे में सामाजिक संगठन की रेखा शर्मा ने बताया कि पर्यावरण बचाने को लेकर अक्सर अभियान चलाया करती है। बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग से विश्व पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में भी वह लोगों को बता रही है। साथ ही खासकर पॉलीथीन बैग के प्रयोग और उसे जलाए जाने से निकलने वाली विभिन्न गैसों से कैंसर व अन्य बीमारियों के प्रति लोगों को भी जागरूक कर रही है।

**छात्र ने लिखी कविता :** राजकीय इंटर कॉलेज के 12वीं के छात्र सुशील चौधरी ने पर्यावरण बचाने के लिए कविता भी लिखी। इसमें छात्र ने पॉलीथीन बैग के प्रयोग से होने वाली गंदगी और उसके बाद उसे कूड़े में फेंकने का जिक्र किया है। इसके बाद उसे खाने से गाय को होने वाले नुकसान के बारे में भी लिखा है। वहां मौजूद अन्य छात्रों ने भी अपने माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान स्कूल में पढ़ने वाले मनीष गिरी, उदित, मोहित, नारायण, सीमा समेत अन्य कई छात्र मौजूद रहे।

6

अमर उजाला

नई दिल्ली। बृहस्पतिवार। 13 दिसंबर 2012

अमर उजाला नई दिल्ली। बृहस्पतिवार। 13

## न्यूज डायरी

राजन राय



प्लास्टिक प्रयोग रोकने को लेकर जागरूक करते संस्था के लोग।

## प्लास्टिक प्रयोग रोकने को अभियान

नोएडा (ब्यूरो)। संकल्प इंडिया संस्था की ओर से सेक्टर-56, 57, 58 में प्लास्टिक का प्रयोग रोकने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। संस्था के सदस्यों ने इलाके के चाय दुकानों में प्लास्टिक के बदले में थर्मोकोल का कप प्रयोग में लाने के प्रति वेंडरों को जागरूक किया। संस्था ने कहीं-कहीं ऐसे कपों को निःशुल्क वितरित भी किया। संस्था प्लास्टिक का प्रयोग रोकने व इसके प्रति जागरूकता अभियान चलाने वाले वेंडरों को पुरस्कृत करेगी। इस मौके पर रेणु शर्मा, राजीव, कौशिक, महावीर शर्मा सहित कई छात्रों ने भाग लिया।

## जूनियर हाई स्कूल में विज्ञान मेला

नोएडा। सेक्टर- 5 स्थित जूनियर हाई स्कूल हरौला में अगस्त्य इंटरनेशनल फाउंडेशन के सहयोग से विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। इसमें करीब 150 बच्चों ने भाग लिया। उन्होंने मेले में विज्ञान के मॉडल की प्रदर्शनी लगाई। मेले का उद्घाटन विद्यालय की मुख्य अध्यापिका अनीता ने किया। इससे पहले स्कूल के बच्चों को प्रशिक्षित किया गया था।

नई दिल्ली (बृहस्पतिवार • 8 नवम्बर • 2012 राष्ट्रीय सहारा 5

# सम्मानित किए गए मेधावी छात्र

नोएडा (एसएनबी)। कमजोर छात्रों को विषय के कठिन अध्याय को प्रोजेक्ट के माध्यम से आसान करने के लिए अक्टूबर में आयोजित 'विजुअल स्टडी' प्रतियोगिता में प्रमुख तीन स्थानों पर रहने वाले छात्रों को बुधवार को सम्मानित किया गया। सेक्टर-12 स्थित राजकीय इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम में विजयी छात्रों को इग्नू के डायरेक्टर गुलाब झा और राष्ट्रपति पदक से सम्मानित पूर्व प्रधानाचार्य छोटे लाल चौहान ने सम्मानित किया।

कमजोर छात्रों को कठिन अध्याय याद करने में किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए विजुअल स्टडी प्रतियोगिता अक्टूबर में राजकीय इंटर कालेज में आयोजित की गई थी। संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य कमजोर छात्रों को अध्याय याद रखने का एक तरीका देना था जो अक्सर कठिन अध्यायों को छोड़ देते हैं। प्रतियोगिता में छात्रों ने कठिन अध्याय के उपर प्रोजेक्ट तैयार किया जो कि अध्याय के बारे में पूरी जानकारी दे रहा था। विद्यार्थियों के प्रोजेक्टस की जांच करने के बाद मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के लिए स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में मिल कर प्रोजेक्ट तैयार करने वाले 11ए के छात्र मनीष, उदित, मोहित को प्रथम, 12ए की छात्रा नीलम को द्वितीय एवं 11ए की चांदनी को तृतीय घोषित किया गया। विजेता खिलाड़ियों को गुलाब झा, छोटे लाल और स्कूल के प्रधानाचार्य सरदार सिंह ने प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



नोएडा सेक्टर 12 स्थित इंटर कॉलेज में छात्रों को सम्मानित करते इग्नू के डायरेक्टर गुलाब झा।

नेशनल दुनिया | गुरुवार, 08 नवंबर 2012

# मेधावी बच्चों का सम्मान

नोएडा। संकल्प चैरिटेबल संस्था के तत्वावधान में चलाए गए विजुअल स्टडी प्रोग्राम के तहत बुधवार को सेक्टर-12 स्थित राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। पहला पुरस्कार मनीष, मोहित व उदित को संयुक्त रूप से प्रदान किया गया जबकि दूसरा पुरस्कार नीलम कुमारी व तीसरा पुरस्कार चांदनी ने जीता। आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस के लिए सुशील कुमार को सम्मानित किया गया। इस बीच इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक गुलाब झा, राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता शिक्षक छोटे लाल चौहान, जीआईसी नोएडा के प्रिंसिपल सरदार सिंह व संकल्प चैरिटेबल संस्था की प्रमुख रेखा शर्मा के अलावा संस्था के राजीव मल्होत्रा व महावीर शर्मा भी मौजूद रहे। संस्था की प्रमुख रेखा शर्मा ने बताया कि यह अभियान छात्रों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए चलाया गया था। उन्होंने बताया कि एक माह तक चलाए गए अभियान के तहत छात्रों को कठिन विषयों की पढ़ाई की विधि बताई गई। साथ इन्हें चार्ट बनाने के लिए भी दिया गया था।

22 | दैनिक जागरण नई दिल्ली, 8 नवंबर 2012

# विजुएल स्टडी में मनीष व उदित ने मारी बाजी

संवाददाता, नोएडा : सेक्टर-12 स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में बुधवार को विजुअल स्टडी प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक गुलाब झा और राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सेवानिवृत्त शिक्षक छोटेलाल चौहान मुख्य अतिथि रहे। संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से छात्रों को समझ में न आने वाले विषयों और पाठ को चित्रों के माध्यम से व्यक्त करना था। ट्रस्ट की अध्यक्षा रेखा शर्मा ने बताया कि विजुअल स्टडी प्रतियोगिता में 200 छात्रों ने भाग लिया था। प्रथम पुरस्कार मनीष और उदित के नाम रहा। दूसरा पुरस्कार नीलम, तीसरा पुरस्कार रोशनी और ऑउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस का पुरस्कार सुशील के नाम रहा।

4

www.samaylive.com | राष्ट्रीय सहारा | 7
नई दिल्ली । बृहस्पतिवार • 11 अक्टूबर • 2012

## संक्षिप्त खबरें

### स्लाइड रिपोर्ट में बलात्कार की पुष्टि

गाजियाबाद । पिछले माह मधुपुरा के एक नामचीन स्कूल की कक्षा में 6 साल की एक छात्रा के साथ हुए रेप के मामले में स्लाइड रिपोर्ट थाना इंदिरापुरम पुलिस को मिल गयी है। रिपोर्ट में बच्ची के साथ बलात्कार की पुष्टि हो गयी है। पुलिस के अनुसार स्लाइड रिपोर्ट में बच्ची के साथ दुराचार होने की पुष्टि हो गयी है। गौरतलब है कि मधुपुरा के एक नामचीन स्कूल की 6 साल की एक छात्रा के साथ स्कूल बस के अंदर ही बस चालक और परिचालक ने बलात्कार किया था।

### प्लास्टिक हटाओ अभियान शुरू

नोएडा। संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट ने बुधवार को सेक्टर-55, 56 में चाय विक्रेताओं से मिल कर प्लास्टिक हटाओ अभियान शुरू किया। ट्रस्ट की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने आज आधा दर्जन चाय विक्रेताओं को थर्माकोल के कप भेंट किए। कल बृहस्पति वार को सेक्टर-12 में चाय विक्रेताओं से मिलकर प्लास्टिक कप में चाय न देने को कहा जाएगा और उन्हें थर्माकोल के कप भी भेंट करेंगी। रेखा शर्मा ने कहा कि यह सिलसिला जारी रहेगा और जो चाय विक्रेता थर्माकोल के कप खरीद कर चाय बेचेगा उसे वह कार्यक्रम में सम्मानित करेंगी।

### मूट कोर्ट प्रतियोगिता का शुभारंभ

नोएडा। भविष्य के अधिवक्ताओं के लिए त्रिदिवसीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को सेक्टर-125 स्थित एमिटी विश्वविद्यालय में हुआ। इस मौके पर दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश विपिन सांघी ने कहा कि कानून लोगों को समान अधिकार प्रदान करता है एवं देश को एक रूप में बांधता है। उन्होंने कहा कि कोई भी देश बिना कानून के न तो आगे बढ़ सकता है और न ही विकास कर सकता है। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता फखरूद्दीन, विधि के एमिटी चांसलर चैयरमैन कमांडर शुक्ला, नीलेन्द्र कुमार सहित छात्र व शिक्षक मौजूद थे।

नेशनल दुनिया | गुरुवार, 11 अक्टूबर 2012

# पर्यावरण बचाओ, प्लास्टिक हटाओ अभियान शुरू

नेशनल दुनिया संवाददाता

- मुहिम से जुड़कर चाय विक्रेताओं में प्रसन्नता
- संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट ने की अभियान की शुरुआत

नोएडा। पर्यावरण की स्वच्छता मनुष्य के साथ-साथ जीव-जंतु व पेड़-पौधों के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण होती है, मगर ग्लोबलाइजेशन के दौर में इसकी अहमियत को काफी कम लोग समझ पा रहे हैं। इस अहमियत को ध्यान में रखकर संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट ने अभियान का शुरुआत की है। समाज से चाय की दुकानों पर प्लास्टिक के कपों का इस्तेमाल नहीं करने का आह्वान किया है।

ट्रस्ट ने इस मुहिम के तहत बुधवार को सेक्टर-56, 55 व सेक्टर-12 में चाय विक्रेताओं को मुफ्त में कागज के कप भी वितरित किए। इस मौके पर ट्रस्ट की अध्यक्ष रेखा शर्मा व अन्य महिलाएं मौजूद रहीं। दुकानदारों ने भी यह संकल्प लिया कि वे भविष्य में प्लास्टिक की जगह कागज के कपों में चाय बेचेंगे। सेक्टर-55 में चाय दुकानदार मुहम्मद रिजवान ने कहा कि ट्रस्ट के इस जागरूकता अभियान से वह बेहद खुश हैं। ट्रस्ट की अध्यक्ष रेखा शर्मा कहती हैं कि प्लास्टिक का प्रयोग बेहद नुकसानदेह साबित हो रहा है। प्लास्टिक कप के इस्तेमाल पर पूर्णतः रोक लगानी जरूरी है क्योंकि प्रतिदिन हजारों कप इस्तेमाल होते हैं, जिन्हें या तो नालों में डाल दिया जाता है अथवा सड़कों पर फेंका जाता है, जो धीरे-धीरे जहर का रूप ले लेता है। उन्होंने बताया कि यह जागरूकता अभियान जारी रहेगा और जो रेगुलर कागज के कपों का इस्तेमाल करेगा उन्हें ट्रस्ट की तरफ से पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। ट्रस्ट ने इस अभियान को पर्यावरण बचाओ, प्लास्टिक हटाओ नाम दिया है।

# लेट नाइट

रेस र

नेशनल दुनिया संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। लोगों में फार्मूला-वन ... रेस का भी क्रेज बढ़ रहा है। इस माह 26 से 28 अक्टूबर तक ग्रेटर नोएडा स्थित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में फार्मूला-वन रेस का आयोजन होना है। पहले दो दिन प्रैक्टिस और क्वॉलीफाइंग रेस होनी है जबकि 28 अक्टूबर को दोपहर तीन से चार बजे के बीच एक घंटे की खिताबी रेस होगी। इस बार पहले दो दिन जहां रेस मुख्य आकर्षण होगी, वहीं 28 अक्टूबर की सुबह से देर रात तक न सिर्फ खिताबी रेस देखने का दर्शकों पर जादू छाया रहेगा, बल्कि देर रात को रॉक ... रेस की मस्ती में डूब जाने का इंतजार रहेगा।

जिस प्रकार गत वर्ष 30 अक्टूबर की देर रात फार्मूला-वन रेस की थकान उतारने के लिए हॉलीवुड पॉप स्टार लेडी गागा ने संगीत का लाइव कार्यक्रम किया था, ठीक उसी प्रकार इस बार

अमर उजाला | नई दिल्ली | बृहस्पतिवार | 11 अक्टूबर 2012

### चाय विक्रेताओं को जागरूक किया

... (ब्यूरो)। नोएडा (ब्यूरो)। संकल्प इंडिया के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को विभिन्न सेक्टरों में चाय विक्रेताओं को प्लास्टिक कप इस्तेमाल न करने के प्रति जागरूक किया। अध्यक्ष रेखा शर्मा की मौजूदगी में सेक्टर-55, 56 और सेक्टर-12 में सड़क किनारे चाय बेचने वालों को कागज और थर्माकोल के कप इस्तेमाल करने की सलाह दी गई।



सेक्टर-56 में चाय विक्रेताओं को कागज के कप प्रदान करते संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य।

फोटोः नेशनल दुनिया

3

अमर उजाला
नई दिल्ली। मंगलवार। 26 जून 2012
युवा नोएडा। ग्रेनो

# लजीज व्यंजनों का स्वाद और गीत-संगीत

## अमर उजाला के रूपांतरण कुकरी शो में महिलाओं ने सीखी रेसिपी

अमर उजाला ब्यूरो

नोएडा। अमर उजाला के रूपांतरण कुकरी शो में सोमवार को महिलाओं ने जाने माने शेफ से लजीज व्यंजनों की रेसिपी सीखी और उनका स्वाद लिया। सेक्टर-38 ए स्थित जीआईपी मॉल में आयोजित इस कुकरी शो में कई रोचक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ, जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और पुरस्कार जीते। इन सबके बीच गीत संगीत के कार्यक्रमों में डांस की बेहतरीन प्रस्तुति हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक छोटे लाल चौहान, जीआईपी मॉल के हेड ऑपरेशंस आशीष शर्मा, इवेंट हेड शमीम अनवर, अवनीश सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। एक सांस में लगातार कच्चा पापड़, पक्का पापड़ बोलने की प्रतियोगिता में सेक्टर-71 निवासी रेनू सिरोही ने पुरस्कार जीता। जबकि कौन ढूंढने की प्रतियोगिता में ग्रेटर नोएडा निवासी आरती शर्मा विजेता रहीं। इन प्रतियोगिताओं के बीच सेक्टर-55 स्थित संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट के बच्चों ने पॉप, देशभक्ति और लोकनृत्य पेश कर लोगों की जमकर वाहवाही बटोरी।





जीआईपी मॉल में आयोजित रूपांतरण कुकरी शो में उपस्थित महिलाएं (बाएं)। मुख्य अतिथि छोटे लाल चौहान को बुके भेंट करते जीआईपी के हेड ऑपरेशंस आशीष शर्मा।

कुकरी शो में पंजाबी पकवान के मास्टर शेफ चंद्रवीर और न्यू बॉक्स रेस्टोरेंट के शेफ मोहम्मद अख्तर ने हैदराबाद मोती पालक, पनीर दिलकश और चिकन अदरकी की रेसिपी सिखाई। महिलाओं ने इन रेसिपी को अपने पास नोट किया और सवाल भी पूछे। एक बुजुर्ग महिला के कहने पर शेफ ने अपनी रेसिपी में उनके टिप्स भी शामिल किए। चंद्रवीर ने बताया कि हैदराबाद मोती पालक और भुट्टे के दाने से बनने वाला लजीज व्यंजन है। वहीं पनीर दिलकश और चिकन अदरकी भी अपने आप में बेमिसाल है। कार्यक्रम में अमर उजाला के जीएम अशोक शर्मा भी उपस्थित रहे।

### फिल्मी सितारों के डांस ने लगाए चार चांद

कार्यक्रम में माधुरी दीक्षित, कैटरीना और करीना का डांस देखकर उपस्थित महिलाएं सीटियां और तालियां बजाने से खुद को रोक नहीं पाईं। दरअसल यहां ये असल अभिनेत्रियां नहीं बल्कि उनकी तीन फैन मौजूद थीं, जिन्होंने माधुरी, कैटरीना और करीना के डांस की झलक पेश कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

### नृत्य के बाद सुनाई खुद की लिखी कविता

कार्यक्रम में कविताओं का दौर भी चला। दादरी से आईं हेमलता सिसोदिया ने मंच पर नृत्य पेश करने के बाद खुद की लिखी कविता भी सुनाई। चांद बीबी की इस कविता के शुरुआती बोल कुछ यूं थे-

तू अक्सर याद मुझसे
अलसों में मिलाकर

हकीकत में नहीं मिलता तो
ख्वाबों में मिलाकर

है जुस्तजू कुछ तेरी मेरे
दिल में यूं शामिल, दुनिया
की भूल भुलाने तू मिलाकर

पुतलों में तुझे ढूंढे मासूम
उलझी उल्टी बहार
मुस्काते तू मौसम में
मिलाकर

www.naidunia.com
www.webdunia.com नई

02

सोमवार, 23 जनवरी 2012

## न्यूज गैलरी



विजेता बच्चों को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि छोटे लाल चौहान।

### पेंटिंग प्रतियोगिता में सैकड़ों बच्चों ने लिया हिस्सा

नोएडा। सेक्टर-55 स्थित शिव शक्ति मंदिर में रविवार को अंतर स्कूल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजित की गई। प्रतियोगिता संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट व अमर अमोलक संतोष मल्होत्रा चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक छोटेलाल चौहान रहे। ट्रस्ट की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने बताया कि पेंटिंग प्रतियोगिता में 200 बच्चों ने भाग लिया। सीनियर वर्ग में बाल ज्ञान कार्यशाला के राहुल ने पहला, एसडी बाल विद्या मंदिर के शिवम ने दूसरा व बाल ज्ञान कार्यशाला के सुमित ने तीसरा स्थान पाया। वहीं, जूनियर वर्ग में ईशान स्कूल की तान्या व मिशा ने क्रमश: पहला व दूसरा जबकि तीसरा स्थान बाल ज्ञान कार्यशाला की अशिमा ने पाया।

14 | दैनिक जागरण नई दिल्ली, 23 जनवरी 2012



सेक्टर-55 ई ब्लॉक स्थित शिवशक्ति मंदिर में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय प्रस्कार के साथ बच्चे। जागरण

...चरणजीत सिंह, पीयूष मोहन, राम सिंह, नीलम बिष्ट सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

### छात्रों ने बिखेरे कल्पना के रंग

नोएडा, संवाददाता: संकल्प इंडिया और अमर अमोलक संतोष मल्होत्रा चेरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को पेंटिंग प्रतियोगिता हुई। सेक्टर-55 में हुई इस प्रतियोगिता में तीन स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया। विजेताओं को राष्ट्रपति अवॉर्ड से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक छोटेलाल चौहान ने पुरस्कृत किया। यह प्रतियोगिता सीनियर और जूनियर दो वर्गों के लिए हुई। इसमें बाल ज्ञान कार्यशाला, एसडी बाल विद्या मंदिर, ईशान स्कूल और चिल्ड्रेन फाउंडेशन स्कूल के छात्रों ने भाग लिया। सीनियर वर्ग में बाल ज्ञान कार्यशाला के राहुल को पहला और इसी स्कूल के सुमित को तीसरा स्थान मिला।

वहीं एसडी बाल विद्या मंदिर के शिवम और ईशान स्कूल की नेहा ने संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में पहले और दूसरे स्थान पर ईशान स्कूल की तान्या और मिशा रहीं। निर्णायक मंडल में आशा बिष्ट, अनीता चोपड़ा और विभा सैनी शामिल रहीं। छात्रों का उत्साह बढ़ाने के लिए चिल्ड्रेन फाउंडेशन स्कूल की प्रधानाचार्य नीलम नेगी और संकल्प इंडिया चेरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष रेखा शर्मा मौजूद रहीं।

# बाल दिवस

OT ADMISSION



# ए चाचा नेहरू के दुलारे



सेक्टर-67 स्थित विजन मिशन फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित पुरस्कृत बच्चे। जागरण

**वर्ल्ड ऑफ वंडर तक मार्च किया बच्चों ने :** बालदिवस के मौके पर शहर के विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने रजनीगंधा चौराहे से लेकर वर्ल्ड ऑफ वंडर तक मार्च किया। चाइल्ड हेल्प लाइन की ओर से आयोजित मार्च में जीआइपी की उपाध्यक्ष बेनू सहगल भी थे। तीन दिन से चल रहे किड्स कार्निवाल के समापन समारोह में विद्या व चाइल्ड, सक्षम, दक्ष और त्यागराजन नृत्य केंद्रों के बाल कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रमों से समां बांधा। मुख्य अतिथि एसपी ट्रैफिक अवधेश विजेता छात्रों से जीवन में सदैव आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। रोटरी क्लब ने चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की। सनातन धर्म मंदिर सेक्टर-19 में गरीब छात्रों के लिए विशेष ड्राइंग प्रतियोगिता कराई गई। एसबीआइ की नोएडा की शाखाओं ने पुरस्कार वितरण समारोह किए। इसके तहत नई दिशा फ्री एजुकेशन सोसायटी ने छात्रों को शब्दकोष, स्टेशनरी का सामान दिया। सेक्टर-दो शाखा प्रबंधक सुभाष बत्रा के साथ राकेश, दिनेश, राजेंद्र, नमिता, यशपाल और ओपी शर्मा मौजूद थे। संकल्प चैरिटेबल ट्रस्ट ने इंटर स्कूल हुई पेंटिंग में इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक गुलाब झा, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य छोटेलाल चौहान छात्रों का उत्साह बढ़ाया। छात्रों अंजलि, राहुल, कोमल, प्रियंका, जेबा, बबीता ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान पाया। सवेरा की सुषमा बच्चों को कविता सुनाई। संकल्प की रेखा शर्मा ने बच्चों को चाचा नेहरू के बारे में बताया। नया बास कांग्रेस सेवादल ने कार्यालय में सेवादल के एडीशनल चीफ कुंवर नूर मोहम्मद के नेतृत्व में नेहरू जी की 122 वीं जयंती मनाई गई। लियाकत अली, ओमेंद्र राकेश, डॉ अख्तर खान, रमाकांत पांडे, हरीश सिंह, गुलजार, फहीम सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा ने सेक्टर-9 में नेहरू जी की जयंती मनाई। महानगर अध्यक्ष विनोद पांडे ने कार्यकर्ताओं से नेहरू जी के दिखाए मार्ग का अनुसरण करने को कहा। महासचिव पवन शर्मा ने कहा कि नेहरू जी की भारत को सबसे बड़ी देन हिंदू-मुस्लिम एकता है। इस अवसर पर आलोक सिंह, विधानसभा अध्यक्ष गौतम अवाना, दीप्ती पांडे, सुमित भाटी, संजय तनेजा भी थे। सेक्टर-11 कांग्रेस कार्यालय में नोएडा व्यापारी वेलफेयर एसोसिएशन ने नेहरू की जयंती मनाई। पूर्व प्रदेश सचिव व पीसीसी मेंबर चौधरी जगमाल सिंह मावई ने बच्चों में फल मिठाइयां बांटी।

## दो हिस्सों में तैयार हो रही अतिक्रमण रिपोर्ट

- 7 लाख वर्ग मीटर भूमि पर है अवैध कब्जा
- 10 हजार करोड़ रुपये है अतिक्रमण वाली भूमि की कीमत

नोएडा, संवाददाता : अतिक्रमण के खिलाफ रणनीति बनाने के लिए प्राधिकरण अब दो हिस्सों में रिपोर्ट तैयार कर रहा है। इसके लिए सभी संबंधित जेई को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। दो भाग में रिपोर्ट मिलने के बाद प्राधिकरण इन जमीनों से कब्जा हटवाने की रूपरेखा तैयार करेगा। ज्ञात हो कि प्राधिकरण ने पूर्व में कई टीम बना अपनी जमीनों पर अवैध कब्जे का सर्वे कराया था। सर्वे के दौरान इन कब्जों की फोटो भी खींची गई थी। इस सर्वे के अनुसार वर्तमान में प्राधिकरण की 17 लाख वर्ग मीटर से ज्यादा भूमि पर अवैध कब्जे है। इसकी कीमत दस हजार करोड़ रुपये से भी ज्यादा है।

तत्कालीन चेयरमैन व सीईओ बलविंदर कुमार ने सभी जेई से इसकी एकीकृत रिपोर्ट मांगी थी। इसके बाद इन कब्जों के खिलाफ कार्रवाई की रणनीति तैयार की जानी थी। कब्जा हटाने के बाद प्राधिकरण को इन जमीन की फेंसिंग करा अपना बोर्ड लगाना था, ताकि खाली कराई गई भूमि को भविष्य में भी बचाए रखा जा सके। अब इस रिपोर्ट को दो हिस्सों में तैयार किया जा रहा है। अतिक्रमण के लिए बनाई गई टीमें मुख्य परियोजना अभियंता (सीपीई) संतराम के नेतृत्व में गठित की गई थी।

मामले में सीपीई ने बताया कि पहले वाली रिपोर्ट काफी बड़ी हो रही थी। उसकी समीक्षा करना संभव नहीं हो पा रहा था। लिहाजा सभी जेई को निर्देश दिए गए है कि वह इन रिपोर्ट को दो हिस्सों में तैयार करें। एक सप्ताह में उनसे रिपोर्ट प्राप्त कर उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार इन्हें हटाने के लिए रणनीति तैयार की जाएगी।

14 NOV 2011





# Day

A Consumer Connect Initiative

## ...क डांसरों ने किया परफॉर्म




...011 कार्यक्रम में नटराज फेस्टिवल परफॉर्म में करते बच्चे

...38 के वर्ल्ड ऑफ वंडर में अलकनंदा डांस इंस्टीट्यूट के एनुअल डे फंक्शन ... को 'मंथन 2011' का नाम दिया गया था। स्टूडेंट्स ने परफॉर्म करने के साथ ...ाथ नटराज फेस्टिवल भी आयोजित किया गया। इस फेस्टिवल का आयोजन ... किया गया था। इस मौके पर अलकनंदा डांस इंस्टीट्यूट के 140 कत्थक ...र्स तक ही परफॉर्मेंस सीमित नहीं थी, गीत गाकर भी समां बांधा गया। रविंद्र...ाथ टैगोर को समर्पित करते हुए प्रस्तुति पेश की।

## बच्चों ने पेंटिंग कॉम्पिटिशन में दिखाया हुनर




सेक्टर-12 स्थित जूनियर हाईस्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**एक संवाददाता ॥ नोएडा :** संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से रविवार को सेक्टर-12 स्थित जूनियर हाईस्कूल में समाज के वंचित और सुविधा विहीन बच्चों को प्रोत्साहन देने के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राजकीय इंटर कॉलेज की प्रियंका फर्स्ट, जेबा सेकेंड और बबीता थर्ड रहीं। पुरस्कारों की दूसरी कैटिगरी में एसडी बाल विद्या मंदिर की अंजलि को प्रथम और बाल कल्याण कार्यशाला के राहुल को सेकेंड और बाल कल्याण कार्यशाला की कोमल को थर्ड स्थान प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि इग्नू के डायरेक्टर गुलाब झा ने विजेता बच्चों को पुरस्कार प्रदान किया।

06.09.2011

अमर उजाला

6/9/11

# छात्र बोले 'हैप्पी टीचर्स डे'

## शिक्षक दिवस के अवसर पर जगह-जगह रंगारंग कार्यक्रम

नोएडा। 'हैप्पी टीचर्स डे।' सोमवार को शहर के हर स्कूल, कॉलेज और इंस्टीट्यूट में टीचर्स डे विश करने के साथ ही छात्रों की जुबां पर अपने शिक्षकों के लिए ढेरों दुआएं थी। शिक्षक दिवस पर छात्रों ने न केवल रंगारंग कार्यक्रम पेश किए बल्कि शिक्षक बनकर उनके योगदान की तस्वीर भी पेश की। छात्रों ने चुटकीले अंदाज में शिक्षकों की नकल पेशकर पूरे स्कूल को जमकर गुदगुदाया।

गेझा स्थित गाया स्कूल में छात्रों ने लोकनृत्य पेश कर समां बांध दिया। इस स्कूल में दोपहर में आर्थिक तौर पर अक्षम परिवारों के बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जाती है, जिसमें सेक्टर-93 स्थित एटीएस विलेज के निवासी सहयोग करते हैं। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या अदिति ने छात्रों के कार्यक्रमों की जमकर सराहना की और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। सेक्टर-39 स्थित रेयान इंटरनेशन स्कूल के छात्र शिवम ने स्कूल के चेयरमैन का रोल किया जबकि छात्रा तान्या प्रबंध निदेशक का रोल करती नजर आई। छात्रों ने नृत्य, गीत-संगीत के कार्यक्रम तो पेश ही किए साथ ही खूबसूरत परिधानों में अभिनय करते भी नजर आए। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या अनुराधा शर्मा भी मौजूद थी। सेक्टर-30 स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्रों ने अपने शिक्षकों का मंच पर अभिनय किया और उन्हें जमकर हंसाया। वरिष्ठ छात्र शिक्षक बनकर कक्षा में पहुंचे और एक घंटे तक छोटे बच्चों को पढ़ाया। सेक्टर-50 स्थित कोठारी इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक भी जमकर थिरके। फिल्म सिटी स्थित एपीजे स्कूल समेत शहर के सभी स्कूलों में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। सेक्टर-2 स्थित खजानी वूमेंस पॉलिटेक्निक में सर्वपल्ली राधा कृष्णन की याद में छात्राओं ने केक काटा और इसके बाद नृत्य के कार्यक्रमों की झड़ी लगा दी। सेक्टर-12 के सामुदायिक केंद्र में स्थानीय आरडब्लूए व संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सरकारी एवं निजी स्कूलों के शिक्षकों को सम्मानित किया गया। आरडब्लूए के अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा और संकल्प इंडिया की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने लोगों से गरीब परिवारों के बच्चों की शिक्षा के लिए आगे आने की अपील की। इस मौके पर फोनरवा अध्यक्ष एनपी सिंह भी मौजूद थे। मॉडर्न स्कूल की प्रधानाचार्या सावित्री देवी, राजकीय इंटर कॉलेज की शिक्षिका कुमुद रानी और शिप्रा मित्रा, उत्तराखंड पब्लिक स्कूल से अमृता सिंह, चिल्ड्रन फाउंडेशन से नीलिम बिष्ट, प्राथमिक विद्यालय से वीना, भाऊदेवरस सरस्वती विद्या मंदिर से राजेश सिंह, प्राथमिक विद्यालय होशियारपुर से पुष्पा पंत, एसडी बाल विद्या मंदिर से आईएस गुप्ता और आशा गुप्ता व राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक छोटे लाल चौहान को सम्मानित किया गया।

### दो प्रधानाचार्य को मिला राष्ट्रपति अवार्ड

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ठ योगदान करने पर दिल्ली पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या कामनी भसीन और सेक्टर-24 स्थित केंद्रीय विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य एसपी अरोड़ा को दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### बच्चों को दिया अनुशासन का संदेश

नोएडा। बच्चों को अनुशासन का संदेश देकर उन्हें हमेशा सदमार्गों पर चलने और बुरे कार्यों से दूर रहने की बात बताई गई। लॉयनस सुरभि की ओर से सोमवार को सेक्टर-62 स्थित ममूरा गांव में आरके पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस और हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। स्कूली बच्चों ने फिल्म परदेश का 'देश मेरा रंगीला' गाने पर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर दस शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिनेश मिश्र और देवेंद्र मित्तल से स्कूली बच्चों ने जानकारी प्राप्त की। लायनेस क्लब की ओर से राज घिल्डियाल, शैल रॉय, डॉली रस्तोगी, कल्पना मिश्रा, राजेंद्र कुमार और कुसुम जोशी उपस्थित रही।

5 Sept 2011

जागरण सिटी
नोएडा/ग्रेटर नोएडा

# संसार में शिक्षकों का स्थान सबसे

## सामाजिक संगठनों और आरडब्ल्यूए ने किया शिक्षकों को सम्मानित

- रंगारंग कार्यक्रमों में गुरु की महिमा का गुणगान
- स्कूलों में छात्रों ने दिया शिक्षकों को सम्मान

नोएडा,संवाददाता: शिक्षक दुनिया में आने के बाद अक्षरों से ही नहीं बल्कि जीवन जीने की कला में भी बच्चे को पारंगत करता है। उसके दिए ज्ञान से जीवन पथ आलोकित होता है। सोमवार को ऐसे ही शिक्षकों को सम्मान देने के लिए जिले में स्कूलों, कॉलेजों और सामाजिक संस्थाओं ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। रंगारंग कार्यक्रमों में शिक्षक की महिमा का गुणगान किया गया।

सेक्टर-66 आर के पब्लिक स्कूल में लायनेस क्लब सुरभि ने शिक्षकों का सम्मान किया। इस अवसर पर भी हिंदी दिवस भी मनाया गया। क्लब की अध्यक्षा लायनेस क्लब ने स्कूल की प्रधानाचार्य कमलेश चौहान सहित 10 शिक्षकों को सम्मानित किया। वहीं सूर्या संस्थान की शिक्षिकाओं परवेज, संगीता, कुसुम जोशी को भी पुरस्कृत किया। छात्रों ने देश मेरा रंगीला पर शानदार नृत्य किया। इस मौके पर क्लब की संस्थापिका लायनेस राज पिडियाल, शैल राय, डॉली रस्तोगी, राजेन्द्र कुक्कल मौजूद रही। शिक्षकों को सम्मानित करने का सिलसिला शनिवार रात से ही शुरू हो गया था। इस कड़ी में ईशान पब्लिक स्कूल में लायंस क्लब नोएडा ने सात शिक्षकों सम्मानित किया। क्लब के संयुक्त सचिव लायन उमेश कुमार ने बताया कि यह सभी शिक्षक शिक्षकों के लिए प्रेरणा स्रोत है।

शिक्षक दिवस के मौके पर सेक्टर-50 कोठारी इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षकों के लिए गीत संगीत, नृत्य और खेल प्रतियोगिताओं के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया। रॉयन इंटरनेशनल स्कूल में प्रेजिडेंट डॉ ए फ्रांसिस पिंटो और वाइस प्रेजिडेंट शिवम बहुगुणा के आने से बच्चे उत्साह से खिल उठे। उन्होंने शिक्षकों के सम्मान में संगीत का कार्यक्रम पेश किया। स्कूल की प्रधानाचार्य अनुराधा शर्मा ने छात्रों को उनकी भावपूर्ण प्रस्तुतियों के लिए सराहा। सरला चोपड़ा डीएवी पब्लिक स्कूल में कक्षा सातवीं के छात्रों ने विशेष प्रार्थना सभा की। लघु नाटिका के माध्यम से शिक्षक के योगदान को दिखाया। इस अवसर पर छात्र -शिक्षक संबंधों के परिवर्तन पर परिचर्चा हुई। स्कूल की प्रिंसिपल आईपी भाटिया ने सभी अध्यापकों को बधाई दी। धर्म पब्लिक स्कूल में छात्रों ने गुरु महिमा पर दोहे गाकर शिक्षकों को सम्मान दिया। कक्षा 12 वीं के छात्रों ने शिक्षकों को टाइटल और फूल भेंट किए। स्कूल के प्रबंधक धर्मवीर चौधरी, प्रधानाचार्या बीना राणा ने छात्रों को उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया। सेक्टर-62 आइएमएस में मुख्य अतिथि मोजरबेयर के वीपी राजीव सहदेव, फ्रंटी इन के वीपी विशिष्ट अतिथि आशीष अरोड़ा के आगमन के साथ शिक्षक दिवस का जश्न शुरू हुआ। इस अवसर पर शिक्षकों के लिए तंबोला, म्यूजिकल चेयर जैसे खेल आयोजित किए गए। वर्ष 2010-11 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ एके श्रीवास्तव, मीडिया सलाहकार पंकज सिंह शिक्षकों निस्वार्थ भाव से शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने के लिए बधाई दी। सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट में

छात्रों ने जोरदार तालियों से शिक्षकों का स्वागत किया। सरस्वती वंदना के साथ छात्रों ने गुरु की वंदना भी की। संस्थान के निदेशक डॉ एसके जेम्स ने छात्रों को उनकी बेहतरीन प्रस्तुतियों के लिए धन्यवाद दिया। सेक्टर-12 आरडब्ल्यूए ने संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में सेक्टर-12 बारात घर में शिक्षकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्राधिकरण के उपमुख्य कार्यपालक अधिकारी सीवी सिंह ने 12 शिक्षकों सम्मान दिया। आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा और संकल्प की अध्यक्षा रेखा शर्मा ने शिक्षकों के समाज में योगदान को सराहा। वहीं सेक्टर 12 सूर्या के संस्थान ने भी पांच शिक्षकों को सम्मानित किया गया।



सेक्टर-2 स्थित खजानी वीमेन पॉलिटेक्निक में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।



सेक्टर-62 स्थित आइएमएस कॉलेज में मनाया गया शिक्षक दिवस। जागरण

05. September. 2011

# टीचर्स डे पर 27 शिक्षक किए गए सम्मानित

नोएडा | हमारे संवाददाता

शिक्षक दिवस के अवसर पर सेक्टर-12 आरडब्ल्यूए द्वारा बेहतर काम करने वाले सरकारी व प्राइवेट स्कूलों के 12 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अथॉरिटी डीसीओ सीबी सिंह उपस्थित थे।

सेक्टर-12 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा ने बताया कि जो शिक्षक सम्मानित हुए उनके नाम हैं- मॉडर्न स्कूल की प्रिंसिपल सावित्री देवी, पूर्व माध्यमिक स्कूल के पूर्व प्रधानाचार्य छोटे लाल चौहान, सेक्टर-12 जीआईसी की शिक्षक कुमुद रानी व शिल्पा मिश्रा, उत्तराखंड स्कूल की अमृता सिंह, चिल्ड्रन फाउंडेशन से नीलम बिष्ट, गेझा प्राथमिक से बीना ममगई, धर्म पब्लिक से अंजु नेगी, भावराउ देवरस सरस्वती शिशु मंदिर से राजेश सिंह, होशियार पुर प्राथमिक स्कूल से पुष्पा पंत, एसडी बाल विद्या मंदिर से आईएस गुप्ता और आशा गुप्ता को सम्मानित किया गया। इस मौके पर संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष रेखा शर्मा, फोनरवा के निवर्तमान अध्यक्ष एनपी सिंह, संजीव सोनी, इंद्रजीत, बाल कृष्ण गुप्ता आदि मौजूद थे।

**दस शिक्षक सम्मानित :** सोमवार को लॉयनेस क्लब (सुरभि) द्वारा सेक्टर-66 स्थित आरके पब्लिक स्कूल में दस शिक्षकों को सम्मानित किया गया। क्लब की अध्यक्ष कल्पना मिश्रा ने बताया कि ज्ञानपीठ के पूर्व अध्यक्ष दिनेश मिश्र और देवेंद्र मित्तल को भी सम्मानित किया गया। जिन शिक्षकों को सम्मानित किया गया हैं उनके नाम हैं- कमलेश चौहान, प्रीति शारदा, पाल, बीना शर्मा, गीता राना, रश्मि, जुली, प्रवेश, कुसुम जोशी और सिलाई शिक्षिका संगीता।

**पांच को सम्मानित किया :** सूर्या संस्थांन द्वारा सेक्टर-12 स्थित सूर्याशा पॉलेटेक्निक संस्थान की शिक्षकों को सम्मानित किया गया। न्यास मंत्री देवेंद्र मित्तल ने बताया कि नईम प्रवेज, कुसुम जोशी, कांता घिल्डियाल, संगीता नेगी व ललिता डोगरा को सम्मानित किया गया।

15 AUG-2011



# कुछ यूं हुआ टीएचए में इंडिपेंडेंस-डे सेलिब्रेशन

## बच्चों के साथ बीता 15 अगस्त



एक संवाददाता ॥ इंदिरापुरम : इंदिरापुरम स्थित नीति खंड-1 के शिव मंदिर में संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें इंदिरापुरम की निगम पार्षद अनीता त्यागी मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुई और यहां आए गरीब बच्चों की हौसला हफजाई की। इस मौके पर संस्था की प्रेसिडेंट रेखा शर्मा ने बताया कि इन बच्चों को भी पूरा हक है कि वह भी समाज में पढ़े लिखें और देश के लिए कुछ कर दिखाएं। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में आई निगम पार्षद अनीता त्यागी ने बताया कि ये छोटे बच्चे इतने मासूम होते हैं कि इन्हें जिस माहौल में ढालो वह वैसे ही बन जाते हैं। इस मौके पर भावना शर्मा यादवेंद्र शर्मा विपिन आदित्य आदि लोग उपस्थित थे।

5 Sept 2011

जागरण सिटी
नोएडा/ग्रेटर नोएडा

# संसार में शिक्षकों का स्थान सब

## सामाजिक संगठनों और आरडब्ल्यूए ने किया शिक्षकों को सम्मानित

- रंगारंग कार्यक्रमों में गुरु की महिमा का गुणगान
- स्कूलों में छात्रों ने दिया शिक्षकों को सम्मान

नोएडा,संवाददाताः शिक्षक दुनिया में आने के बाद अक्षरों से ही नहीं बल्कि जीवन जीने की कला में भी बच्चे को पारंगत करता है। उसके दिए ज्ञान से जीवन पथ आलोकित होता है। सोमवार को ऐसे ही शिक्षकों को सम्मान देने के लिए जिले में स्कूलों, कॉलेजों और सामाजिक संस्थाओं ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। रंगारंग कार्यक्रमों में शिक्षक की महिमा का गुणगान किया गया।


सेक्टर-66 आर के पब्लिक स्कूल में लायनेस क्लब सुरभि ने शिक्षकों का सम्मान किया। इस अवसर पर भी हिंदी दिवस भी मनाया गया। क्लब की अध्यक्षा लायनेस क्लब ने स्कूल की प्रधानाचार्य कमलेश चौहान सहित 10 शिक्षकों को सम्मानित किया। वहीं सूर्या संस्थान की शिक्षिकाओं परवेज, संगीता, कुसुम जोशी को भी पुरस्कृत किया। छात्रों ने देश मेरा रंगीला पर शानदार नृत्य किया। इस मौके पर क्लब की संस्थापिका लायनेस राज घिडियाल, शैल राय, डॉली रस्तोगी, राजेन्द्र कुक्कल मौजूद रही। शिक्षकों को सम्मानित करने का सिलसिला शनिवार रात से ही शुरू हो गया था। इस कड़ी में ईशान पब्लिक स्कूल में लायंस क्लब नोएडा ने सात शिक्षकों सम्मानित किया। क्लब के संयुक्त सचिव लायन उमेश कुमार ने बताया कि यह सभी शिक्षक शिक्षकों के लिए प्रेरणा स्रोत है।

शिक्षक दिवस के मौके पर सेक्टर-50 कोठारी इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षकों के लिए गीत संगीत, नृत्य और खेल तियोगिताओं के साथ शिक्षक दिवस नाया गया। रॉयन इंटरनेशनल स्कूल में जिडेंट डॉ ए फ्रांसिस पिंटो और वाइस जिडेंट शिवम बहुगुणा के आने से बच्चे त्साह से खिल उठे। उन्होंने शिक्षको के म्मान में संगीत का कार्यक्रम पेश किया। कूल की प्रधानाचार्य अनुराधा शर्मा ने त्रों को उनकी भावपूर्ण प्रस्तुतियों के लिए राहा। सरला चोपड़ा डीएवी पब्लिक स्कूल में कक्षा सातवीं के छात्रों ने विशेष प्रार्थना सभा की। लघु नाटिका के माध्यम से शिक्षक के योगदान को दिखाया। इस अवसर पर छात्र -शिक्षक संबंधों के परिवर्तन पर परिचर्चा हुई। स्कूल की प्रिंसिपल आईपी भाटिया ने सभी अध्यापकों को बधाई दी। धर्म पब्लिक स्कूल में छात्रों ने गुरु महिमा पर दोहे गाकर शिक्षकों को सम्मान दिया। कक्षा 12 वीं के छात्रों ने शिक्षकों को टाइटल और फूल भेंट किए। स्कूल के प्रबंधक धर्मवीर चौधरी, प्रधानाचार्या बीना राणा ने छात्रों को उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया। सेक्टर-62 आइएमएस में मुख्य अतिथि मोजरबेयर के वीपी राजीव सहदेव, कंट्री इन के वीपी विशिष्ट अतिथि आशीष अरोड़ा के आगमन के साथ शिक्षक दिवस का जश्न शुरू हुआ। इस अवसर पर शिक्षकों के लिए तंबोला, म्यूजिकल चेयर जैसे खेल आयोजित किए गए। वर्ष 2010-11 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ एके श्रीवास्तव, मीडिया सलाहकार पंकज सिंह शिक्षकों निस्वार्थ भाव से शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने के लिए बधाई दी। सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट में

छात्रों ने जोरदार तालियों से शिक्षकों का स्वागत किया। सरस्वती वंदना के साथ छात्रों ने गुरु की वंदना भी की। संस्थान के निदेशक डॉ एसके जेम्स ने छात्रों को उनकी बेहतरीन प्रस्तुतियों के लिए धन्यवाद दिया। सेक्टर-12 आरडब्ल्यूए ने संकल्प इंडिया चैरीटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में सेक्टर-12 बारात घर में शिक्षकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्राधिकरण के उपमुख्य कार्यपालक अधिकारी सीवी सिंह ने 12 शिक्षकों सम्मान दिया। आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा और संकल्प की अध्यक्षा रेखा शर्मा ने शिक्षकों के समाज में योगदान को सराहा। वहीं सेक्टर 12 सूर्या के संस्थान ने भी पांच शिक्षकों को सम्मानित किया गया।



सेक्टर-2 स्थित खजानी वोमेन पॉलिटेक्निक में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।



सेक्टर-62 स्थित आइएमएस कॉलेज में मनाया गया शिक्षक दिवस। जागरण

# शुभ दीपावली

# इनसे है उजाला

**02** **रेखा शर्मा, समाजसेविका : 50 गरीब बच्चों को सिखा रहीं जीने की राह**



गरीब बच्चों के जीवन में शिक्षा का उजियारा फैलाने में भागीदार बन रहीं रेखा घर-घर जाकर लोगों को इनकी पहल से जुड़ने के लिए जागरूक करती हैं। रेखा एक मध्यमवर्गीय परिवार की महिला हैं। रेखा ने अपने जीवन में शिक्षा पाने के लिए कड़ा संघर्ष किया। उसी समय से उन्होंने संकल्प कर लिया था कि गरीब बच्चों की पढ़ाई में हमेशा मदद करेंगी। रेखा मंदबुद्धि बच्चों की [illegible] करती हैं। इसके साथ ही वे बच्चे जो [illegible] के बावजूद पढ़ाई नहीं कर पाते उनकी पढ़ाई में मदद करती हैं। इसके साथ ही वे करीब 50 बच्चों को अपनी [illegible] के सहारे पढ़ाने का काम कर रहीं

दैनिक जागरण
देव्यै, महा देव्यै
www.jagran.com
नारी सशक्तीकरण
14 अप्रैल 2016

**1989** तक वारंगल (अब तेलंगाना में) के खेतों में पांच रुपये दिहाड़ी की मजदूरी करने वाली डी अनीला ज्योति रेड्डी आज अमेरिका में दो सॉफ्टवेयर साल्युशन की सीईओ हैं।

# रेखा बना रहीं जरूरतमंदों की जिंदगी का रास्ता

अर्पित त्रिपाठी, नोएडा

- विशेष बच्चों और आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को बना रहीं आत्मनिर्भर
- पॉलीथिन के इस्तेमाल पर रोक के लिए भी कर रहीं कार्य, महिलाओं को सिखाती हैं कपड़ों से बैग बनाने का हुनर



हर महिला के अंदर एक शक्ति होती है। उस शक्ति से वह समाज और परिवार को एक समृद्ध रूप दे सकती है वहीं उसे बिगाड़ भी सकती है। यह कहना है रेखा शर्मा का। सेक्टर 55 निवासी रेखा काफी वर्षों से कई कार्यों से सेवाभाव में लगी हुई हैं। इनमें कमजोर तबके की महिलाओं व विशेष बच्चों को इस्तेमाल हुए कपड़ों से बैग बनाने की विधि हो या प्रशासन की शिकायत समिति से जुड़कर जरूरतमंदों की आवाज को बल देना हो। वह हर तरह से समाज के कमजोर और जरूरतमंद लोगों के उत्थान में हर पल सजग हैं। रेखा की मां और पिता भी हरसंभव तरीके से लोगों की मदद करते रहते थे। पिता के ऑफिस के साथियों से इस बारे में आए दिन सूचना मिलती रहती थी। यही वे दो सबसे बड़ी वजह थी जिससे उनके जहन में सेवाभाव का बीज अंकुरित हुआ। शादी के बाद पति से भी पूरा साथ मिला।

हालांकि साल 2002 के करीब उनके पति के व्यवसाय में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी। इस दौरान कुछ परेशानी भी हुई, लेकिन पति को दिए मोरल सपोर्ट और अपने कार्यों से इन कठिनाइयों के दौर को पार किया। 2011 से वह पूरी तरह से समाज कार्य में सक्रिय हो चुकी हैं। उनके मुताबिक उनका मकसद गरीब बच्चों, परिवारों को आत्मनिर्भर बनाना है। इसके लिए वह उन्हें हाथ का हुनर सिखाती हैं। वह पुराने कपड़ों को बैग का रूप देने का प्रशिक्षण देती हैं। उनका कहना है कि इससे एक तो लोगों को रोजगार मिलता है वहीं दूसरा प्लास्टिक व पॉलीथिन के इस्तेमाल में रोक लगाने में यह काम कारगर साबित होता है। पुराने कपड़ों को [illegible] या स्कूलों के बच्चों में करती हैं। रेखा एक ट्रस्ट भी चलाती हैं जो इन सब कार्यों की देखरेख और रखरखाव तय करता है। उन्होंने बताया कि वह जिलाधिकारी द्वारा गठित एक शिकायत समिति की सदस्य भी हैं जो सरकारी अस्पतालों के मरीजों की शिकायतों का निस्तारण करते हैं।

उनके मुताबिक आज के दौर में लोग एक दूसरे के कामों और योगदान व कमियां निकालते। यदि हम व समाज यह लोगों की मदद करने में लगाएं तो इससे सकारात्मक भाव जागृत होगा, साथ ही समाज को एक बेहतर रूप मिल सकेगा।

जागरण सिटी
नोएडा




# पर्यावरण संरक्षण के लिए पॉलीथिन से जंग

जागरण संवाददाता, नोएडा: प्रदेश में पॉलीथिन पर भले ही हाल में बैन लगा हो और इसे रोकने के लिए तमाम कवायद की जा रही हो। पर शहर की रेखा शर्मा पिछले दस सालों से लोगों को पॉलीथिन इस्तेमाल नहीं करने के लिए जागरूक कर रही हैं। उनकी टीम शहर के दुकानदारों को पॉलीथिन के नकारात्मक प्रभावों से रूबरू करवा रही है और उन्हें कपड़े का थैला इस्तेमाल करने के लिए राजी कर रही है।

सेक्टर- 55 की रहने वाली रेखा शर्मा कहती हैं कि करीब दस साल पहले मैंने एक खबर पढ़ी जिसमें पॉलीथिन के प्रयोग से पर्यावरण को होने वाले नुकसान और उससे होने वाली बीमारियों का जिक्र था। उसके बाद मैंने लोगों को पॉलीथिन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का निर्णय लिया। इसकी शुरुआत अपने पड़ोस से की। धीरे-धीरे अन्य लोग भी इस मुहिम में जुड़ते गए। वर्ष 2011 में संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट के नाम से बाकायदा एक संस्था बनाई। उसके बाद एक-एक करके शहर के बाजारों में दुकानदारों को पॉलीथिन के प्रति जागरूक करने की शुरुआत हुई। दुकानदारों को पॉलीथिन की जगह



कपड़े या जूट का थैला इस्तेमाल करने के लिए राजी किया। बाजारों के अलावा शहर के आरडब्ल्यूए और स्कूलों में भी अभियान चलाकर पॉलीथिन के प्रति जागरूकता फैलाई गई। यह मुहिम जारी है। रेखा शर्मा कहती है कि हमने जितना हो सकता था पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया। कभी भी आने वाली पीढ़ियों के बारे में नहीं सोचा। अगर-अगर छोटी गलतियों को दुरुस्त कर लिया जाए तो अभी भी देर नहीं हुई है।

## जागरूकता से निकला रोजगार का रास्ता

रेखा शर्मा बताती है कि जब हमने पॉलीथिन के प्रति मुहिम शुरू की तो यह सवाल खड़ा हुआ कि इसकी जगह क्या इस्तेमाल किया जाए। काफी दुकानदारों ने कहा कि कपड़े या जूट का थैला आसानी से उपलब्ध नहीं है। ऐसे में पॉलीथिन का इस्तेमाल मजबूरी है। फिर हमने निर्णय लिया कि खुद कपड़े का थैला तैयार करवाएंगे। इसके लिए आर्थिक रूप से कमजोर कुछ महिलाओं को चुना। जिन्होंने पुराने कपड़े का थैला तैयार करना शुरू किया। संस्था ऐसी महिलाओं को प्रति थैला दस रुपये देती है। काफी दुकानदार महिलाओं से खुद ही थैला खरीदने लगे हैं।

पॉलीथिन के तमाम दुष्प्रभाव हैं। इससे



पर्यावरण बुरी तरह प्रदूषित होता है। हम सभी को स्वेच्छा से यह फैसला लेना चाहिए कि पॉलीथिन का प्रयोग नहीं करेंगे। अभी से यह कदम उठाना जरूरी है। - रवि गुप्ता, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष, सेक्टर-52

## बाल सुधार गृह में फैलाया शिक्षा का उजियारा

पर्यावरण के प्रति जागरूकता के अलावा संकल्प इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट ने फेस -2 स्थित बाल संरक्षण गृह में बच्चों के लिए एक लाइब्रेरी की स्थापना भी की है। इस लाइब्रेरी में तकरीबन छह सौ किताबें हैं। रेखा शर्मा कहती है कि शिक्षा की मदद से ही भविष्य उज्ज्वल हो सकता है। अगर हमारी छोटी सी पहल से संरक्षण गृह में रहने वाले बच्चों के जीवन में सुधार आ जाए तो इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता है।